4 रायपुर संभाग
आर.ई.एस. विभाग में अधिकारी ही बन गये अघोषित ठेकेदार

6 अभिमत
केजरीवाल के समक्ष कठोर चुनौती

09 विविध
छत्तीसगढ़ी लोक कला उन्नयन मंच भाटापारा द्वारा आयोजित...

10 संस्कारधानी
ट्रांसपोर्ट परमिट की आड़ में अवैध उत्खननः बघेरा में...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 24 मई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-271 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### सलमान ने सीबीआई जांच की मांग संबंधित याचिका से नाम हटाने का किया आग्रह



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने मुंबई में अपने आवास पर हुई फायरिंग मामले से जुड़े घटनाक्रम में एक आरोपी की हिरासत में मौत की सीबीआई से जांच कराये जाने की मांग से संबंधित याचिका में अपना नाम हटाने का आग्रह किया है। न्यायमूर्ति एनआर बोरकर और न्यायमूर्ति सोमशेखर सुंदरेसन की अवकाशकालीन पीठ के समक्ष याचिका की सुनवाई के दौरान अभिनेता के वकील आबाद पोंडा ने आरोपी अनुज थापन की मां रीता देवी की ओर से सीबीआई जांच की मांग को लेकर दायर याचिका में प्रतिवादी के रूप में अभिनेता का नाम हटाने की मांग की। थापन का शव मुंबई क्राइम ब्रांच लॉकअप में लटका हुआ पाया गया था जहां उसे रखा गया था।

### मृत महिलाकर्मी के दोनों पुत्रों को प्रदान किया कुल 15 लाख रूपए की अनुग्रह राशि



**रायपुर।** मतगणना की तैयारियों का जायजा लेने दुर्ग पहुंची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने निर्वाचन कर्तव्य के दौरान मृत महिलाकर्मी मधु बंजारे के दोनों पुत्रों को अनुग्रह प्रतिकर राशि के कुल 15 लाख रूपए की राशि का चेक प्रदान किया। उन्होंने दुर्ग के सर्किट हाउस में स्व. मधु बंजारे के पुत्रों नितिन कुमार बंजारे को साढ़े सात लाख रुपए और विपिन कुमार बंजारे को साढ़े सात लाख रुपए का चेक प्रदान किया।

### अखिलेश के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले पर मुकदमा

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच ज़िले के खैरीघाट क्षेत्र में समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले शख्स के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम चौकसाहार के मजरा महंतपुरवा गांव निवासी बलदेव गुप्ता ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से दो दिन पूर्व पोस्ट डाला था जिसमें उसने सपा मुखिया के निधन की अफवाह उड़ा दी थी। इसकी जानकारी सपा के लोगों को हुई तो नाराजगी फैल गई। सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने थाने में तहरीर देकर केस दर्ज कराया है।

# 7 नक्सलियों का शव एवं हथियार बरामद

## मुठभेड़ में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

पायनियर संवाददाता ‹ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

नारायणपुर और बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में प्लाटून नंबर 16, और इंद्रावती एरिया कमिटी के नक्सलियों की सूचना पर नारायणपुर, दंतेवाड़ा और बस्तर जिले के डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के साथ एसटीएफ की टीमें सर्च अभियान पर निकली थी। गुरूवार को दोपहर 11 बजे नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू की। जिस पर दोनों तरफ से फायरिंग की गई। घटना स्थल से अब तक सात नक्सलियों के शव और हथियार बरामद हुए हैं। वहीं 10-12 नक्सलियों के घायल होने की संभावना जताई जा रही है। साथ ही कई नक्सलियों की गिरफ्तारी भी की गई है। रेकावाया के जंगल में आठ सौ जवानों के द्वारा ऑपरेशन सूर्य शक्ति पॉइंट फाइव चलाया जा रहा रहा था। इससे पहले टेकामेटा में दस नक्सली मारे गए थे। तीनों जिलों के सुरक्षाकर्मियों ने मोर्चा संभालते हुए जवाबी फायरिंग की। इस दौरान लगभग 7 वर्दीधारी नक्सली मारे गए। मौके से जवानों ने 7 नक्सली हथियार सहित अन्य सामान बरामद किया है। वहीं कई नक्सलियों के घायल होने की जानकारी भी मिल रही है। वहीं मुख्यमंत्री साय ने घटना को लेकर कहा नक्सलवाद के खिलाफ हमारी सरकार मजबूती से लड़ाई लड़ रही है। नक्सलवाद का खात्मा ही हमारा लक्ष्य है। सीएम साय ने सुरक्षा बलों को मिली कामयाबी पर बधाई दी है।



फाइल फोटो

# महाराष्ट्र में डोंबिवली इलाके में फैक्टरी में आग लगने से 7 लोगों की मौत, 40 जख्मी

वार्ता ‹ मुंबई
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र में डोंबिवली के एमआईडीसी इलाके में एक फैक्टरी में बॉयलर फटने से आग लग गयी, जिसकी चपेट में आकर सात लोगों की मौत गयी तथा 40 लोग जख्मी हुए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक अपराह्न 1.40 बजे अमुदान केमिकल फैक्टरी में बॉयलर फटने से यह दुर्घटना हुई। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज दो से तीन किलोमीटर तक सुनी गयी और आसपास की इमारतों के शीशे टूट गए। महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने बताया है कि अब तक घटनास्थल से चार शव बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल हुए लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बीच, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने घोषणा की है कि घायलों के इलाज का खर्च राज्य सरकार उठायेगी। महाराष्ट्र उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घटना पर दुख जताते हुए कहा, दुर्भाग्य से डोंबिवली की घटना में छह लोगों की जान चली गई और 48 घायल हो गए। उन परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। घायलों का इलाज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नेप्च्यून और ग्लोबल अस्पतालों में किया जा रहा है और हर तरह की सहायता प्रदान की जा रही है।



# चुनाव बाद राहुल और अखिलेश चले जाएंगे विदेश : शाह

वार्ता ‹ संतकबीरनगर
www.dailypioneer.com

केंद्रीय गृहमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष अमित शाह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव थकान मिटाने के लिये विदेश चले जाएंगे। भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद के पक्ष में जूनियर हाई स्कूल खलीलाबाद के परिसर में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा पांच चरणों के चुनाव में ही मोदी जी 300 के पार हो चुके हैं जबकि अगले दो चरण में यह आंकड़ा आसानी से 400 के पार चला जायेगा। उन्होंने अपने चिरपरिचित अंदाज में इण्डिया समूह पर हमला बोलते हुए कहा कि यह चुनाव राम भक्तों पर गोली चलाने वालों और राम को स्थापित करने वालों के बीच है। चुनाव में विपक्ष का सूपड़ा साफ हो जाएगा। सूफी संत कबीर को नमन करते हुए शाह ने अपने भाषण की शुरूआत पांच चरणों के सम्पन्न हुए चुनाव से की। उन्होंने कहा पांच चरणों के आंकड़े में मोदी जी 300 सौ पार जा रहे हैं जबकि कांग्रेस 40 और सपा चार का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी।



# सोनिया की दिल्ली की सभी सीटों पर गठबंधन को जिताने की अपील

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने इस चुनाव को लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव बताते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के मतदाताओं से दिल्ली की सभी सातों सीटों पर गठबंधन के उम्मीदवारों को जिताने की अपील की है। गांधी ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं पर आक्रमण हो रहा है और संविधान तथा लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा है इसलिए इंडिया गठबंधन को वोट देकर जिताना है और लोकतांत्रिक संस्थाओं को बचाना है। उन्होंने कहा मेरे प्यारे दिल्ली वासियों, यह एक बहुत महत्वपूर्ण चुनाव है। यह चुनाव देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। यह चुनाव बेरोज़गारी, महंगाई, संवैधानिक संस्थाओं पर आक्रमण जैसे मुद्दों पर लड़ा जा रहा है। आपको इस लड़ाई में अपनी भूमिका निभानी है। कांग्रेस नेता ने कहा आपका हर एक वोट रोज़गार बनाएगा, महंगाई कम करेगा, महिलाओं को सशक्त करेगा और एक सुनहरे भविष्य में समता और बराबरी का भारत बनाएगा। मैं आपसे अपील करती हूं कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को दिल्ली की सातों सीटों पर भारी मतों से विजयी बनाइए।



# कलकत्ता हाईकोर्ट का निर्णय धर्म आधारित तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों के मुंह पर तमाचा : विष्णु देव साय

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

धर्म आधारित आरक्षण पर कलकत्ता उच्च न्यायालय का निर्णय स्वागत योग्य है। यह धर्म आधारित वोटबैंक की राजनीति करने वालों, तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों के मुंह पर तमाचा है। यह कहना है छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन लगातार संविधान की हत्या की साज़िश कर रही है। हम सभी जानते हैं कि धर्म आधारित आरक्षण का भारतीय संविधान में कोई स्थान नहीं है। कल माननीय कलकत्ता उच्च न्यायालय का इससे संबंधित एक फैसला आया है जिसमें कोर्ट ने 2010 के बाद पश्चिम बंगाल में जारी किए गए सभी धर्म आधारित ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद्द कर दिया है। यह देश के ओबीसी, आदिवासी और तमाम पिछड़े समाजों के लिए बड़ा फैसला है। साय ने कहा कि ये फैसले बताते हैं कि ममता बनर्जी की सरकार गैर-संवैधानिक तरीके से, तुष्टिकरण की नीति को आगे बढ़ा रही थी। इंडी गठबंधन केवल वोट बैंक की राजनीति के कारण लगातार आदिवासियों, पिछड़ों के हक़ पर डाका डाल रही है, उनका अधिकार छीन कर मुसलमानों को देना चाहती है, इसकी जितनी निंदा की जाय वह कम है। उन्होंने कहा कि इससे भी अधिक गंभीर बात यह है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि वे इस निर्णय को नहीं मानेंगी, और नहीं लागू करेंगी। यह बहुत ही दुर्भाग्यजनक है। हमारे प्रधानमंत्री मोदी भी लगातार यह स्पष्ट कर रहे हैं कि धर्म आधारित किसी आरक्षण का भारत के संविधान में कोई स्थान नहीं है। लगातार संविधान के बारे में दुष्प्रचार करने वाली कांग्रेस को बताना चाहिए कि इस तरह इंडी गठबंधन द्वारा किए जा रहे इस कृत्य पर उसका क्या कहना है? भाजपा जहां परिश्रम की पराकाष्ठा कर रही है, वहीं कांग्रेस और उसका गठबंधन तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पार कर हर हद पार कर रही है। न तो भाजपा इसे सहन करेगी और न ही देश का पिछड़ा, दलित और आदिवासी वर्ग इसे बर्दाश्त करेगा। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस को इसका जवाब देना होगा।



# रानू और सौम्या 27 मई तक ईओडब्ल्यू की रिमांड पर



**रायपुर।** जेल में बंद निलंबित आईएएस रानू साहू और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपसचिव रहीं राज्य प्रशासन सेवा की अफसर सौम्या चौरसिया को ईओडब्ल्यू ने रिमांड पर लिया है। 27 मई तक दोनों ईओडब्ल्यू की रिमांड पर रहेंगी। दोनों से कोल लेवी घोटाले के संबंध में पूछताछ की जाएगी। सौम्या और रानू को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया। दोनों को अतुल कुमार श्रीवास्तव के विशेष कोर्ट लाया गया। ईओडब्ल्यू दोनों की 15 दिन की रिमांड मांगी। जिस पर कोर्ट ने इन्हें 27 मई तक के लिए रिमांड पर सौंपा है। ईओडब्ल्यू ने प्रोडक्शन वारंट के लिए कोर्ट में आवेदन लगाया था। बुधवार को कोर्ट ने आवेदन का स्वीकार कर लिया, जिसके बाद दोनों को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया। जानकारी के अनुसार ईडी की रिपोर्ट के आधार पर ईओडब्ल्यू ने जनवरी में कोल लेवी घोटाले में करीब 35 लोगों पर एफआईआर की थी। इनमें रानू साहू और सौम्या चौरसिया का भी नाम था। ब्यूरो की टीम एक बार जेल में जाकर पूछताछ कर चुकी है, लेकिन अभी काफी पूछताछ बाकी है, जिसके आधार पर ब्यूरो ने दोनों का प्रोडक्शन वारंट मांगा था।

# लोकसभा की 58, ओडिशा विस की 42 सीटों के लिये चुनाव प्रचार थमा

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

लोक सभा चुनाव के छठे चरण में राष्ट्रीय राजधानी की सात सीटों सहित आठ राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 58 लोक सभा सीटों के साथ-साथ ओडिशा विधानसभा के तीसरे चरण के चुनाव में 42 सीटों पर चुनाव-प्रचार का शोर गुरुवार शाम छह बजे थम गया। इन सीटों पर शनिवार 25 मई को मतदान होगा। छठे चरण में 58 लोकसभा सीटों के 11.13 करोड़ से अधिक मतदाता 889 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। इस चरण में जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में भी मतदान कराया जाएगा जहां तीसरे चरण में मतदान होना था। ओडिशा विधानसभा की कुल 147 सीटों के चुनाव के तीसरे चरण में 42 सीटों पर मुकाबला सत्तारूढ बीजू जनता दल (बीजद), भाजपा और कांग्रेस के बीच है। राज्य विधानसभा के चुनाव के पहले और दूसरे चरण में 13 मई को 28 और 20 मई को 35 सीटों पर वोट डाले गए थे। छठे चरण के संसदीय चुनाव में बिहार में गोपालगंज (सुरक्षित), महाराजगंज, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सिवान, वैशाली और वाल्मिकीनगर सीट पर मतदान कराया जा रहा है। हरियाणा की सभी दस सीटों अंबाला, भिवानी-महेंद्रगढ़, फरीदाबाद, गुडगाँव, हिसार, करनाल, कुरूक्षेत्र, रोहतक, सिरसा और सोनीपत सीट पर भी शनिवार को वोट डाले जाएंगे। केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी सीट, झारखंड की धनबाद, गिरिडीह, जमशेदपुर और रांची सीट, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सभी पांच सात सीटों चांदनी चौक, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली, उत्तर पूर्वी दिल्ली,उत्तर पश्चिम दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली और पश्चिमी दिल्ली सीट, ओडिशा की भुवनेश्वर, कटक, ढेंकनाल, क्योंझर, पुरी और संबलपुर संसदीय सीट, उत्तर प्रदेश की इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, बस्ती, भदोही, डुमरियागंज, जौनपुर, लालगंज, मछलीशहर, फूलपुर, प्रतापगढ़, संतकबीरनगर, श्रावस्ती, और सुल्तानपुर सीट तथा पश्चिम बंगाल की बांकुड़ा, बिश्नुपुर, घाटल, झारग्राम, कांथी, मेदिनीपुर, पुरुलिया और तामलुक सीटों पर मतदान कराए जाएंगे।

## मोदी जी को 400 से अधिक सीटें सरकार बनाने के लिए मिलेंगी

# राजग तीसरी बार सरकार बनाने को तैयार : राजनाथ

पायनियर संवाददाता ‹ आजमगढ़
www.dailypioneer.com

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अब तक के रुझान से यह साफ हो चुका है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। छठे चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन यहां एक जनसभा में श्री सिंह ने कहा अभी तक जो जानकारी मिली है कि आने वाले परिणाम चौंकाने वाले होंगे। इस चुनाव में मोदी जी को 400 से अधिक सीटें सरकार बनाने के लिए मिलेंगी। उन्होने कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार के कार्यों के चलते उत्तर प्रदेश अब उत्सव प्रदेश बन गया है । यहां पर गुंडे बदमाशों के हौसले पूरी तरह से पस्त हो चुके हैं । बदमाश की हिम्मत नहीं है कि अपने सीने की बटन खोल कर आज उत्तर प्रदेश की सड़कों पर चल सके। देश की अर्थव्यवस्था के बारे में उन्होंने दावे के साथ कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में उत्तर प्रदेश अपनी औद्योगिक नीतियों के चलते बड़ी भागीदारी कर रहा है श्री सिंह आज आजमगढ़ जिले की लालगंज लोकसभा के अतरौलिया विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बीच-बीच में भोजपुरिया अंदाज में अपने भाषणों के जरिए जनता को उत्साहित किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों में कांग्रेस का हाथ सबका साथ छोड़ चुका है । साइकिल का चैन उतर चुका है और हाथी पस्त हो चुकी है। भाजपा उत्तर प्रदेश में 80 की 80 सीटों पर अपनी विजय पताका फहराएगी । उन्होने कहा कि 2014 2017, 2019 और 2022 अब 2024 में 10 सालों के अंदर 5 चुनाव हो गए ।भाजपा की सरकार ने फैसला किया है कि अब देश में वन नेशन वन इलेक्शन की परंपरा लागू होगी । बार-बार चुनाव का वित्तीय भार जनता पर नहीं डाला जाएगा । एक ही साथ लोकसभा और विधानसभा के चुनाव होंगे । उन्होंने अपने देश की तरक्की की चर्चा करते हुए कहा कि देश हमारा तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है । इससे कोई इनकार नहीं कर सकता सारी दुनिया में विभिन्न देशों में अब लोगों का भारत के प्रति सोच बदल गया है । पहले दुनिया के लोग भारत की बातों को गंभीरता से नहीं लेते थे । इसे कमजोर समझते थे। अब भारत की बातों को पूरी दुनिया गौर करती है । पहले अमेरिका, चीन, जर्मनी ,जापान की बातों को लोग सुनते थे। आज दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढी है। 2004 में दुनिया में अर्थव्यवस्था के मामले में भारत 11वें नंबर पर था। 2014 से लेकर अब तक मोदी जी की नीतियों के चलते आज भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। 2027 तक भारत दुनिया के तीसरे नंबर पर होगा सिंह ने कहा राजनीति में कभी मैं जनता की आंखों में धूल नहीं झोंका है । यदि मैं कभी झूठ बोलूं तो मेरी बातों की आलोचना होनी चाहिए । उन्होंने 25 करोड लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का दावा किया । उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में भारत का कोई व्यक्ति गरीब नहीं रह जाएगा । उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के हालात ऐसे हो गए हैं कि आने वाले दिनों में सपा का मतलब लोग समाप्त पार्टी समझेंगे । भारत विश्व की तीसरी महाशक्ति की तरफ बढ़ रहा है । हमारा पड़ोसी पाकिस्तान दुनिया के सामने हाथ फैला कर भीख मांग रहा है । भारत विश्व के कल्याण के लिए विश्व की महाशक्ति बनना चाहता है । अब तो अमेरिका के राजदूत भी बोलने लगे हैं कि अगर भविष्य देखना है, महसूस करना है और समझना है तो भारत आ जाइए । भारत किसी को आंख दिखाता नहीं है लेकिन भारत को अगर कोई आंख दिखाएगा तो उसकी मजबूती से जवाब दिया जाएगा । जनसभा में मंच पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री दारा चौहान के अलावा प्रत्याशी नीलम सोनकर सहित तमाम भाजपा की वरिष्ठ नेता मौजूद थे ।



### कांग्रेस एवं तृणमूल कांग्रेस ओबीसी के आरक्षण को छीनने की कर रहे हैं कोशिश : शिवराज



**नई दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस एवं तृणमूल कांग्रेस को पिछड़ा वर्ग विरोधी करार देते हुए कहा कि आजादी के बाद से पिछड़े वर्ग विरोधी व्यवस्था चलाने वाले ओबीसी को मिले आरक्षण को भी छीनने की कोशिश कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के नेता शिवराज सिंह चौहान ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्रों के रद्द करने संबंधी निर्णय की अवमानना करने के लिए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर प्रहार किया। साथ ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान का उल्लेख करते हुए कांग्रेस के दलित एवं पिछड़ा विरोधी चरित्र को उजागर किया। चौहान ने कहा कि तुष्टीकरण ही कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस जैसी पार्टियों की खुराक और खाद पानी है एवं तुष्टीकरण के बिना ये पार्टियां एक दिन भी नहीं चल सकती हैं। सिर्फ अपने वोटबैंक के लिए ओबीसी का आरक्षण छीन कर एक वर्ग विशेष को देना बिल्कुल भी न्यायसंगत नहीं है।

# देश को महंगाई कम करने और रोजगार देने वाला पीएम चाहिए : केजरीवाल

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि महंगाई कम करने और रोजगार देने वाला प्रधानमंत्री चाहिए जो हमारी समस्याओं का समाधान करे, देश को तरक्की के रास्ते पर लेकर जाए। केजरीवाल ने नई दिल्ली लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सोमनाथ भारती के समर्थन में पांच नुक्कड़ सभाएं की। इस दौरान कहा कि देश को महंगाई कम करने और रोजगार देने वाला प्रधानमंत्री चाहिए। हमें ऐसा प्रधानमंत्री चाहिए जो हमारी समस्याओं का समाधान करे, हमारे देश को तरक्की के रास्ते पर लेकर जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोजगार और महंगाई पर कभी बात ही नहीं करते हैं इसलिए पूरे देश के लोगों में भारी गुस्सा है। चार जून को अच्छे दिन आने वाले हैं और मोदी जाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता इस समय महंगाई से त्रस्त है। हमें ऐसा प्रधानमंत्री चाहिए जो पेट्रोल, डीजल के दाम कम करने के बारे में सोचे, लोगों के गैस के दाम कम करने के बार में सोचे। दूध, सब्जियां, दाल सस्ता करे। लोगों को रोजगार देने के बार में सोचे। मोदी रोजगार और महंगाई की बात ही नहीं करते हैं। केवल जेल में डालने के बारे में सोचते हैं। क्या ऐसे देश चलाएंगे? पिछले एक हफ्ते में पंजाब, हरियाणा, कुरुक्षेत्र, लखनऊ, महाराष्ट्र भिवंडी, मुंबई और जमशेदपुर गया। हर जगह लोग महंगाई से त्रस्त हैं। लोगों की नौकरियां चली गई, लोगों के पास रोजगार नहीं है। लोग बहुत ज्यादा नाराज हैं। आप नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री जानते हैं कि वह हार रहे हैं इसलिए ये बुरी तरह से बौखलाए हुए हैं और अजीब-अजीब से भाषण दे रहे हैं।

# नड्डा ने ओडिशा के लोगों से नवीन पटनायक को आराम देने और राज्य में भाजपा को सरकार बनाने की अनुमति देने की अपील की

वार्ता < करंजिया/धामनगर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने ओडिशा के लोगों से मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को आराम देने और राज्य में भाजपा को सरकार बनाने की अनुमति देने की अपील की। नड्डा ने करंजिया और धामनगर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पटनायक को आराम की जरूरत है और ऐसा लगता है कि प्रदेश के लोगों ने पहले ही पटनायक को आराम देने और भाजपा को सत्ता में लाने का फैसला कर लिया है। उन्होंने कहा कि पटनायक पहले ही प्रदेश में लंबे समय तक शासन कर चुके हैं और उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भाजपा को शासन करने का मौका दें। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अपने 24 साल के शासन के दौरान बीजू जनता दल ने गरीब आदिवासियों और ग्रामीणों को अपने वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है और उनके विकास और सशक्तीकरण के लिए कुछ नहीं किया है। उन्होंने कहा कि बीजद शासन के तहत आदिवासियों, गरीबों और ग्रामीणों को बहुत नुकसान हुआ है, जिससे वे आजीविका की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर हो गए हैं। भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि एक बाहरी व्यक्ति अब ओडिशा पर शासन कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में निर्वाचित प्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री से मिलने से रोका जाता है और नौकरी के प्रमुख पद राज्य के बाहर के लोगों को दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में लक्ष्मी बस योजना के तहत बसें चलाने, छात्रों को पोशाक और साइकिल की आपूर्ति करने और छात्रों को भोजन की आपूर्ति करने का ठेका भी एक बाहरी व्यक्ति को दिया गया। नड्डा ने लोगों से पूछा, क्या ऐसी सरकार को राज्य पर शासन करने की अनुमति दी जानी चाहिए? भाजपा अध्यक्ष ने लोगों से अपील की कि वे राज्य को विकास के पथ पर ले जाने और बाहरी लोगों को वापस भेजने के लिए एक मजबूत डबल इंजन सरकार बनाने के लिए लोकसभा और राज्य विधानसभा दोनों के लिए भाजपा उम्मीदवारों को वोट दें। उन्होंने विपक्षी इंडिया समूह पर निशाना साधते हुए कहा कि वे तुष्टिकरण की राजनीति में लिप्त हैं और अपने परिवारों और भ्रष्टाचार को बचाने में व्यस्त हैं। उन्होंने 2010 के बाद पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा जारी किए गए सभी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) प्रमाणपत्रों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर कहा सोनिया, खड़गे, ममता सहित इंडिया गठबंधन के नेता आदिवासियों, ओबीसी से आरक्षण छीनकर अल्पसंख्यकों को देना चाहते है लेकिन भाजपा ऐसा नहीं होने देगी। नड्डा ने कहा कि पिछले दस वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय राजनीति की भाषा, संस्कृति और शैली को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि पहले जाति, क्षेत्र, धर्म के आधार पर राजनीति होती थी और आदिवासियों को वोट बैंक की राजनीति के तौर पर देखा जाता था। उनके विकास के बारे में कोई नहीं सोच रहा था लेकिन मोदी की ''सबका साथ, सबका विकास'' और सबका प्रयास'' की नीति ने देश की राजनीति को बदल दिया है। नड्डा ने कहा, मोदी सरकार ने आदिवासियों को एक पहचान दी है, उन्हें सशक्त बनाने के लिए कदम उठाए हैं और 15 नवंबर को जन जाति दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है। मोदी की दूरदर्शिता के कारण ओडिशा की आदिवासी बेटी द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन हुईं। उन्होंने कहा कि मोदी ने आदिवासी छात्रों की शिक्षा के लिए एकलव्य मॉडल स्कूलों की स्थापना के लिए बजटीय प्रावधान को 21 गुना बढ़ा दिया है, आदिवासियों की मदद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के तहत वन उपज की संख्या 10 से बढ़ाकर 90 कर दी है और आदिवासियों के लिए 1.5 करोड़ इज्जत घर (शौचालय) का निर्माण किया है। नड्डा ने पिछले 10 वर्षों के दौरान मोदी सरकार की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मोदी ने अगले कुछ सालों में देश को तेल और दाल के मामले में आत्मनिर्भर बनाने का फैसला किया है।

# संविधान की रक्षा के लिए भाजपा का सफाया जरूरी : अखिलेश

एजेंसी < जौनपुर
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जान और संविधान की रक्षा के लिये मतदाताओं को खुलेतौर पर भारतीय जनता पार्टी का सफाया देश से करना होगा। मल्हनी विधानसभा के बेलापार में पार्टी प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा यह चुनाव संविधान और देश बचाने को लेकर हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा प्रहार करते हुए उन्होने कहा कि मोदी ने अपने मित्र उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया मगर खाद और बीज की कीमतों में इजाफा किया। किसानो का कर्ज माफ नहीं किया जिससे किसान बर्बादी की कगार पर है। पूरे देश में भाजपा के शासनकाल में एक लाख किसानों ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने भाजपा पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक चुनाव है, यदि आपने बच्चों की जान और और संविधान बचाना है तो भाजपा का सफाया करना होगा। उन्होंने चुनाव को समुद्र मंथन की तरह संविधान मंथन बताया और कहा कि आपको और हमको अपना और आने वाली पीढ़ी का भविष्य बचाना है तो हर हाल में भाजपा को उखाड़ फेंकना होगा। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के डबल इंजन की होर्डिंग देखी होगी।

एक इंजन तो उसमें पहले से ही गायब है। उन्होंने कहा कि देश का युवा बड़ी मेहनत से कोचिंग करके दूर-दूर परीक्षा देने जाता है और जब परीक्षा देकर वह घर लौटता है तो पता चलता है पेपर लीक हो गया। उन्होंने इसकी गणित समझते हुए कहा कि करीब एक करोड़ 80 लाख लोग इसी वजह से भाजपा के खिलाफ है, हर परिवार से तीन लोग भाजपा से खफा हैं, यदि इनको 80 सीटों में बांट दे तो हर सीट पर भाजपा का दो लाख से अधिक वोटो का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहां कि भाजपा सरकार से 17 साल का हिसाब लेना है। 10 साल का केंद्र सरकार के और 7 साल प्रदेश सरकार के। सपा अध्यक्ष ने कहा कि गठबंधन सरकार बनने पर किसानों को आटा और मोबाइल के लिए डाटा फ्री होगा। चार साल की अग्निवीर वाली नौकरी की व्यवस्था खत्म कर पक्की नौकरी देंगे। किसानों का कर्ज माफ करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के नाम पर किसानों को धोखा दिया है, बोरी से खाद चोरी करने का काम भी हुआ है और उसे बनाने वाली कंपनी से पैसा वसूला गया। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में जनता रिकॉर्ड बनाने जा रही है जो लोग ऊंचाई पर पहुंचे थे उनका काउंट डाउन शुरू हो गया है यह चुनाव हमारी नहीं बल्कि आने वाली आने वाले भविष्य का चुनाव है। यादव ने कहा कि छठे चरण का चुनाव पूर्वांचल की धरती पर आ गया है पूर्वांचल से भाजपा का एक भी सांसद संसद में चुनकर नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधान सांसद भी अपने यूट्यूब से भी चुनाव हारने वाले हैं। जो लोग 400 पार का नारा दे रहे हैं वह चार सौ हारने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने महंगाई बेरोजगारी को साथ में आसमान पर पहुंचा दिया है। बड़े उद्योगपतियों का 10 साल में 25 लाख करोड़ का कर्ज माफ किया है।

# प्रियंका गांधी ने सिरसा में सैलजा के पक्ष में किया रोड शो

एजेंसी < सिरसा
www.dailypioneer.com



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सिरसा में इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा के लिए रोड शो किया। वाड्रा करीब एक घंटा 10 मिनट तक चिलचिलाती धूप में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुये कांग्रेस उम्मीदवार कुमारी सैलजा के पक्ष में मतदान करने के लिये लोगों को प्रेरित किया। रोड शो के दौरान विशेष रूप से तैयार किये गये वाहन पर सबसे आगे वाड्रा खड़ी थीं, जबकि उनके बाईं ओर कुमारी सैलजा और दाईं ओर पूर्व मंत्री किरण चौधरी खड़ी थी। लोकसभा चुनाव के दौरान यह पहला मौका रहा, जब वाड्रा चुनाव प्रचार के लिये हरियाणा में आईं थीं। वह सबसे पहले सिरसा आईं और बतौर स्टार प्रचारक पार्टी की ओर से एकमात्र रोड शो में शिरकत की। वाड्रा की मौजूदगी में रोड शो के दौरान राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की यादें भी ताजा हो गयी।

# मुफ्त राशन का लालच देकर गुमराह कर रही है भाजपा : मायावती

एजेंसी < मिर्जापुर
www.dailypioneer.com



बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मुफ्त राशन और अच्छे दिन का प्रलोभन देकर लोगों को गुमराह कर रही हैं जबकि पूंजीपतियों को मालामाल करने के लिए हर स्तर पर छूट दे रही है। मिर्जापुर जिले के मड़िहान में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा माहौल देख कर लगता है कि केंद्र में भाजपा सरकार आसानी से वापस नही लौट पायेगी। देश की जनता समझ चुकी है। मुफ्त राशन भाजपा और आरएसएस के लोग अपने घर से नही देते हैं। यह जनता के टैक्स से दिया जाता है। इलेक्टोरल बांड पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का जिक्र करते हुए उन्होने कहा कि बसपा ही एक मात्र पार्टी है जिसने चुनावी चंदे के नाम पर एक भी पैसा नही लिया है वहीं भाजपा और कांग्रेस पूंजीपतियों धन्नासेठों से अरबों खरबों रुपए लेकर संगठन और चुनावों मे खर्च कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियों का राजनीतिकरण हो गया है। तथा इनका राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। असल में भाजपा जाति, सम्प्रदाय का सहारा ले रही है। कांग्रेस एवं उसके सहयोगी दल हवा हवाई चुनावी घोषणा कर रहे हैं। इस समय गरीबी महंगाई बेरोजगारी बढ़ी है। जाति को देख कर उत्पीड़न किया जा रहा है। सबसे ज्यादा ब्राह्मणों का उत्पीडन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रही मायावती ने अपने मतदाताओं से कहा कि मीडिया में दिखाये जा रहे सर्वे पोल पर विश्वास न करें और बसपा को वोट दे।

# नंदीग्राम में महिला भाजपा कार्यकर्ता की हत्या के बाद विरोध-प्रदर्शन

एजेंसी < कोलकाता
www.dailypioneer.com

पश्चिम बंगाल में शनिवार को लोकसभा चुनाव के छठे चरण के मतदान से पहले पूर्व मेदिनीपुर के नंदीग्राम में बुधवार रात भारतीय जनता पार्टी की महिला शाखा की कार्यकर्ता रतिबाला अरही की कथित हत्या के बाद विरोध प्रदर्शन किए गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया, जिसके बाद केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनात करना पड़ा। उन्होंने बताया कि उपद्रवियों ने गांव पर धावा बोला और कुछ घरों में आग लगा दी। सूत्रों ने बताया कि सोनाचुरा गांव में अज्ञात बदमाशों ने कुछ भाजपा समर्थकों के घरों पर धावा बोला और उन पर धारदार हथियारों से हमला किया, जिसमें पार्टी कार्यकर्ता रतिबाला अरही की मौत हो गई और उनके बेटे संजय अरही समेत सात अन्य घायल हो गए। हालत बिगड़ने के बाद संजय को कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बदमाशों ने हमला करने के बाद इलाके के कुछ घरों और दुकानों में आग लगा दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नंदीग्राम के विधायक शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि हमले के पीछे 'जंगी जिहादी' थे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने आरोप लगाया कि अपराध के पीछे तृणमल कांग्रेस (टीएमसी) का हाथ है। उन्होंने कहा कि टीएमसी क्षेत्र में आतंक पैदा करने के लिए सभी प्रयास कर रही है और तमलुक लोकसभा सीट पर शनिवार के मतदान में भाजपा उम्मीदवार न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अभिजीत गंगोपाध्याय को वोट नही देने के लिए मतदाताओं को धमकी दे रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी महिला शाखा की कार्यकर्ता की हत्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया, सड़क पर टायर जलाए और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की।

# नाव हादसे में अब तक पांच शव बरामद



एजेंसी < मुंबई
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र में उजानी बांध में करीब 36 घंटे पहले आए अचानक तूफान में नाव के पलट जाने के बाद राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम ने अब तक पांच लोगों का शव बरामद किया है, जिनमें एक ही परिवार के चार सदस्य और एक नाविक शामिल है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार बचाव दल ने जाधव परिवार के सदस्यों और नाविक के शवों को पानी से बाहर निकाला। बचावदल के एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार को दिनभर चले बड़े तलाशी अभियान के बाद पांच पीड़ितों के शवों को बरामद कर लिया गया है लेकिन गौरव डोंगरे नामक एक किशोर अभी भी लापता है और उसे ढूंढने के लिए अभियान शुरू किया गया है।

## भीषण गर्मी में सरकार को विपरीत परिस्थिति का सामना करने के लिए रखनी चाहिए पूरी तैयारी : गहलोत



**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि प्रदेश में जारी प्रचंड गर्मी एवं लू के मद्देनजर राज्य सरकार को किसी विपरीत परिस्थिति का सामना करने के लिए पूरी तैयारी रखनी चाहिए। गहलोत ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि प्रदेश के कई जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया हैं। मौसम विभाग ने 25 और 26 मई का रेड अलर्ट जारी किया है। जिसमें कुछ जगह तापमान 50 डिग्री तक जा सकता है। ऐसे में लू और अधिक तापमान के कारण स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती है। उन्होंने लोगों से निवेदन किया हैं कि गर्मी से बचने की पूरी सावधानी अपनाएं। जरुरी काम होने पर ही घर से बाहर निकलें एवं शरीर में हाइड्रेशन रखने के लिए पानी पीते रहे।

# आरएसएस प्रमुख भागवत त्रिपुरा के पांच दिवसीय दौरे पर अगरतला पहुंचे

एजेंसी < अगरतला
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत त्रिपुरा के आरएसएस मुख्यालय सेवा धाम में क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए पांच दिवसीय दौरे पर पहुंचे। गौरतलब है कि 18 मई से शुरू हुए 20 दिवसीय शिविर में सात पूर्वोत्तर राज्यों के 152 स्वयंसेवक शामिल हुए हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से आरएसएस के 40 वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ कम से कम 30 प्रशिक्षक शिविर में भाग ले रहे हैं। डॉ. भागवत अपने प्रवास के दौरान प्रशिक्षण शिविर के विभिन्न सत्रों को संबोधित करेंगे। इसके अलावा उनका कोई अन्य कार्यक्रम नहीं है। वह 27 मई को त्रिपुरा से रवाना होंगे। उल्लेखनीय है कि आरएसएस युवाओं और पेशेवरों के बीच राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने और प्रचारित करने के लिए विभिन्न स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाता है, जो तीन दिनों के परिचय वर्ग (परिचय प्रशिक्षण), 15 दिनों के संघ शिखा वर्ग (संघ सीखने के सत्र), 20 दिनों के कार्यकर्ता विकास वर्ग (स्वयंसेवक विकास सत्र), 25 दिनों का कार्यकर्ता विकास वर्ग -2 (वरिष्ठ स्तर के स्वयंसेवक प्रशिक्षण) जैसे कार्यक्रम है और यह प्रशिक्षण शिविर का तीसरा स्तर है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सूत्रों ने दावा किया कि आरएसएस प्रमुख की यात्रा का पार्टी गतिविधियों से कोई संबंध नहीं है और उनकी यहां पार्टी के किसी भी पदाधिकारी के साथ कोई बैठक निर्धारित नहीं है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव भट्टाचार्य, मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा, अन्य कुछ मंत्री और भाजपा नेता त्रिपुरा की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा करने के लिए हालाँकि उनसे मुलाकात करेंगे। चार जून को लोकसभा वोटों की गिनती से पहले डॉ. भागवत की पूर्वोत्तर राज्य की यह यात्रा महत्वपूर्ण है, क्योंकि आरएसएस पूर्वोत्तर राज्यों में अपना आधार बढ़ा रहा है। उनके दौरे के मद्देनजर खयेरपुर सेवाधाम इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है।

## भाजपा को चार जून को मिलेगा करारा जवाब : उमर

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी को देश के मतदाताओं से चार जून को करारा जवाब मिलेगा, जब नरेंद्र मोदी की जगह नया प्रधानमंत्री चुना जायेगा। अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री के इस दावे पर प्रतिक्रिया दे रहे थे कि उन्होंने चुनाव अभियान के दौरान हिंदू-मुस्लिम कार्ड नहीं खेला। उन्होंने दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में चुनाव प्रचार के आखिरी दिन संवाददाताओं से कहा, अब ईश्वर चाहेंगे तो भाजपा को चार जून को देश के मतदाताओं से जवाब मिलेगा, जब एक नया प्रधानमंत्री चुना जायेगा। अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट के लिए प्रचार समाप्त हो रहा है और यहां 25 मई को मतदान होगा। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा हताश हो गयी है। प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि उन्होंने हिंदू-मुस्लिम कार्ड नहीं खेला है लेकिन जब हम देखते हैं तो पता चलता है कि जहां भी भाजपा अभियान के दौरान बोलती है तो वह केवल मुसलमानों को निशाना बनाती है।

## सड़क हादसे में एक व्यक्ति और दो बच्चों की मौत, तीन लोग घायल

**राजगढ़।** राजगढ़ जिले के सारंगपुर में एक कार के अनियंत्रित होकर पलटने से दो बच्चों सहित तीन लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ब्यावरा के निवासी एवं ग्रामीण बैंक में पदस्थ बैंक मैनेजर दिनेश शर्मा (65) अपनी दो बेटियों और नाती-नातिन को लेकर कार से इंदौर जा रहे थे। इसी दौरान सारंगपुर से लगभग 10 किलोमीटर पहले बालाजी पेट्रोल पंप के पास कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में दिनेश, उनके नाती इधांत(4) और नातिन निशिका (2) की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल दीपका शर्मा और इदिका शर्मा का उपचार सारंगपुर के अस्पताल में इलाज किया जा रहा है, जबकि पल्लवी शर्मा को उपचार के लिए इंदौर रेफर किया गया है।

## सेना ने अरुणाचल के तकत्सांग में स्थानीय लोगों के साथ मनायी बुद्ध पूर्णिमा

**ईटानगर।** भारतीय सेना ने अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती जिले तवांग में स्थानीय लोगों के साथ मिलकर संगेस्टार झील के पास सुदूरवर्ती तकत्सांग गांव गोम्पा में गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा का जश्न मनाया। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा के उत्सव को धार्मिक और उत्सवपूर्ण उत्साह, बुजुर्गों की देखभाल और उनके प्रति करुणा, भारतीय बौद्ध धर्म के लोकाचार के अनुरूप पर्यावरण के प्रति सम्मान के रूप में चिह्नित किया गया, जो क्षेत्र में नागरिक-सैन्य सौहार्द की पुष्टि करता है। गौरतलब है कि तक्तसांग गोम्पा उन तीन स्थानों में से एक है, जहां गुरु पद्मसंभव ने अपनी आध्यात्मिक सहयोगी मोनमो ताशी खेवडे के साथ ध्यान किया था। यह बाघ के आकार की गुफा है, इसलिए इसका नाम तक-त्सांग या 'टाइगर्स नेस्ट' रखा गया है। बाहर हजार 500 फुट की ऊंचाई पर पहाड़ों के बीच जंगल में स्थित खूबसूरत गोम्पा की स्थानीय लोग पूजा करते हैं और हर साल तवांग आने वाले हजारों पर्यटक इसे देखने आते हैं। ऐसा माना जाता है कि कमल के फूल से जन्मे गुरु, गुरु पद्मसंभव या लोपोन पेमा जुंगने (जो प्रसिद्ध प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के शिक्षक थे) ने बौद्ध धर्म के प्रसार के लिए तिब्बत जाने से पहले यहां ध्यान किया था।

# लोकसभा चुनावों में भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिलेगा : भदौरिया

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारतीय सम्पूर्ण क्रांतिकारी पार्टी के अध्यक्ष ठाकुर जोगिन्दर सिंह भदौरिया ने दावा किया है कि लोक सभा के इस बार के चुनाव में बेरोजगारी और चुनावी चंदे के बांड में 'कथित भ्रष्टाचार' का मुद्दा भारतीय जनता पार्टी की सत्ता बनाये रखने की राह में बड़ी चुनौती बनने जा रहा है। दिल्ली में पार्टी के प्रत्याशियों के प्रचार के लिये आये भदौरिया ने एक बयान में कहा पांचवें चरण के चुनाव हो चुके हैं, पर भाजपा बहुमत से दूर होती जा रही है। भारतीय सम्पूर्ण क्रांतिकारी पार्टी के अध्यक्ष ने बताया कि उनकी पार्टी ने नयी दिल्ली और दक्षिण दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में 60 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किये हैं। उन्होंने कहा कि इस समय मतदाताओं के सामने बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और चुनावी बॉंड के जरिये कथित रूप से धन वसूलने में सत्ता पक्ष की मनमानी बड़ा मुद्दा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों में मतदाताओं से संपर्क के आधार पर कहा जा सकता है कि लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'अहंकार' से भी नाराज हैं। उन्होंने कहा कि 'अबकी बार-चार सौ पार' का नारा हकीकत नहीं होने जा रहा है। महंगाई और बेरोजगारी से सामान्य और मध्य वर्ग की कमर टूट रही है, जिससे इन वर्गों में भाजपा के प्रति नाराजगी काफी बढ़ गयी है। चुनाव आयोग में पंजीकृत भारतीय सम्पूर्ण क्रांतिकारी पार्टी के अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा हालांकि आम जन के मुद्दों से मतदाताओं का ध्यान भटकाने के लिये धर्म की राजनीति जोर-शोर से कर रही है, लेकिन लोग अब भाजपा के भुलावे में नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपनी पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करते हुये उन्होंने पाया कि मोदी के पक्ष में जो माहौल पांच वर्ष पहले था, अब वह नहीं नजर आता है। भदौरिया ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपियों को भाजपा में शामिल करने और ऐसे कई नेताओं को पार्टी उम्मीदवार बनाने से भाजपा की साख प्रभावित हुई है।

# केन्द्रीय गृह मंत्रालय को रोजाना दी जाय चारधाम यात्रा की रिपोर्ट : भल्ला

एजेंसी < देहरादून
www.dailypioneer.com

केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने वर्चुअल माध्यम से उत्तराखंड में प्रचलित चारधाम यात्रा की अद्यतन जानकारी ली। भल्ला ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को धामों, यात्रा मार्गों एवं ठहराव स्थलों में यात्रियों की रिपोर्ट प्रतिदिन गृह मंत्रालय को भेजने के निर्देश दिए हैं। गृह सचिव ने जरूरत पड़ने पर यात्रा मार्ग पर क्राउड मेनेजमेंट के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की मदद लेने के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही, उन्होंने भविष्य में चारधाम यात्रा प्रबन्धन की रणनीति हेतु एक कमेटी गठन के निर्देश दिए। उन्होंने धरातल स्तर पर यात्रा प्रबन्धन पर कड़ी निगरानी पर विशेष बल दिया है। राज्य की मुख्य सचिव ने केन्द्रीय गृह सचिव को जानकारी दी कि राज्य में चारधाम यात्रा में सभी राज्यों विशेषकर, पांच प्रमुख राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र से सबसे अधिक यात्री चारधाम पर आते हैं। उनके मुख्य सचिवों को पत्र के माध्यम से तथा व्यक्तिगत तौर पर बातचीत कर अनुरोध किया गया है कि तीर्थयात्री रजिस्ट्रेशन के बाद ही चारधाम पर आए तथा जिस तिथि का रजिस्ट्रेशन हुआ है, उस तिथि को ही आए। उन्होंने बताया कि व्यवस्था बनाए रखने के लिए 31 मई तक चारधाम यात्रा के ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन पर रोक लगाई गई है।

# 'ब्रांड-एंबेसडर' बने डॉ. राजाराम त्रिपाठी

## डॉ. राजाराम त्रिपाठी अपने आप में देश के कृषिक्षेत्र के सबसे बड़े ब्रांड : एमसी डोमिनिक अध्यक्ष कृषि जागरण व एग्रीकल्चर वर्ल्ड

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद भारत सरकार, भारतीय कृषि विज्ञान केन्द्र के सहयोग से तथा महिंद्रा ट्रैक्टर मुख्य प्रायोजक एवं 'स्टेट बैंक ऑफ इंडिया' सहित देश के कृषि जगत की अग्रणी प्रतिष्ठित संस्थाओं के सहयोग से 'कृषि जागरण समूह' तथा 'एग्रीकल्चर वर्ल्ड' द्वारा आयोजित 'मिलेनियर फार्मर्स ऑफ इंडिया अवार्ड -24' अर्थात देश के 'कृषि-महाकुंभ' के आधिकारिक ब्रांड एंबेसडर के रूप में देश के सर्वोच्च शिक्षित माने जाने वाले तथा रिचेस्ट फार्मर ऑफ इंडिया अवार्ड-2023 के विजेता बस्तर के किसान डॉ राजाराम त्रिपाठी का चयन किया गया है। दिल्ली से आयोजकों का इस आशय का पत्र डॉक्टर त्रिपाठी को प्राप्त हुआ है। इस संदर्भ में डॉक्टर त्रिपाठी ने कहा कि देश के सर्वोच्च प्रतिष्ठित सम्मान का हकदार बनने के साथ ही साथ, इस वर्ष उक्त प्रतिष्ठापूर्ण अवार्ड तथा कृषि महाकुंभ 'मिलेनियम फार्मर ऑफ इंडिया अवार्ड-2024' आयोजन का 'ब्रांड-एंबेसडर' बनना मेरे लिए गर्व का विषय है। अगर मैं देश की खेती तथा किसानों के स्तर को ऊपर उठने के लिए कुछ ठोस कार्यकर्ताओं तथा देश के युवाओं को कृषि क्षेत्र में अपने हुनर दिखाने के लिए प्रेरित कर पाऊं तभी मैं सही मायने में अपने आप को सम्मान की योग्य पाऊंगा। इस मेगा इवेंट की परिकल्पना को सफलतापूर्वक साकार करने वाले तथा इस आयोजन की प्रमुख धुरी एमसी डोमिनिक का मानना है कि ऐसे आयोजनों से देश के करोड़ों किसानों को यह प्रेरणा मिलती है कि देश की खेती के स्तर को तथा लाभदायकता को और बेहतर बनाया जा सकता है। साथ ही इससे किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ खेती से विमुख हो रहे देश के युवाओं को वापस खेती की ओर उन्मुख करने हेतु प्रेरित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि राजाराम त्रिपाठी अपने आप में कृषि क्षेत्र के देश के सबसे बड़े ब्रांड हैं तथा देश के उन लाखों युवाओं के



लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं, जो कृषि में अपना भविष्य तलाश रहे हैं या तलाशने की इच्छा रखते हैं। राजाराम त्रिपाठी ' ने कृषि क्षेत्र की 30 सालों की तपस्या और नवाचारों की बदौलत 'किसान' के एक विराट स्वरूप को प्रदर्शित किया है और दुनिया को ये बताया है की भारत का एक किसान अपनी मेहनत, नवाचार तथा सहकारिता की बदौलत सब कुछ हासिल कर सकता है। हम सब ने इसीलिए उन्हें देश की खेती के आगामी कृषि-महाकुंभ तथा 'मिलेनियम फार्मर्स अवार्ड्स - 2024' का ब्रांड-एंबेसडर बनाया है। आयोजन के ब्रांड-एंबेसडर के रूप में डॉक्टर त्रिपाठी देश के हर प्रांत का दौरा करेंगे तथा देश के किसानों, विशेष रूप से युवा किसानों को लाभदायक खेती का गुरु-मंत्र देंगे तथा ऐसे सकारात्मक अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में अपनी सक्रिय भागीदारी करने हेतु प्रेरित करेंगे। इसी बीच डॉ त्रिपाठी 'ब्रांड-एंबेसडर' के रूप में ब्राजील के विशेष आमंत्रण पर राजकीय अतिथि के रूप में ब्राज़ील के कृषि-भ्रमण पर भी जाएंगे वहां अपने कृषि क्षेत्र के अनुभव साझा करेंगे तथा वहां से लौटकर अपने ब्राजील की खेती के महत्वपूर्ण अनुभव इस आयोजन में देश के किसानों में बांटेंगे। उन्होंने बताया कि 1-3 दिसंबर तक देश की राजधानी दिल्ली में कृषि-महाकुंभ 'मिलेनियम फार्मर्स ऑफ इंडिया अवार्ड-2024' समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा इसमें देश के प्रधानमंत्री कृषि मंत्री समेत कृषि क्षेत्र की प्रमुख निर्माण हस्तियों को आमंत्रित किया जा रहा है।इन तीन दिनों में कई राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय आयोजन संपन्न होंगे। महत्वपूर्ण बात यह है कि कृषि के अलग-अलग उद्यम क्षेत्रों के देश भर के 100 चयनित किसानों को 'मिलेनियम फार्मर आफ इंडिया 'अवार्ड दिया जाएगा तथा एक सर्वोच्च अवार्ड 'रिचेस्ट फार्मर ऑफ इंडिया अवार्ड' देश के सर्वोच्च सफल किसान को दिया जाएगा। देश के सर्वोच्च न्यायालय के से.नि. जस्टिस की अध्यक्षता में एक सर्वोच्च अधिकार प्राप्त चयन समिति का गठन होगा। इस चयन प्रक्रिया में आईसीएआर तथा कृषि विज्ञान केन्द्रो की प्रमुख भूमिका रहेगी। मिलेनियम फार्मर्स अवार्ड देश के सफल किसानों को उनके खेतों पर ही प्रदान करने हेतु देश के हर प्रांत हर जिले में मिलेनियम फार्मर्स यात्रा भी शुरू की गई है जिए तथा कई राज्यों में यह यात्रा इस समय जारी है।

# निगम ने 4 विभिन्न स्थानों में सड़क पर रखी भवन निर्माण सामग्रियों को जप्त कर सड़क बाधा शुल्क वसूला





■ सिद्धार्थ चौक से संतोषी नगर चौक के किनारे ठेले, गुमटी, विज्ञापन बोर्ड हटाए

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार विभिन्न सड़क मार्गो में भवन सामग्रियां रखकर सड़क यातायात को बाधित करने वालों पर कार्यवाही की है। इसके तहत नगर निगम जोन 6 नगर निवेश विभाग की टीम ने संतोषी नगर चौक से लेकर सिद्धार्थ चौक टिकरापारा तक अभियानपूर्वक सड़क पर रखी भवन निर्माण सामग्रियों को जप्त किया। अभियान में सम्बंधित भवन स्वामी से टिकरापारा सिद्धार्थ चौक के पास रखी रेत को जप्त कर 2000 रूपये सड़क बाधा शुल्क वसूला गया। अभियान में सड़क किनारे रखे ठेलों, गुमटियों, दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के सामने सड़क मार्ग पर कब्जा कर रखे गए। विज्ञापन प्रचार बोर्ड को बड़ी संख्या में जप्त कर सड़क यातायात को जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से सुगम बनाया गया। नगर निगम जोन 2 नगर निवेश विभाग द्वारा इंदिरा गाँधी वार्ड में तात्यापारा चौक के पास सड़क पर भवन निर्माण सामग्री जप्त कर सम्बंधित भवन स्वामी से 1000 रूपये सड़क बाधा शुल्क वसूला। जोन 10 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा राजेन्द्र नगर ब्रिज एवं लालपुर ब्रिज के पास दो भिन्न स्थानों पर दो भवन स्वामियों से सड़क पर रेत, गिट्टी एवं अन्य भवन निर्माण सामग्रियां जप्त कर कुल 2000 रूपये सड़क बाधा शुल्क वसूला गया। इस तरह 4 विभिन्न स्थानों पर सड़क पर रखी भवन निर्माण सामग्रियां जप्त कर सम्बंधित भवन स्वामियों को भविष्य के लिए कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देते हुए कुल 5000 रूपये सड़क बाधा शुल्क वसूला गया।

# अटकी सांस, मसाला वालों की

■ आएगी लैब रिपोर्ट, 80 सैंपल की अगले सप्ताह

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

अटकी हुई है सांस, 116 इकाइयों की क्योंकि इनके द्वारा उत्पादित मसाले के सैंपल, जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजे गए हैं। अंतिम रिपोर्ट अगले सप्ताह के अंत तक आने की संभावना है। इस रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के तेवर इस बार बदले हुए हैं क्योंकि गुणवत्ता खराब होने की शिकायत, अब निर्यातक देश भी कर रहे हैं। निर्यातक देशों ने जो फैसले लिए हैं, उसके बाद भारतीय मसाला बोर्ड और भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने देश स्तर पर सख्त जांच और सैंपलिंग के आदेश दे दिए हैं। आदेश के बाद पहली बार प्रदेश स्तर पर जांच शुरू हो चुकी है।

**अब तक 26 जिलों में जांच** : भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की सख्ती के बाद राज्य खाद्य एवं औषधि प्रशासन मुख्यालय ने 26 जिलों की 116 मसाला बनाने वाली इकाइयों की जांच पूरी कर ली है। शेष जिलों में संचालित मसाला इकाइयों की जांच बहुत जल्द पूरा होने की संभावना है। मालूम हो कि मसाले के 80 सैंपल, सूक्ष्म जांच के लिए राज्य से बाहर की खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए है।

**अटकी है सांस** : जिन 26 जिलों की जांच पूरी हो चुकी है, वहां की 116 मसाला निर्माण इकाइयों की सांस अटकी हुई है क्योंकि प्रशासन ने रिकॉर्ड 80 सैंपल मसाले के लिए हैं। खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला की अंतिम रिपोर्ट चालू माह के अंत तक आने की संभावना प्रशासन को है। इस रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई को दिशा मिलेगी। प्रशासन का मानना है कि तब तक की अवधि में शेष जिलों में भी काम पूरा कर लिया जाएगा।

**इसलिए सख्ती** : हांगकांग, सिंगापुर, नेपाल और अमेरिका। इन प्रमुख चार देशों ने हानिकारक तत्व मिलने की आशंका में भारतीय मसाला की बिक्री पर न केवल रोक लगा दी है बल्कि निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। भारतीय मसाला बोर्ड तक पहुंची शिकायत में यह जानकारी मिली है कि भारतीय मसाले में एथिलीन ऑक्साइड नामक हानिकारक तत्व की मौजूदगी मिली है। सेवन से कैंसर जैसी घातक बीमारी का होना संभव है। बताते चलें कि निर्यात पर रोक और बिक्री पर प्रतिबंध का फैसला भारत के लिए नुकसानदेह है क्योंकि दुनिया में भारत सबसे बड़ा मसाला उत्पादक देश है।

> बहुत जल्द जांच रिपोर्ट
> भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के निर्देशों के तहत मसाला प्रसंस्करण इकाइयों की जांच व सैंपलिंग का काम किया जा रहा है। अब तक हुई कार्रवाई में 80 सैंपल, खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं। अंतिम रिपोर्ट मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> **-उमेश वर्मा,** असिस्टेंट कमिश्नर, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, रायपुर

# सीईओ ने किया अमृत सरोवरों एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों का निरीक्षण





■ अमृत सरोवरों में प्रतिदिन 200 श्रमिक नियोजित करने का निर्देश

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे ने गुरुवार को जनपद पंचायत तोकापाल अंतर्गत निमार्णाधीन अमृत सरोवरों और प्रधानमंत्री आवास योजना के आवास का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत केशलूर, सोसनपाल, रायकोट -1, रायकोट -2, मावलीभाटा, भेजरीपदर, एराकोट में निमार्णाधीन अमृत सरोवर कार्य को 15 जून तक कार्य पूर्ण करने के लिए तकनीकी सहायकों, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक को निर्देश दिया। उन्होंने अमृत सरोवरों में प्रतिदिन 200 श्रमिक नियोजित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत टाहकापाल में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से मिलकर अधूरे आवास को पूर्ण करने के लिए कहा। भ्रमण के दौरान हितग्राही कार्तिक और माना के आवास को 15 दिन में पूर्ण करवाने के लिए ग्राम सचिव, रोजगार सहायक को निर्देश दिया। इस निरीक्षण जिला पंचायत के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बुद्ध पूर्णिमा का पर्व



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरंदुल में गुरुवार को बौद्ध समाज विकास समिति के तत्वाधान में बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर बौद्ध अनुयायियों द्वारा बस स्टैंड में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें एनएमडीसी महाप्रबंधक उत्पादन आर राजाकुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया तथा उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा गौतम बुद्ध मानवता के लिए सदैव काम किया। उन्होंने युद्ध से नहीं बल्कि ज्ञान से लोगों को जीने का मार्ग दिखाया।उनके अभय मुद्रा वाली प्रतिमा से सुरक्षा प्रदान करने वाली ऊर्जा, शांति और गहरी आध्यात्मिक सुरक्षा की अनुभूति मिलती है। महात्मा बुद्ध की जीवनी एवं उपदेशों से हर इंसान को सीख लेनी चाहिए। इस अवसर पर बस स्टैंड में मिष्ठान खीर का वितरण किया गया।कार्यक्रम में बी एल तारम, के पी बंसोड़,भीमराज डांगे, विष्णु नागेश,प्रशांत मेश्राम,अरूमय विश्वास, त्रिलोक बांधें एवम बौद्ध समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

# परिवार और समाज के लिए घातक है नशा : न्यायधीश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



अधिवक्ता संघ ने जिला न्यायालय परिसर स्थित कक्ष क्रमांक 210 में पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे निजात कार्यक्रम नशे को ना जिंदगी को हां आयोजित किया। इसकी जानकारी देते हुए जिला अधिवक्ता संघ रायपुर के जिला अध्यक्ष हितेंद्र तिवारी ने कहा कि कार्यक्रम जिला न्यायाधीश, न्यायाधीश, एसएसपी सहित सैकड़ों अधिवक्तागणों की उपस्थिति में संपन हुआ। निजात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी, कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय हेमंत सराफ ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी ने कहा नशे के खिलाफ सिर्फ पुलिस को पुलिस ही नहीं बल्कि हर वर्ग को समाने आकर एकजुट होना चाहिए। उन्होंने कहा परिवार और समाज के लिए सबसे ज्यादा अगर कोई घातक है तो वह नशा है। उन्होंने नशे के बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा न्यायालय में भी नशे से संबंधित प्रकरणों की भरमार हो गई। एनडीपीएस की केस बढ़ रही है। उन्होंने कहा नशा करने से सिर्फ एक व्यक्ति प्रभावित नहीं होता बल्कि उससे जुड़े हर लोग होते हैं चाहे वह उसका परिवार हो या समाज हो। कार्यक्रम के आयोजन के लिए डीजे कुरैशी ने अधिवक्ता संघ को बधाई दी।

**अधिवक्ता समाज का एक महत्वपूर्ण व्यक्ति होता है : एसएसपी सिंह**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने कहा कि नशे के विरुद्ध पुलिस के द्वारा एक युद्ध छेड़ा गया है अधिवक्ता समाज का एक महत्वपूर्ण व्यक्ति होता है। एक एक अधिवक्ता से सैकड़ो लोग जुड़े होते हैं, अधिवक्ताओं के माध्यम से नशे के खिलाफ हम लोगों को एक संदेश देकर समाज को नशा मुक्त कर सकते हैं। इसीलिए आज अधिवक्ता संघ के द्वारा यह आयोजन किया गया जिसके लिए अधिवक्ता संघ बधाई के पात्र है। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश हेमंत सराफ ने नशा से होने वाले नुकसान को बताते हुए कहा कि समाज को नशा मुक्त करने के लिए चाणक्य सूत्र के अनुसार कार्य करना होगा नशा की डाल और पत्तों को तोड़ने की बजाय इसे जड़ से खत्म करना जरूरी है।

पंजीकृत कार्यालयः 601 औ 602, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, छठी मंजिल, टावर ए, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई – 400013

DCB BANK

**सार्वजनिक नोटिस**

**आभूषण नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को डीसीबी बैंक लिमिटेड-(डीसीबी बैंक) के पास गिरवी रखे आभूषणों के संदर्भ में डीसीबी बैंक लिमिटेड से प्राप्त सुविधाओं में संपूर्ण बकाया का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। हम गिरवी रखे आभूषणों की नीलामी करने के लिए बाध्य हैं क्योंकि वे पूरा बकाया चुकाने में विफल रहे हैं। डीसीबी बैंक लिमिटेड के पास बिना किसी पूर्व सूचना के खाता(खातों) को हटाने/नीलामी तिथि(तिथियों) को बदलने का अधिकार है। नीलामी 06-06-2024 और 07-06-2024 को दोपहर 12:00 बजे से 03:00 बजे तक https://egold.auctiontiger.net के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।

| क्र. सं. | ग्राहक आईडी/नं. | ग्राहक का नाम | क्र. सं. | ग्राहक आईडी/नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| बेमेतरा स्थान | | | जांजगीर चांपा स्थान | | |
| 1 | 101835077 | चंदन कुमार | 18 | 104586365 | माया यादव |
| 2 | 102091800 | नेमंत दास वैष्णव | 19 | 103076112 | थानेश्वर राठौड़ |
| 3 | 102802978 | रमाकांत वर्मा | 20 | 102575461 | विजय सिंह कंवर |
| बेरला स्थान | | | कवर्धा स्थान | | |
| 4 | 101840556 | अजीत सिंह | 21 | 104491667 | जलेश पटेल |
| 5 | 102774728 | रिकेश यादव | खरोरा स्थान | | |
| धमतरी स्थान | | | 22 | 102887646 | महेंद्र कुमार साहू |
| 6 | 104501325 | भुवन लाल | कुर्रा स्थान | | |
| 7 | 104448043 | कुमान साहू | 23 | 105204860 | प्रिंस पारख |
| दुर्ग स्थान | | | परसदा स्थान | | |
| 8 | 102879119 | धीरज पटेल | 24 | 102881881 | सैय्यद अब्दुल वारिस |
| 9 | 103483560 | हेमन्तो | 25 | 104651404 | सुमन कुमार सोनवानी |
| 10 | 103490782 | खुशबू जयसवाल | रायपुर स्थान | | |
| 11 | 102787704 | मनीष कुमार बनर्जी | 26 | 104610172 | आरती तिवारी |
| 12 | 102811380 | मोह. गुलाम गौस | 27 | 102873042 | चिरंजीत भद्र |
| 13 | 101292654 | मोहम्मद सुल्तान अहमद | 28 | 102915121 | देवा साहू |
| | | | 29 | 102767363 | रितेश आनंद गायकवाड़ |
| 14 | 104883567 | प्रकाश कुमार कंवल | 30 | 105640690 | शाहरुख खान |
| 15 | 102815237 | रानी गुप्ता | राजनांदगांव स्थान | | |
| 16 | 102640348 | तुषार देशपांडे | 31 | 102320276 | अकबर कचलामे |
| 17 | 102806063 | वीरेंद्र कुमार योगराज | 32 | 103015369 | देवसिंह सोनवानी |
| | | | 33 | 103349333 | राजेश कुमार देवांगन |
| | | | 34 | 104566023 | रोशन खोबरागड़े |
| | | | 35 | 102283221 | सरोज लेझारे |

इस प्रकाशन के माध्यम से, संबंधित उधारकर्ताओं/गिरवीकर्ताओं को अंतिम नोटिस और अंतिम अवसर दिया जाता है कि वे सभी ब्याज और शुल्कों के साथ ली गई सुविधा की पूर्ण राशि का भुगतान निर्धारित नीलामी तिथि से पहले या किसी भी तरह से करें, अन्यथा आभूषणों की नीलामी की जाएगी। आईटम निर्धारित नीलामी की तिथि पर उच्चतम बोली लगाने वाले को नीलाम नहीं किया गया तो बिना किसी अन्य सूचना के किसी अन्य दिन नीलाम किया जाएगा। नीलामी में भागीदारी और बोलियों की स्वीकृति डीसीबी बैंक के विवेक पर निर्भर होगी।

कृपया ध्यान दें कि नीलामी "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" "जो कुछ है" और "बिना किसी सहारे" के आधार पर की जाएगी। और डीसीबी बैंक आभूषण या उसकी नीलामी से संबंधित किसी भी दावे, विवाद, आपत्ति के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार और उत्तरदायी नहीं होगा।

नीलामी में भाग लेने के लिए विस्तृत नियम और शर्तों के लिए बोलीदाता कृपया https://egold.auctiontiger.net पर जा सकते हैं।

दिनांकः 24.05.2024

हस्ता/–
प्राधिकृत अधिकारी
डीसीबी बैंक लिमिटेड

# बालवाड़ी शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का हुआ 3 दिवसीय विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



बालवाड़ी शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का 3 दिवसीय विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण 20 से 22 मई तक विकास खंड स्तरीय बालवाड़ी प्रशिक्षण का आयोजन नवीन सरस्वती स्कूल पुरानीबस्ती में किया गया। जिसमें 62 आंगनबाड़ी केंद्रो में संचालित बालवाड़ी के 124 कार्यकर्ता एवं बालवाड़ी शिक्षको को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को केंद्र में रखते हुए आंगनबाड़ी में दर्ज 5-6 आयु वर्ग के बच्चों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा के लिए बालवाड़ी में तैयार करने पर आधारित था। नवीन शिक्षा नीति के तहत मूल्यांकन पद्धति की जगह आकलन पद्धति पर काम करते हुए कैसे बच्चों में खेल- खेल में भाषा एवं गणित की अवधारणाओ को स्पष्ट किया जाय इस पर चर्चा की गई। साथ ही ईसीसीई के तहत आंगनबाड़ी मे संचालित हो रहे बालवाड़ी में प्राथमिक शिक्षको एवं कार्यकर्ताओ को साझा सहयोग से बच्चों में विकास के आयाम को पहचान कर स्तर अनुसार शिक्षा देना। मास्टरट्रेनर बरखा शर्मा, एवं सावित्री साहू के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति, ईसीसीई, निपुण भारत पर बालवाड़ी शिक्षको एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को जानकारी दी गई साथ ही विभिन्न गतिविधियों एवं कठपुतली कला के द्वारा मनोरंजक तरीके से प्रशिक्षण प्रदान किया गया कार्यक्रम प्रभारी विकास खंड स्रोत समन्वयक धरसीवां शिरीष तीवारी एवं विकास खंड स्रोत समन्वयक धरसीवां मुरारी वर्मा सर के द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं क्रियान्वयन पर प्रशिक्षणार्थियों से चर्चा किया गया। कार्यक्रम में निरीक्षणकर्ता के रूप में प्रीति देशपांडे, रायपुर एवं ज्योति बजाज ने भी प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विकास खंड स्तरीय कार्यक्रम में राज्य कार्यक्रम प्रभारी सहायक प्राध्यापक सुनील मिश्रा, एससीईआरटी रायपुर एवं युनीसेफ स्टेट कंसल्टेंट गार्गी परदेशी का मार्गदर्शन सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्राप्त हुआ इस प्रकार तीन दिवसीय बालवाड़ी प्रशिक्षण का सफल आयोजन विकास खंड धरसीवां में किया गया।

# छग प्रदेश माहेश्वरी सभा का आयोजन 1 और 2 जून को

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में एवं माहेश्वरी पंचायत दुर्ग के आतिथ्य में विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए दुर्ग में 1 व 2 जून को होटल पृथ्वी पैलेस में जीवनसाथी चयन परिचय सम्मेलन आयोजित करने जा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मुँधडा, कार्यक्रम संयोजक कमल बियानी,सहसंयोजक ओमप्रकाश टावरी ने संयुक्त रूप से बताया कि उक्त आयोजन में 600 से ज़ूयादा पंजीयन हो चुके हैं।व्यवस्था के अनुकूल अब पंजीयन बंद कर दिया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए प्रदेश माहेश्वरी सभा के प्रचार-प्रसार प्रभारी विष्णु सारडा ने बताया कि पूरे छग के अलावा महाराष्ट्र एवं मप्र से भी पंजीयन करवाया गया है। युवक-युवतियों के साथ उनके आभिभावक को आमंत्रित किया गया है। उद्घाटन सत्र के बाद एक पुस्तक का विमोचन होगा जिसमें युवक-युवतियों की एवं परिवार की पूरी जानकारी होगी। समाज के वरिष्ठ लोग ऐसे सम्मेलन, उनकी उपयोगिता पर अपना अनुभव साझा करेंगे। आयोजन के दौरान किसी अभ्यर्थी के अभिभावकों की चिंता दूर करने समाज की पहल ज्ञात हो कि आज-कल के दौर में माता-पिता चिंतित रहते हैं कि उनके बच्चो को अच्छा जीवनसाथी मिल जाये। घटते दायरे एवं बढ़ती महत्वाकांक्षों के बीच प्रदेश माहेश्वरी सभा ने जीवनसाथी चयन के आयोजन करने का संकल्प लिया है। युवक-युवतियां अपने भावी जीवनसाथी का सपना लिए आयोजन में अपने अभिभावक के साथ आयेंगे जिनके आवास, भोजन की सम्पूर्ण व्यवस्था आयोजनकर्ता द्वारा की गई है।

# आर.ई.एस. विभाग में अधिकारी ही बन गये अघोषित ठेकेदार

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

अपने नित नये कारनामों को लेकर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग का भ्रष्टाचार रूकने का नाम नहीं ले रहा है। इस विभाग की कारस्तानियों को इंजीनियर इन चीफ, मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता और कलेक्टर को भी पीड़ित ठेकेदारों ने शिकायत कर बताया कि जो लोग यहां अधिकारियों का आवभगत करते हैं, उनका काम रूकता नहीं है और जो लोग भेंट पूजा नहीं चढ़ाते, उनको तरह तरह के टेंडरों में खामियां निकालकर परेशान किया जा रहा है। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि राजधानी में बैठे अधिकारियों को इस विभाग में चलने वाली एकल निविदा को पास करने का कारनामा भी मालूम है। लेकिन इनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किये जाने से यह विभाग भ्रष्टाचार के आकंठ में लगातार डूबता नजर आ रहा है जिसका उदाहरण यह है कि यहां पदस्थ अधिकारी, कर्मचारी ही अपने विभाग में ठेकेदारी कर सिविल सेवा अधिनियम का उल्लंघन कर रहे हैं और ऐसे संबंधित लोगों द्वारा 2022 में रजिस्ट्रेशन कराने वाले एक व्यक्ति जो सरकारी कर्मचारी है, उसकी पत्नि के नाम पर एक निविदा निकालकर गलत दस्तावेजों के बावजूद उसकी निविदा को पास कर दिया गया है जिसके पीछे विभाग के एक अधिकारी की उक्त फर्म के साथ पार्टनरशिप प्रमुख कारण बताया जा रहा है। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग में पिछले वर्षों से एकल निविदा पास करने का भांडाफोड़ हुआ है। इस कार्य में कार्यपालन अभियंता हरमोहन लाल चतुर्वेदी को वरिष्ठ कार्यालयों के द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया था। लेकिन अधिकारी की हठधर्मिता देखिये कि उन्होंने इन पंक्तियों के लिखे जाने तक कोई जवाब नहीं दिया। इस एकल निविदा में करोड़ों रूपये के निर्माण कार्य को उक्त अभियंता द्वारा नियम विरूद्ध स्वीकृति की गई है। इस विभाग में पिछले वर्षों से यहां पदस्थ अधिकारी ही विभिन्न नामों से ठेकेदारी कर सिविल सेवा कर्मचारी अधिनियम के विरूद्ध कार्य कर रहे हैं। नियमानुसार कोई भी अधिकारी, कर्मचारी अपने विभाग की बात तो दूर, दूसरे विभागों के भी सरकारी कार्य को टेंडर लेकर कार्य करवाये जाने का अधिकारी नहीं है परंतु इस विभाग में यहां पदस्थ अधिकारी ही ऐसा कर शासन के नियमों का खुल्लमखुल्ला उल्लंघन कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि रूद्री रोड स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के एक अधिकारी ने अपनी पत्नि के नाम 2022 में उक्त विभाग में रजिस्ट्रेशन कराया। वर्ष 2023 में इस विभाग के कार्यपालन अभियंता के सहयोगी द्वारा उसके उक्त टेंडर फार्म को स्वीकृत करवा दिया गया जबकि नियमानुसार निविदा डालते समय यदि किसी भी प्रकार की फार्म में त्रुटि होती है तो उसे रद्द कर दिया जाना चाहिये था। लेकिन यहां इस गलती की जानकारी होने के बाद भी उक्त व्यक्ति की पत्नि के नाम टेंडर को स्वीकृत कर उसे अनैतिक लाभ पहुंचाया गया और शासन के साथ धोखाधड़ी की गई। बताया जाता है कि विभाग में दो कर्मचारियों द्वारा ठेकेदारी कार्य किये जाने की जानकारी प्राप्त हुई है जिनके द्वारा दूसरे के नामों से ठेकेदारी के साथ साथ अपने शुभचिंतकों को भी निविदा डालने के लिये उन्हें प्रेरित किया गया और गलत फार्म भरने के बाद उसकी स्वीकृति प्रदान करवाने में इन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस विभाग में जिन ठेकेदारों ने कार्य किया है, उन्होंने यहां व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर विभाग के उपरोक्त वरिष्ठ अधिकारियों सहित कलेक्टर धमतरी को इसकी शिकायत कर बताया कि बिल स्वीकृति देने के लिये यहां पदस्थ अधिकारी द्वारा 3 से 5 प्रतिशत राशि की मांग की जाती है। जो ठेकेदार उनकी बात नहीं मानता, उसके कार्यों में तरह तरह के खामियां निकालकर उसे परेशान किया जाता है और जो लोग उनकी आवभगत, भेंट पूजा चढ़ा देते हैं, उनका बिल तुरंत स्वीकृत हो जाता है। इस शिकायत के बाद रायपुर राजधानी में बैठे ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। इनकी लापरवाही के चलते ही पिछले वर्षों से इस विभाग में भर्राशाही का माहौल निर्मित हो गया है। यदि ये अधिकारी ठेकेदारों की शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेकर कार्यवाही करते तो न एकल निविदा पास होती और न ही आकंठ तक डूबे अधिकारियों का भ्रष्टाचार बढ़ता। इस विभाग में जब यहां पदस्थ अधिकारी ही ठेकेदारी प्रथा को चलायेंगे तो अन्य ठेकेदार जो शिक्षित बेरोजगार, इंजीनियर हैं उन्हें रोजगार के अवसर के तहत शासन के नियमों के तहत कार्य करने का मौका कहां मिलेगा। हद तो यह है कि कलेक्टर को की जाने वाली शिकायत आवक-जावक में देने से किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं होती। बताते हैं कि लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर जो शिकायतें यहां दी हैं, उसमें कोई जांच प्रारंभ नहीं की जाती। शिकायत के संबंध में किसी भी बात को लेकर कलेक्टर का रटा-रटाया जवाब रहता है देखेंगे, जांच करवायेंगे। लेकिन जांच के नाम पर सिर्फ जांच तक ही मामला सिमटकर रह जाता है। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा यदि शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लिया जाता तो शासन के द्वारा आबंटित शासकीय मदों का इतना भारी भरकम दुरूपयोग नहीं होता। लापरवाही के कारण ही इतना बड़ा भ्रष्टाचार उजागर हुआ है। उसके बाद भी विभाग के कार्यपालन अभियंता एवं शासकीय अधिकारी, कर्मचारी जो विभिन्न नामों से स्वयं ठेकेदारी कर रहे हैं, उन पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है। यही नहीं आरईएस विभाग में शासन की अति महत्वाकांक्षी जतन योजना के तहत करोड़ों रूपये के कार्य जिले में संचालित हुए हैं। इन कार्यों में व्याप्त शिकायत के बाद शासन द्वारा एक आदेश जारी किया गया है जिसमें स्पष्ट है कि उक्त योजनांतर्गत जितने भी निर्माण कार्य हुए हैं, उनका अंतिम भुगतान न किया जाये। लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में पदस्थ प्रभारी कार्यपालन अभियंता द्वारा पिछली तारीख में उक्त कार्यों को पूर्ण बताकर ठेकेदारों से मिलीभगत कर शासन के आदेशों का उल्लंघन कर रहे हैं। कुछ ठेकेदारों ने नाम न छापने की शर्त पर यह भी बताया कि वर्तमान में विभाग द्वारा जिन ठेकेदारों का भुगतान करने से पहले एक ओटीपी संबंधित बाबू द्वारा अधिकारी को भेजी जाती है और उक्त अधिकारी द्वारा ओटीपी बताने के बाद ही संबंधित के खाते में भुगतान होता है। लेकिन वर्तमान में एक नया खेल बाबू के द्वारा जब अधिकारी को ओटीपी भेजा जाता है तो अधिकारी पहले उससे पूछते हैं कि संबंधित ने चेक रकम का एक निश्चित राशि एडवांस में दिया है कि नहीं। नहीं दिया गया है तो उसका ओटीपी नहीं बताया जाता और ठेकेदार का भुगतान रूक जाता है। यही नहीं टेस्ट रिपोर्ट के साथ साथ हेंड रिसीव्ड वाउचर के नाम पर भी विभाग में लाखों रूपये के वारे-न्यारे किये जाने की जानकारी मिल रही है। जिले में वैसे तो अनेक विभाग कार्यरत हैं, जिनके द्वारा शासन की महती योजनाओं को क्रियान्वित करने का जिम्मा है और कुछ हद तक वे इस कार्य में समर्पित भी हैं। लेकिन ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग धमतरी में जिस प्रकार पिछले वर्षों से भ्रष्टाचार नदियां बहाई गई है वह लोगों की जुबान के साथ साथ नेताओं के समक्ष भी उसका सैलाब पहुंच चुका है। इसके बाद भी इस विभाग में बैठे अधिकारियों द्वारा जिस प्रकार विभिन्न कार्यों के नाम पर भ्रष्टाचार किया गया है, यहां पदस्थ अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा स्वयं ठेकेदारी प्रथा विभिन्न नामों से करवाई गई। यदि इस संपूर्ण मामले की जांच होती है तो कार्यपालन अभियंता, अधिकारी, कर्मचारी तथा अपनी पत्नि के नाम से ठेकेदारी करने वाले शासकीय कर्मियों के चेहरे बेनकाब हो सकते हैं। अब देखना है कि छग शासन ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के वरिष्ठ अधिकारी इस भ्रष्टाचार पर क्या कार्यवाही करते हैं और कब करेंगे? यह भविष्य के गर्त में छिपा हुआ है।




# स्वच्छता मित्र द्वारा चलाया गया गिरौदपुरी में जागरूकता अभियान




पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

गिरौदपुरी धाम स्वच्छता मित्र टीम के द्वारा गिरौदपुरी धाम में स्वच्छता अभियान चलाया गया ।जिसमें प्रमुख रूप से भिलाई- दुर्ग, बिलासपुर, बलौदा बाजार, महासमुन्द एवं जिले से से 45-50 की संख्या में स्वच्छता मित्र दल गिरौदपुरी धाम पहुंचे। जिसमें मुख्य मंदिर परिसर एवं दर्शनार्थी शेड की साफ-सफाई की गई। गिरौदपुरी धाम आने वाले श्रद्धालुओं को प्लास्टिक कचरा मुक्त गिरौदपुरी धाम बनाने का संकल्प कराया गया। वहां के व्यावसायियों को अपने दुकान के सामने अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने एवं कचरा फैलाने वालों पर नजर रखने हेतु निवेदन किया गया। जोगनदी को स्वच्छ रखने एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए अपील किया गया। जिसमें बिलासपुर जिले से अजीत कुमार मोहले, शकुंतला मोहले, सुमीत मोहले, अभिषेक मधुकर, धर्मेंद्र घिरीं, प्रेम सोनवानी, संजय चतुर्वेदी, विजय भास्कर, सुरेन्द्र कुमार कुर्रे। भिलाई-दुर्ग जिला से इतवारी राम मधुकर, डॉ नरेन्द्र बघेल, इंजी सुरेश बघेल, कामता प्रसाद सोनवानी, ओम कुमार खुटियारे, गौतम खुटेल, देवेन्द्र कुमार बांधे, सतीश कुमार मार्कंडेय। बलौदा बाजार जिले से रोहित कुमार घृतलहरे, इंजी प्रेमदीप कुर्रे,मनबोध चेलक, गणेश्वर आजाद, नोहर सिंह चतुर्वेदी, मुरीतराम डहरिया, ऋषि डहरिया, हरि टंडन, नोबल डहरिया। कबीरधाम जिला से भागवत कुर्रे, सनत कुर्रे, तोप सिंह भारती। जिला महासमुन्द से लाभो साधू, हेमसागर जटवार, राजनांदगांव जिला से संजय कोसरे उपस्थित रहे। उक्त स्वच्छता मुहिम का संचालन गोपाल चंदानिया द्वारा किया गया।

## नगर के मार्गों में सीसीटीवी कैमरे पुलिस व व्यापारीयों के सहयोग से

**सरायपाली।** आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस प्रशासन व व्यापारियों के सहयोग से शहर में प्रवेश करने वाले विभिन्न मार्गों पर सीसी टीवी कैमरे लगाने की शुरूवात हो गई है। सर्वप्रथम पदमपुर मार्ग पर ओव्हरब्रिज के पास और सरसीवां रोड पर कैमरे लगाए गए हैं। इसके पश्चात अन्य मार्गों पर भी कैमरे लगाने की योजना बनाई गई है। ज्ञात हो कि विगत दिनों एक बैठक के दौरान थाना प्रभारी अमित शुक्ला के द्वारा शहर में होने वाले चोरी, उठाईगिरी सहित अन्य आपराधिक मामलों पर अंकुश लगाने के लिए स्थानीय व्यवसायियो से अपनी दुकानों के सामने इस तरह से सीसी टीवी कैमरों को लगाने का अनुरोध किया था, जिससे सड़क पर भी आने जाने वालों पर नजर रखी जा सके। साथ ही शहर के भीतर प्रवेश करने वाले मार्गों पर भी प्रमुख स्थानों पर कैमरे लगाए जाने की बात कही गई थी। इसी कड़ी में पुलिस प्रशासन व व्यापारियों के सहयोग से ओव्हरब्रिज के पास एवं सरसीवां रोड पर सीसी टीवी कैमरे लगाए गए हैं, ताकि शहर के भीतर आने वाले एवं शहर से बाहर जाने वालों पर भी नजर रखी जा सके। थाना प्रभारी शुक्ला ने इस सहयोग के लिए व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष सुशील जैन सहित भोज अग्रवाल, मिथिलेश अग्रवाल व अन्य व्यापारियों का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से निश्चित ही शहर में होने वाले आपराधिक गतिविधियों में कमी आयेग। इसके अलावा शुक्ला ने सभी नागरिकों से भी किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि देखने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की है।

# सट्टा-पट्टी लिखने वाले 9 सटोरियों को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




अभियान सृजन के तहत थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक अजय झा के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र अंतर्गत शराब कोचियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों, सटोरियों एवं अन्य अवैधानिक कार्य करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 22 मई को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा विशेष अभियान चलाकर ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए बलौदाबाजार क्षेत्र अंतर्गत ज्यादा पैसे जीतने का लालच देकर सट्टा-पट्टी का जाल फैलाने वाले 09 शातिर सटोरियों को पकडा गया है। सभी सटोरियों को पाहंदा रोड बलौदाबाजार आरोपी के किराना दुकान के पास चौरा मे, ग्राम रसेडी मे आरोपी के किराना दुकान, भैंसापसरा बलौदाबाजार मे आरोपी के घर के सामने मे, यदु खम्हरिया, ग्राम लटुवा मे आरोपी के शटर वाले घर कमरा, ग्राम मोहतरा बजरंग चौक के पास, जनपद तिराहा के पास आरोपी के फल ठेला में, जनपद कार्यालय बलौदाबाजार के सामने आरोपी का सब्जी दुकान में सट्टा पट्टी लिखते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सटोरियों से पेन, कार्बन, सट्टा पट्टी, मोबाइल 06 नग एवं नगदी रकम 57,725 सहित कुल 1,03,225 का मशरूका जप्त किया गया है। सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध धारा 04 क जुआ एक्ट एवं छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 06 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की जा रही है। संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक अजय झा, सउनि राजेंद्र पाटिल, गांधीराम बंजारे, प्रआर समीर शुक्ला, अंशुमन पांडे, मन्नु लाल ध्रुव, देवेंद्र देवांगन, कृष्ण कुमार बरेठ, अमोल सिंह कंवर, उत्तम चतुर्वेदी, मप्र आर अन्नपूर्णा बंजारे, आरक्षक मेघनाथ साहू, रमाकांत भारद्वाज, अश्वनी पैकरा, देव निराला, ओलेश कोशले, तिलक महिलांगे, संतोष पाटले, अश्वनी मरकाम, तुलेश्वर डडसेना, मआर. स्वाती साहू, मंजू वर्मा एवं समस्त थाना सिटी कोतवाली स्टाफ का विशेष योगदान रहा। आरोपी उत्तरा कुमार रात्रे उम्र 32 साल निवासी वार्ड क्र. 11 पाहंदा रोड बलौदाबाजार, दुलारू निषाद उम्र 46 साल निवासी ग्राम रसेडी, लेमन प्रसाद देवांगन उम्र 57 साल निवासी पाहंदा रोड बलौदाबाजार, पवन टण्डन उम्र 20 साल निवासी भैंसापसरा बलौदाबाजार, ईतवारी राम जांगडे उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम यदु खम्हरिया, राजू ध्रुव उम्र 47 साल निवासी ग्राम लटुवा, खेलचंद यादव उम्र 30 साल निवासी ग्राम मोहतरा बालकिशन धृतलहरे उम्र 48 वर्ष निवासी पंचशील नगर वार्ड सोनपुरी रोड बलौदाबाजार, राजू साहू उम्र 22 वर्ष निवासी संजय कालोनी बलौदाबाजार शामिल है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल को लेकर हाहाकार, काफी नीचे गिरा जलस्तर




पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पैकिंन का जहा इन दिनों भीषण गर्मी के वजह से बोरवेल का जलस्तर नीचे गिरने से ग्रामीण अंचलों में पेयजल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है । मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर की दूरी में बसा ग्राम पैकिंन के डीपापारा मोहल्ले वासियों को पेयजल की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। दरअसल पैकिंन के डीपापारा मोहल्ले में एक शासकीय बोरवेल है जो काफी महीनों से खराब पड़ा हुआ है यहां के ग्रामीण इस तपती धूप में भी बर्तन लेकर 2 किलोमीटर पैदल चलकर पेयजल की पूर्ति करने के लिए और अपने दैनिक जीवन के क्रियाकलापों को पूरा करने के लिए बेबस नजर आ रहे हैं ग्रामीण,जहां महिलाओं के साथ पुरुष भी अपने सभी कामकाज को छोड़कर सुबह और शाम के लिए पानी भरने में जुट जाते हैं,ग्रामीणों का कहना है की गांव के सरपंच,सचिव को बार-बार अवगत कराने के बाद सिर्फ आश्वासन मिलाता है और हालात जस के तस बना हुआ है।

# अष्टप्रहरि नाम संकीर्तन महायज्ञ का आयोजन 25, 26 को

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली/भंवरपुर
www.dailypioneer.com



134 सालों से निरंतर जारी

पूर्वजों के कथनअनुसार ब्रिटिश शासन काल सन् 1890 से ग्राम बरडीह में छह पीढ़ी पूर्व प्रसिद्ध मृदंग वादक गोपीनाथ प्रधान के जीवन काल से स्वर्गीय बिम्बाधर, स्वर्गीय मंगलू, स्व. इंद्र प्रधान, बलराम प्रधान, स्व. राहसो प्रधान, स्व. रामचंद्र प्रधान, स्व. निशामणी प्रधान से वर्तमान पीढ़ी तक उपरोक्त मृदंग वादकों के आर्शीवाद और ग्रामीणों के सहयोग से अष्टप्रहरी नाम संकीर्तन महायज्ञ का आयोजन 134 सालों से निरंतर चलता आ रहा है। उपरोक्त सभी जानकारी हमारे ग्राम के सबसे बड़े बुजुर्ग बलराम प्रधान उम्र 108 वर्ष द्वारा ग्रामीणों को बतलाया गया। बलराम प्रधान उड़ीसा एवं छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध मृदंग वादक रोहित प्रधान के पिताजी हैं। इस वर्ष भी ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वितीय 25 मई दिन शनिवार को कलश स्थापना एवं महामंत्र उच्चारण हरे राम हरे राम, राम-राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे का नाम जाप किया जाएगा। अंतिम दिवस ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष तृतीया दिनांक 26 मई दिन रविवार को पूर्णाहुति नगर भ्रमण महाप्रसाद (भंडारा) का आयोजन किया जाएगा। अतः समस्त संकीर्तन प्रेमी बंधु गण इस महायज्ञ में सपरिवार पधार कर पुण्य लाभ अर्जित करें। जानकारी अनुसार शताब्दी वर्षों के बाद भी आज पर्यंत ग्रामीणों के मन में अष्टप्रहरी नाम संकीर्तन महायज्ञ के प्रति उत्साह और उमंग यथावत बना हुआ है। गौरतलब हो कि ग्राम बरडीह में विगत दो दशक सन् 2000 से श्री श्री राधा माधव आश्रम मंदिर बरडीह में भज श्री कृष्ण चैतन्य प्रभु नित्यानंद जप हरे कृष्ण हरे राम श्री राधे गोविंद अखण्ड नाम (दीप प्रज्वलित) अनवरत जारी है। पूर्वजों के कथनअनुसार ग्राम तोषगांव से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र का बारात धूम धाम से ग्राम बरडीह पहुंचा, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र एवं माता सीता का विवाह किया गया था।बड़े तालाब में स्थित श्री महादेव स्वामी शिव मंदिर भी लगभग सन् 1921 में निर्माण किया गया है। तथागत प्रबुद्ध दो भाई संकीर्तन प्रधान, सत्यानंद प्रधान व ग्रामीण जन के सहयोग से सन् 1984 में श्री जगन्नाथ स्वामी जी का मंदिर निर्माण कर उड़ीसा से जगन्नाथ महाप्रभु को लाकर मंदिर में स्थापित किया गया। पूर्वजों की प्रेरणा व उनका अनुशरण कर आज तक अष्टप्रहरी नाम संकीर्तन महायज्ञ एवं सभी धार्मिक महोत्सव उमंग और उल्लास के साथ लोगों के द्वारा आज पर्यंत तक पुण्यकर्म सफलता पूर्वक संपन्न होते आ रहे है। अतः इस पवित्र पुण्य भूमि को नमन करते हुए समस्त ग्रामवासी प्रफुल्लित एवं गौरवान्वित है। इस पवित्र यज्ञ अनुष्ठान में उड़ीसा के प्रसिद्ध संकीर्तन मण्डली झुनगापाली (डिप्टीपूर) उड़ीसा, संकीर्तन मंडली परमाणपुर (अतावीरा) उड़ीसा, संकीर्तन मंडली धानबसा (बलांगीर) उड़ीसा व संकीर्तन मंडली परूवाभाडी (भटली) उड़ीसा को आमंत्रित किया गया है। जिसमें समस्त ग्रामवासी बरडीह ने अष्टप्रहरी नामयज्ञ क्रार्यक्रम में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित हेतु सभी इष्ट मित्र बंधु बांधव को आमंत्रित किये हैं।

# विश्व हिन्दू परिषद मातृशक्ति ने मनाया मां सीता प्राकट्योत्सव

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में विश्व हिन्दू परिषद मातृशक्ति कार्यकर्ताओं ने माँ सीता के प्राकट्योत्सव के दिन सीता नवमी के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें मुख्य वक्ता विहिप प्रान्त संगठन मंत्री नंददास दंडोतिया, विशेष वक्ता विहिप प्रान्त उपाध्यक्ष प्रेमलता बिसेन, दुर्गावाहिनी प्रान्त शक्ति साधना संयोजिका भारती ठाकुर, विहिप विभाग समरसता प्रमुख सुशील भूषणीया सम्मिलित हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता विहिप मातृशक्ति जिला संयोजिका आरती सर्राफ ने एवं मंच संचालन नगर बाल संस्कार प्रमुख टिकेश्वरी पटेल ने की। सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता ने कहा की माँ सीता को आदर्श मान नारी शक्ति उनके त्याग तप का अनुसरण कर समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकती है। हिन्दू समाज पाश्चात्य सभ्यता को अपनाकर प्रकृति के साथ राष्ट्र एवं सनातन को जो नुकसान पहुंचा रहा है उससे मातृशक्ति ही सही मार्ग पर ला सकती है घरों में अपने एवं परिवार की बीच सामंजस्य बिठाने के साथ घर का माहौल कैसा होना चाहिए खान पान कैसा होना चाहिए टीवी पर क्या देखना चाहिए जिससे हमारा परिवार एवं समाज स्वस्थ हो धार्मिक हो सात्विक हो ये सब कुछ गृहणी के हाथ में ही होता है अतः हम ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में इन विषयों पर चर्चा करें और समय समय पर कार्यशाला आयोजित कर मातृशक्ति को और अधिक सुदृढ़ सामर्थ्यवान बनाने का प्रयास करें। विशिष्ट वक्ता प्रेमलता बिसेन ने उपस्थित मातृशक्तियों को सम्बोधित करते हुए कहा की एक स्वस्थ धार्मिक सामाजिक समाज का निर्माण बिना महिलाओं के सम्भव नही है इसलिए मै यहां उपस्थित सभी मातृशक्तियों से आग्रह करुँगी की गृह कार्यों एवं अन्य कार्यों से समय निकाल कर प्रतिदिन कुछ समय अपने परिवार के साथ साथ आस पड़ोस मोहल्ले नगर एवं ग्रामों के लिए भी निकालें और संगठन से मातृशक्तियों को जोड़कर समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करें यही देश धर्म समाज की सच्ची सेवा होगी। कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया कार्यक्रम का समापन भारतमाता की आरती एवं छोटे छोटे बच्चों द्वारा हनुमान चालीसा की प्रस्तुति के साथ हुआ। कार्यक्रम में मातृशक्ति जिला सह संयोजिका लता सोनी, जिला बाल संस्कार प्रमुख शैली अग्रवाल जिला सत्संग प्रमुख कल्पना पवार, सह प्रमुख रत्ना सोनी, नगर सत्संग संयोजिका नीलू विश्नोई सह संयोजिका दीप्ती केशरवानी, सरस्वती पांडे,किरण साहू, मनीषा यादव, मंजू सोनी ने सहयोग किया। उक्त अवसर पर विहिप जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी, विहिप जिला मंत्री राजेश केशरवानी, विहिप जिला सेवा प्रमुख लक्ष्मेंद्र अग्रवाल, विहिप जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख राजेश साहू, विहिप नगर अध्यक्ष महेश ठाकुर एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहे।

# सेक्स स्कैंडल कांड के आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर कई ठिकानों मे दी बंदिश

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार सेक्स स्कैंडल कांड का मुख्य आरोपी अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। वहीं पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया वो सिर्फ मामले के छोटे प्यादे हैं। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाए हैं कि अब तक मुख्य आरोपी को पकड़ा नहीं गया है, जिसके कारण पुलिस और कानून व्यवस्था से लोगों का भरोसा उठता जा रहा है.इस मामले में दोषियों को सजा और पीड़ितों को न्याय मिले इसलिए एसपी और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है।

**पुलिस की कार्रवाई पर उठे सवाल** : जिला प्रशासन और राज्य सरकार से आम जनता का भरोसा उठता जा रहा है। सभी मामलों में इतनी तत्परता दिखाने वाली पुलिस हनी ट्रैप के मामले में कछुआ चाल चल रही है। छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री टंक राम वर्मा के निर्देश के बाद भी पुलिस विवश दिखाई दे रही है। हो सकता है कि इसमें बड़े पार्टी के बड़े नेताओं का हाथ हो, इसलिए पुलिस फरार आरोपियों को पकड़ नहीं सकी है। पुलिस ने कई रसूखदार लोग जिनकी संलिप्तता इस मामले में हैं उनसे पूछताछ कर क्लीन चिट दे दिया है। ऐसे में उन आरोपियों को बचाने वाला भी उतना ही बड़ा अपराधी है। पूरे बलौदाबाजार को मालूम हैं वो लोग कौन हैं। लेकिन कोई इनका नाम लेकर अपना मुंह गंदा नहीं करना चाहता। सेक्स स्कैंडल के ये आरोपी फरार स्कैंडल में शामिल शिरीष पांडे, पुष्पमाला फेकर, हीराकाली बंजारे और कथित पत्रकार आशीष शुक्ला फरार चल रहे हैं।

**क्या है सेक्स स्कैंडल:** बलौदाबाजार सेक्स स्कैंडल में कई लोगों के नाम सामने आए हैं। जिनमें कई व्हाइट कॉलर लोग भी शामिल है. कई जनप्रतिनिधि, पुलिसकर्मी, वकील, पत्रकारों के नाम सेक्स स्कैंडल से जुड़े हैं। इस बात का भी खुलासा हुआ कि कई लोगों से सेक्स स्कैंडल में फंसाने की धमकी देते हुए लाखों रुपयों की वसूली की गई। इस मामले में 15 मार्च को पहली शिकायत कोतवाली पुलिस में की गई। जांच के बाद कोतवाली पुलिस में पहली एफआईआर दर्ज की गई। इस मामले में पुलिस चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। कई अब भी फरार है।

# धूम्रपान करते पाए जाने, नाबालिक को धूम्रपान सामग्री बेचते पाए जाने पर कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही होगी

## 01 सप्ताह तक लोगों को जागरूक किया जाएगा उसके बाद उल्लंघन पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

नशे की विरुद्ध जशपुर पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त पहल की जा रही है एवं इसके लिए मीटिंग का आयोजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय जशपुर में किया गया। उक्त मीटिंग में पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही. के. इंदवार के द्वारा नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया गया। कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही हेतु पुलिस और स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिलकर एक विशेष टीम का गठन किया गया है, जो इस प्रावधान के तहत कार्यवाही करेंगे।

**सार्वजनिक स्थल पर कार्रवाई होगी-** अधिकारियों द्वारा बताया गया कि सिगरेट व अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम 2003 (COTPA) से संबंधित अधिनियम है, इस नियम के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धुम्रपान को निषेध किया गया है तथा दंडनीय अपराध के श्रेणी में रखा गया



है, साथ ही इस अधिनियम के तहत सिगरेट और अन्य तंचाकू उत्पादो के विज्ञापनों का प्रतिषेध किया गया है। 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को एवं किसी शैक्षणिक संस्था परिसर के अंतर्गत सिगरेट या अन्य तंबाकू उत्पाद के विक्रय व्यापार पर प्रतिषेध का प्रावधान है। जिसके धारा 04 में सार्वजनिक स्थलों पर धुम्रपान निषेध, धारा 05 में सिगरेट एवं तम्बाकू उत्पादन के विज्ञापन का निषेध, धारा 06, एवं धारा 07 में सिगरेट एवं तम्बाकू उत्पादनों की अवैध बिक्री व प्रकाशन से संबंधित कार्यवाही दंड का प्रावधान है, इस संबंध में विस्तार से बताते हुए जानकारी दिया गया।

**फिल्म से करेगें जागरुक -** कोटपा एक्ट को लेकर पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा अभिनित एवं निर्मित शॉर्ट फिल्म लोगों को दिखाया जाएगा जो मुख्य रूप से नशे के दुष्परिणामों को लेकर है। यह फिल्म राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार पा चुकी है। आगामी 01 सप्ताह तक सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान करते पाए जाने एवं नाबालिग को विक्रय करते पाए जाने पर सर्वप्रथम समझाइस दी जाएगी, उसके पश्चात धूम्रपान से संबंधित सामग्री को जप्त कर चालानी कार्रवाई की जाएगी। गठित टीम द्वारा विभिन्न संस्था, स्कूलों, कॉलेज ग्रामों में व्यापक स्तर पर कोटपा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिससे लोग लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

**स्वास्थ्य पर होता है दुष्प्रभाव** -सीएमएचओ डॉ. व्ही. के. इंदवार ने बताया कि तंबाकू उत्पाद एवं सिगरेट से जो बीमारियां होती है उसका निःशुल्क उपचार जिला अस्पताल जशपुर में उपलब्ध है, इसके लिए पृथक से डॉक्टरों की टीम तैनात है जो काउंसलिंग का भी कार्य करते हैं। लंबे समय से सिगरेट बीड़ी इत्यादि पीने से फेफड़ों में जो समस्या आती है उनका उपचार एवं दवाई निशुल्क जिला अस्पताल में उपलब्ध है, तंबाकू के लगातार सेवन करने से न केवल कैंसर की बीमारी होती है, बल्कि डायबिटीज बीमारी के भी लक्षण दिखते हैं। तम्बाकू गुटखा इत्यादि के सेवन करने से मुंह में कैंसर होता है एवं मुंह कम खुलता है जो आने वाले समय में दुष्परिणामों के संकेत है।

**ये रहे उपस्थित**-पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, सीएमएचओ डॉ. व्ही. के. इंदवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी चन्द्रशेखर परमा, सिविल सर्जन जशपुर एवं स्वास्थ्य विभागों के जनपत नायक जिला प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, डॉ उदय प्रकाश भगत जिला नोडल अधिकारी एल.सी.डी. शाखा, डॉ अबरार खान सारकोलॉजिस्ट एन. टी.सी.पी शाखा उपस्थित रहे।

**की जाएगी कार्यवाई-** पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि COTPA एक्ट के संबंध में पूरे जिले में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, सर्वप्रथम लोगों को समझाईस दी जाएगी उसके पश्चात जप्ती कार्यवाही कर चालानी कार्यवाही की जाएगी।

# शहर के जल भराव क्षेत्र का निगम कमिश्नर ने किया निरीक्षण

## बरसात पूर्व समय पर नाला सफाई करने और पानी निकासी पर ध्यान देने के दिए गए निर्देश



पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने शहर के जल भराव क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान पानी निकासी नालों से बेहतर हो इसके लिए नालों में जमे मालवा को निकालने और बरसात के पूर्व नाला सफाई कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। सबसे पहले मोहदा पारा नाले का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मोहल्ले वासियों से भी कमिश्नर ने चर्चा की। मोहल्ले वासियों ने बताया कि प्लाटिंग होने और नाला से पानी निकासी बाधित होने के कारण बरसात के दिनों में जल भराव की स्थिति निर्मित होती है। इस दौरान उन्होंने पानी निकासी की समस्या का समाधान करने की मांग की। इस पर कमिश्नर ने स्वास्थ्य एवं भवन विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी तरह मिट्ठूमुड़ा तालाब का निरीक्षण किया गया। यहां से भी पानी निकासी बेहतर हो इसके लिए कार्य करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए गए। इसके बाद कबीर चैक स्थित सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाइपलाइन चेंबर का निर्माण शीघ्रता से करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह नवापारा, गांधीनगर नाला का निरीक्षण किया गया। इस दौरान नवापारा नाली की सफाई छोटी पोकलेन से करने और आवश्यकता होने पर नाले के उसपार स्थित बाउंड्रीवॉल को तोड़कर नाला सफाई कराने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसीतरह ओवर ब्रिज के नीचे ठेला गुमटी लगाने वालों को व्यवस्थित करने और जूटमिल मुख्य सड़क डिवाइडर का सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कई सफाई कर्मी बिना ड्रेस के मिले। इस पर कमिश्नर चंद्रवंशी ने सफाई कर्मियों के ड्रेस पर ध्यान देने और ड्रेस पहन कर नहीं रहने वालों को अनुपस्थित करने के निर्देश सभी सफाई दरोगा को दिए गए। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता सूरज देवांगन एवं निगम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# शिवरीनारायण में निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रारंभ कराने पत्रकार ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

शिवरीनारायण नगर में निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रारंभ कराने हेतु छ.ग. के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को केन्द्रीय समिति केवंट समाज के मीडिया प्रभारी अजय केवंट ने पत्र भेजा है तथा इसकी एक प्रति तहसीलदार को भी दिया है। केंवट का कहना है कि वर्तमान समय में सभी क्षेत्रों में कम्प्यूटर का उपयोग भी होने लगा है। जिसके कारण हर क्षेत्र में कम्प्यूटर की मॉग बढ़ती ही जा रही है। कम्प्यूटर में टैली, डीटीपी, कोरल, फोटो मिक्सिंग, विडियों मिक्सिंग, खाता बही, बिलिंग, हॉटल मैनेजमेंट, ऑनलाईन फार्म भरने इत्यादि सभी सॉफटवेयर की प्रशिक्षण प्राप्त करके लेटरहेड, बिलबुक, षष्ठी संस्कार, नामकरण,



शोकपत्र, फोटो मिक्सिंग, विडियों मिक्सिंग सहित कई तरह के कार्य किये जाते है। तथा बढ़ती हुई बेरोजगारी की समस्या से सभी विशेष कर गरीब युवा वर्ग को स्वरोजगार में सहायता मिल सकती है। इनकी प्रशिक्षण प्रदान करके बढ़ती बेरोजगारी के दौर में रोजगार प्राप्त करने की दिशा में भी सहयोग मिल सकता है। अगर शिक्षित युवा बेरोजगारों को निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है तो कॉमन सर्विस सेंटर तथा लोक सेवा केन्द्र में भी आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, मृत्यु पत्र, गुमास्ता, भूमि संबंधी बी 1, नक्शा इत्यादि सभी तरह की प्रमाण पत्र बनाये जा रहे है या डाउनलोड आमजनताओं को प्रदान किया जा रहा है। चूँकि शिवरीनारायण को शासन द्वारा तहसील का दर्जा भी प्रदान कर दिया गया है तथा तहसील कार्यालय संचालित भी हो रही है। अगर कम्प्यूटर प्रशिक्षत बेरोजगार चाहे तो उनको स्टॉम्प पेपर पर लिखाई का कार्य कर सकता है।

# प्रतिबंधित पंचधारी एनीकट में नहाने वालों के मोबाइल चुराने वाले शातिर चोर को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

## आरोपी से चोरी के 04 मोबाइल बरामद, आरोपी को पूर्व में भी चोरी के अपराधों में किया गया है चालान

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत केलो डेम पर बने एनीकट पंचधारी नहाने के लिए प्रतिबंधित होने के बावजूद लोग नहाने आते हैं, जहां से नहाने आये लोगों के मोबाइल, कपड़े, रूपयों के चोरी की घटनाएं सामने आ रही थी।

इसी परिप्रेक्ष्य में 20 मई को संत विनोबा नगर जूटमिल की रहने वाली ज्योति किण्डो (उम्र 16 वर्ष) द्वारा थाना कोतवाली में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि 05 मई को वह अपनी 3 सहेलियों के साथ पंचधारी ऐनीकेट डेम में सुबह करीब 11 बजे नहाने गयी थी। ज्योति और इनकी सहेलियों ने अपने स्कूल बैग



में अपना कपड़ा व 2 मोबाईल फोन, नगदी रकम 3000 रुपये कुल जुमला कीमती 16,000 रुपये का डेम के सीढ़ी के पास कपड़े में लपेट कर रखे थे और नहाने गये थे। थोड़ी देर बाद वापस आये तो उनका कपड़ा एवं बैग, दोनों मोबाईल फोन एवं नगदी रकम नहीं था, आसपास पता तलाश किये पता नहीं चला। थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 379 आईपीसी कायम कर माल मुल्जिम की पतासाजी में लिया गया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन पर नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला द्वारा कोतवाली पुलिस को क्षेत्र में मोटर सायकल व विभिन्न चोरियों के माल मुल्जिम की पतासाजी हेतु दिशा निर्देश दिया गया है। सीएसपी आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन पर कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी मोबाइल के डिटेल के साथ पूर्व में चोरी में शामिल आपराधों में चालान हुए आरोपियों से सघन पूछताछ कर रही है। इसी कड़ी में कल कोतवाली पुलिस से सूचना मिला कि चांदमारी सर्किट हाउस के पास सेकेण्ड हैण्ड मोबाईल बिकी के लिये ग्राहक तलाश कर रहा है, तत्काल कोतवाली पुलिस ने संदेही दीपक कर्ष निवासी चांदमारी को हिरासत में लिया गया जिसके पास विभिन्न कंपनियों के 04 मोबाइल मिला। मोबाइलों के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर उसने इसी माह पंचधारी डेम के पास से मोबाइल चुराना बताया है। आरोपी से चोरी की 04 नग मोबाइल कीमती करीब 32 हजार रुपए का जप्त कर आरोपी को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर कोतवाली पुलिस द्वारा रिमांड पर भेजा गया है।

आरोपी दीपक कर्ष पिता देवलाल कर्ष उम्र 21 साल निवासी चांदमारी थाना कोतवाली जिला रायगढ़ को कोतवाली पुलिस द्वारा पूर्व में भी चोरी के अपराध में चालान कर जेल भेजा गया था।

# बाईक सवार युवक को तेज रफ्तार ट्रेलर ने कुचला, मौके पर ही हुई मौत, दोस्त की शादी से लौटते समय हुआ हादसा

## आरोपी वाहन चालक फरार

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

शादी कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे युवक को तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जोरदार ठोकर मार दी। इस दुर्घटना में बाईक सवार युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतरा रोड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम माण्ड निवासी चंद्रपाल सिदार 32 साल ने बताया कि वह खेती किसानी का काम करता है। उसका छोटा भाई रितेश सिदार लोहरसिंग के वेयर हाउस में काम करता है। जो कि 20 मई की रात्रि ड्यूटी कर 21 मई की सुबह घर आया और बताया कि वह अपने दोस्त की शादी में शामिल होनें जा रहा है और फिर 21 मई की सुबह 10 बजे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 यूबी 4656 से निकला था और शाम तक वापस नही आया इस दौरान उसके मोबाईल पर संपर्क करने पर उसने बताया कि वह अपने साथियों से बिछड़ गया है और जल्द ही घर आने की बात कही गई। इसी दौरान रात्रि करीब 9 बजे पता चला कि बैसपाली चैक मे ट्रेलर क्र. सीजी 13 एव्ही 9948 के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार युवक को जोरदार ठोकर मार दी जिससे सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस दुर्घटना के बाद से ट्रेलर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के बाद कोतरा रोड़ पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया है। साथ ही साथ फरार ट्रेलर चालक की पतासाजी में जुट गई है।

# मालगाड़ी से टकराकर ट्रेक्टर के परखचछे उड़े, कलमी के पास हुआ हादसा

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

तेज रफ्तार मालगाडी से ट्रेक्टर टकरा जाने का मामला सामने आया है। गुड्स ट्रेन से टकराने पर ट्रेक्टर के परखचछे उड़ गये। मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ से लगे ग्राम कलमी के पास चौथी लाइन का काम चल रहा है। चल रहे काम में ट्रेक्टर से मिट्टी डालने का काम चल रहा था इसी दौरान ट्रेक्टर को चालक बैक कर रहा था तभी रेलवे ट्रैक पर ट्रेक्टर फंस गया स चालक ट्रेक्टर को निकालने का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हुआ। इसी बीच रायगढ़ की ओर से तेज रफ्तार मालगाडी को आते देख चालक



ट्रेक्टर छोड़ कर भाग गया। वहीं तेज रफ्तार मालगाडी से ट्रेक्टर की टककर हो गयी। हालांकि इस घटना में कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। वहीं ट्रेक्टर के दो टुकड़े हो गये। आरपीएफ पुलिस ने मौके पर पंहुच कर ट्रेक्टर को जब्त करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## विधायक संदीप साहू तिल्दा में पत्रकार गोलू कैवर्त के भतीजे के शादी कार्यक्रम में शामिल हुए

**लवन।** कसडोल विधानसभा के लोकप्रिय विधायक संदीप साहू बुधवार 22मई को पत्रकार गोलू कैवर्त के भतीजा के शादी कार्यक्रम तिल्दा में शामिल होकर वर वधु को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर परिवार के सदस्यों में पत्रकार गोलू कैवर्त, संतोष कैवर्त, दानसिंह निषाद पूर्व प्रदेश अध्यक्ष छतीसगढ़ निषाद समाज, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतीश पाण्डेय, नन्द कुमार निषाद, सहित अन्य मेहमानों की उपस्थिति रहा।



# पुलिस ने सट्टा खाईवाल पर प्रतिबंधक कार्यवाही कर भेजा जेल

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

बीते शनिवार 19 मई की रात्रि साइबर सेल व कोतवाली पुलिस द्वारा मधुबनपारा, रायगढ़ में सट्टा खाईवाल शहनवाज मलिक उर्फ सानू को क्रिकेट सट्टा खिलाते पकड़ा जिस पर थाना कोतवाली में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 7 के तहत कार्यवाही की गई थी। खाईवाल शहनवाज उर्फसानू तथा उसके लिए सट्टा-पट्टी लिखने वालों पर पुलिस की कार्रवाई से सटोरिए सानू उसके मोहल्ले के कुछ लोगों पर पुलिस को सूचना देने का संदेह जताकर कल शाम मोहल्ले में गाली गलौज



कर रहा था। टीआई कोतवाली को खाईवाल के कृत्य की जानकारी मिलने पर कोतवाली स्टॉफको मौके पर रवाना किया गया। जहां शाहनवाज खान उर्फ सानू मोहल्ले वालों को गाली गलौज कर डराते धमकाते मिला जिसे पुलिसकर्मियों द्वारा शांतिभंग ना करने की समझाइश दी गई इतने में अनावेदक सानू आक्रोशित होकर तेज आवाज में पुलिसकर्मियों के लिए अभद्र शब्दों का प्रयोग किया। अनावेदक सानू खान के कृत्य को देखते हुए कोतवाली स्टाफद्वारा शहनवाज मलिक उर्फ सानू पिता कतुबुद्दीन 35 साल मधुबनपारा रायगढ़ को गिरफ्तार कर थाना लाया गया जिस पर धारा 151 107,116(3) सीआरपीसी की कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय रायगढ़ पेश किया गया। अनावेदक का जेल वारंट प्राप्त होने पर कोतवाली पुलिस ने शहनवाज मलिक उर्फ सानू को जेल दाखिल किया है।

## समय सीमा पर आवास निर्माण पूर्ण नहीं करने वाले हितग्राहियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**बेमेतरा ।** कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार सीईओ ज़िला पंचायत टेकचंद अग्रवाल के मार्गदर्शन में सीईओ जनपद पंचायत बेमेतरा की अनुशंसा पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.), बेमेतरा द्वारा आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत समय सीमा पर आवास निर्माण पूर्ण नही कर रहे हितग्राहियों से योजनान्तर्गत अंतरित राशि वसूली हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया गया हैं। इसके अंतर्गत ग्राम बैजी ग्राम पंचायत बैजी से 01, ग्राम नवलपुर ग्राम पंचायत बिलई से 03, ग्राम खपरी व ग्राम मुंगेली ग्राम पंचायत बाराडेरा के क्रमशः 5 व 1 हितग्राहियों को नोटिस जारी किया गया हैं। जनपद पंचायत बेमेतरा अंतर्गत समय सीमा में आवास निर्माण नही करने वाले 200 से अधिक हितग्राहियों से वसूली की कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं ।

## दम तोड़ती नजर आई मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना

# धरमजयगढ़ में स्कूल भवनों का निर्माण व मरम्मत कार्य अधूरा

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत नए स्कूल भवन बनाने से लेकर पुराने स्कूलों की मरम्मत के लिए साढ़े 3 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी गई थी। इस योजना के तहत धरमजयगढ ब्लाक अंतर्गत 297 स्कूलों की स्वीकृति दी गई थी। लेकिन सालभर बीतने के बाद भी इस योजना के तहत बनाए जा रहे स्कूलों का काम पूरा नहीं हुआ है।

जबकि 16 ऐसे स्कूल हैं, जहां पर ठेकेदारों द्वारा मरम्मत कार्य के लिए स्कूल भवनों को महज तोड़कर रख दिया गया है।जिसके बाद ठेकेदार गुम सा हो गये। गर्मी की छुट्टी के बाद 15 जून से स्कूल फिर से शुरू होगा। ऐसे में



निर्माण और मरम्मत नहीं होने से विद्यार्थी फिर जर्जर भवन में बैठकर शिक्षा के लिए मजबूर होंगे। ज्ञात हो वर्ष 2023 में पूर्व कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में नए शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले सीएम स्कूल जतन योजना शुरू की थी। जिसकी स्कूल निर्माण करने की पूरी जिम्मेदारी आरईएस विभाग को दी गई है। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद मई 2023 तक सभी निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए समय सीमा तय किया गया था। इसके बाद रायगढ़ पूर्व कलेक्टर भीम सिंह ने आरईएस के अधिकारियों को 30 सितंबर तक सभी अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए निर्देश दिए थे। बार-बार अधिकारियों के निर्देश देने के बावजूद जिले में योजना के तहत स्वीकृत काम पूरे नहीं हो पा रहे हैं।

पिछले सत्र में स्कूल भवन की कमी व स्कूल बदहाल होने के कारण छात्र छात्राओं को वर्षा के समय परेशानी का सामना करना पड़ा था। और इस वर्ष भी समय पर सरकार द्वारा बनाई कई स्कूल भवनों एवं कई योजना पूरा नहीं होने के कारण छात्र छात्राओं को परेशानियों को सामना करना पड़ सकता है।

इस संबंध में शिक्षा विभाग के आलाधिकारी कर्मचारीयों का कहना है, कि काम शिक्षा विभाग का है, लेकिन काम की पूरी जिम्मेदारी आरईएस को दिया गया है। वे ही काम पूरा करा रहे हैं, और समय दृ समय पर हमें जानकारी उपलब्ध कराते हैं। जिले में योजना के तहत कुछ स्थानों में हुए निर्माण के गुणवत्ता की शिकायत भी हो चुकी है। लेकिन जिम्मेदार इस पर कार्रवाई कर रहे हैं और न ही मरम्मत ठीक से करा रहे हैं।

# सोना चांदी चमकाने के नाम पर ग्रामीण हुआ ठगी का शिकार

## घरघोड़ा क्षेत्र के ईस गाँव का किसान हुआ ठगी का शिकार



पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोकरबुड़ा में दो से ढाई लाख के जेवरात की ठगी का शिकार होने का मामला सामने आया है। जानकारी अनुसार पीड़ित श्याम कुमार महंत निवासी डोकरबुड़ा के घर पर लगभग 12.30 अज्ञात लोगों के द्वारा सोने चांदी जेवरात की सफाई के नाम पर घर मे आये और सोना चांदी सफाई के नाम पर हाँथ साफकर गए। ठगी हुए जेवरात की कीमत लगभग एक से दो लाख के आसपास बताई जा रही है, ग्रामीणों के बताए अनुसार पुलिस द्वारा सोशल मीडिया में जारी किए गए फोटो से उन ठगबाजो से मेल खा रही है। पीड़ित ने पूंजीपथरा थाना में सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दिया है पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

संपादकीय

## रईसी का निधन भविष्य पर संकट

**इब्राहीम रईसी** ने अपने पीछे समृद्ध विरासत छोड़ी है और उनके निधन से ईरान के भविष्य पर संकट मंडराने लगा है। ईरान अभूतपूर्व राजनीतिक संकट से गुजर रहा है क्योंकि उसके राष्ट्रपति इब्राहीम रईसी तथा विदेश मंत्री हुसैन अब्दुल्लाहियान का रहस्यमय परिस्थितियों में एक दुःखद हेलीकाप्टर दुर्घटना में निधन हो गया है। इन प्रमुख नेताओं के निधन ने ईरान को अनिश्चितता में धकेल दिया है, नेतृत्व में खाली स्थान पैदा हुआ है तथा विभिन्न अफवाहों व षडयंत्र सिद्धान्तों को हवा मिल रही है। रईसी अपने कट्टरपंथी दृष्टिकोण तथा विवादास्पद कार्रवाइयों में संलिप्तता के लिए जाने जाते थे। उन्होंने अपने पीछे जटिल विरासत छोड़ी है। अमीर अब्दुल्लाहियान के साथ उनकी मौत से न केवल नेतृत्व में खाली स्थान पैदा हुआ है, बल्कि ईरानी राजनीति और उसके विदेश संबंधों की दिशा पर सवाल उठने लगे हैं। हेलीकाप्टर दुर्घटना की परिस्थितियों ने भी अफवाहों को जन्म दिया है जो अजरबैजान सीमा के निकट भयानक कुहरे में गिर गया था। रईसी के अतीत को देखते हुए त्रासदी में षडयंत्र को आसानी से अनदेखा नहीं किया जा सकता है। वे 1988 में बड़े पैमाने पर हत्याओं, यूरेनियम-समृद्धीकरण जैसी कुछ विवादास्पद कार्रवाइयों तथा इज़राइल पर मिसाइल हमलों में शामिल थे। षडयंत्र के सिद्धान्तों में आंतरिक सत्ता संघर्ष से लेकर विदेशी हस्तक्षेप तक शामिल हैं। देश में राष्ट्रपति रईसी के अनेक विरोधी थे जिनमें उनकी नीतियों से हाशिए पर धकेले गए मध्यमार्गियों के साथ राष्ट्रपति कार्यकाल की आलोचना करने वाले कट्टरपंथी तक शामिल थे। ईरान का लंबे समय से 'प्रतिद्वंद्वी'



इज़राइल भी इस दायरे में आता है। हाल ही में दोनों देशों में बढ़ा तनाव, इज़राइल द्वारा एक ईरानी जनरल की हत्या और उसके बाद इज़राइल पर मिसाइल हमलों ने इज़राइली संलिप्तता की अफवाहों को हवा दी है। मोसाद ऐसी कार्रवाइयां करता रहा है, लेकिन किसी राष्ट्राध्यक्ष की हत्या इज़राइल के लिए भी जोखिम वाला कदम है। हालांकि, इज़राइल तथा अमेरिकी सिनेट में बहुसंख्यक समूह के नेता चक शूमर ने अपनी संलिप्तता से इनकार किया है।

बड़ा सवाल रईसी के उत्तराधिकारी तथा ईरान की भावी दिशा के बारे में भी है। मुहम्मद मोखबिर को कार्यवाहक राष्ट्रपति तथा उप-विदेश मंत्री अली बागेरी कानी को पदोन्नत कर विदेश मंत्री बनाया गया है। 28 जून चुनाव की तिथि तय की गई है। रईसी एक कट्टरपंथी धर्म गुरु थे और दयालु बिल्कुल नहीं थे। 1988 की गर्मियों में रईसी एक 'मृत्यु आयोग' में शामिल थे जिसने हजारों राजनीतिक बंदियों की मौत का फरमान जारी किया था। इनमें मुख्यतः पीपुल्स मुजाहिदीन आर्गेनाइजेशन आफ ईरान-एमईके तथा अन्य वामपंथी समूहों के लोग शामिल थे। ईरानी सत्ता संरचना के एक प्रमुख व्यक्ति रईसी अपनी भयानक मौत तक लगातार प्रगति कर रहे थे। उनकी मृत्यु से सर्वोच्च नेता 85 वर्षीय अयातुल्ला अली खामनेई के वारिस के बारे में अनुमान लगाए जा रहे हैं, पर इससे ईरान की राजनीतिक दिशा में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं होगा। कट्टरपंथियों के प्रभुत्व वाली व्यवस्था प्राथमिकता से निरंतरता और स्थायित्व को महत्व देती है तथा प्रभुत्व के लिए आंतरिक दमन करती है। रईसी के उत्तराधिकारी को आर्थिक उथलपुथल तथा सामाजिक अशांति के बीच कठिन चुनौतियों का सामना करना होगा। इसके अलावा लगातार अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों की स्थिति बनी हुई है। आंतरिक विरोध तथा बाहरी दबावों के चलते उत्तराधिकार प्रक्रिया महत्वपूर्ण है। भविष्य में पता चलेगा कि कोई उल्लेखनीय परिवर्तन होंगे या पुरानी व्यवस्था बनी रहेगी जहां मध्यमार्गियों व वामपंथियों का कोई स्थान नहीं होगा।

# केजरीवाल के समक्ष कठोर चुनौती

केजरीवाल स्वयं को जमीनी संघर्षशील नेता के रूप में पेश करते रहे हैं। ऐसे में अभियोजन के बाद यह चुनाव उनके तथा 'आप' के समक्ष कठोर चुनौती पेश करता है।



कल्याणी शंकर
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)




अरविंद केजरीवाल स्वयं को जमीनी संघर्षशील नेता के रूप में पेश करते रहे हैं। ऐसे में उनके अभियोजन के बाद यह चुनाव उनके तथा उनके नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी-'आप' के समक्ष कठोर चुनौती पेश करता है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पिछले दशक में अनेक बाधाओं का सामना किया है। इसके बावजूद उनकी अडिग दृढ़ता अनेक लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रही। लेकिन वर्तमान समय में 'शराब नीति घोटाले' के बाद वे तथा उनकी पार्टी सबसे बड़े संकट का सामना कर रही है। निकट अतीत में अनेकानेक चुनौतियों के बावजूद केजरीवाल की राजनीतिक यात्रा उनकी अदम्य इच्छाशक्ति और संघर्षशील भावना का प्रतीक बन गई है। दिल्ली में संक्षिप्त 49 दिवसीय कार्यकाल के बाद उनको 2014 में दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों पर पराजय का सामना करना पड़ा था। लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की तथा 2015 में दिल्ली विधानसभा चुनाव में 70 सीटों में से 67 पर विजय प्राप्त करने में सफल रहे।

इस प्रकार उन्होंने कांग्रेस तथा भाजपा को तगड़ा धक्का दिया था। लेकिन पिछले महीने दिल्ली शराब नीति मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद स्थिति लगभग पूरी तरह बदल गई है। इस मामले में उन पर भ्रष्टाचार तथा सत्ता के दुरुपयोग के आरोप लगे। इससे उनके तथा आम आदमी पार्टी-आप के भविष्य पर अनिश्चितता का संकट मंडराने लगा। वर्तमान समय में सवाल है कि क्या वर्तमान शराब नीति घोटाला प्रकरण उनकी पार्टी की समाप्ति का कारण बनेगा अथवा वे इस आंधी का मुकाबला कर अपनी राजनीतिक यात्रा जारी रखने में सफल होंगे? सर्वोच्च न्यायालय ने केजरीवाल को इस मामले में अंतरिम जमानत दे कर उनको वर्तमान चुनावों में प्रचार करने का अवसर दे दिया है। उनकी जमानत केजरीवाल-समर्थकों तथा आप नेताओं व कार्यकर्ताओं के लिए उम्मीद की किरण है। इस सकारात्मक घटना ने केजरीवाल की सफलता का रास्ता खोला है। लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि क्या मतदाताओं में केजरीवाल के प्रति हमदर्दी पैदा होती है और वे चुनाव में आम आदमी पार्टी-आप को विजय दिलाते हैं। केजरीवाल स्वयं को जमीनी संघर्षशील नेता के रूप में पेश करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपने कथित उत्पीड़न का मामला उठाते रहे हैं। वर्तमान समय में उनके अनेक नेता जेल में हैं। केजरीवाल तथा उनकी पार्टी जनता को यह बताने का प्रयास करते रहे हैं कि उनके साथ जेल में दुर्व्यवहार हुआ और वहां उनको इन्सुलिन तथा मधुमेह की दवाइयां नहीं दी गईं। केजरीवाल की पत्नी तथा अन्य आप नेता आरोप लगाते रहे हैं कि यह उनके नेता की हत्या का षडयंत्र था। केजरीवाल की गिरफ्तारी आम आदमी पार्टी-आप के लिए सबसे बड़ा संकट था जिसकी स्थापना नवंबर, 2012 में हुई थी।

अपनी स्थापना के बाद से ही आप को अनेकानेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा जिनमें आंतरिक टकराव, भ्रष्टाचार के आरोप तथा आम आदमी के लिए पार्टी की छवि बनाए रखना शामिल हैं। पिछले वर्षों में केजरीवाल के अनेक सहयोगियों ने उनका साथ छोड़ा और उन पर स्वेच्छाचारी होने का आरोप लगाया। ये नेता अन्ना हजारे के नेतृत्व में चले 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन'-आईएसी आंदोलन के दिनों से ही उनके साथ थे। कहा जाता है कि केजरीवाल ने अपनी छवि बनाई और पार्टी में व्यक्तिवाद को बढ़ावा दिया। सत्ता तक आम आदमी पार्टी-आप की पहुंच बहुत नाटकीय रही है। इसका जन्म 2012 में अन्ना हजारे के नेतृत्व वाले इंडिया अगेंस्ट करप्शन आदोलन से हुआ। पार्टी कुछ ही महीने में सत्ता में आ गई, लेकिन 48 घंटे के अंदर केजरीवाल का इस्तीफा बहुत से लोगों के लिए आश्चर्यजनक था। इसके बाद केजरीवाल की 2015 व 2019 में सत्ता में वापसी हुई। दोनों बार उन्होंने भारी बहुमत से दिल्ली विधानसभा चुनाव जीते। इन असाधारण नाटकीय उपलब्धियों ने पार्टी की राजनीतिक दिशा के बारे में जनता में जिज्ञासा पैदा की और इससे केजरीवाल की राजनीतिक क्षमता तथा दृढ़ता स्पष्ट हुई। व्यक्तिगत रूप से देखें तो अरविंद केजरीवाल हमेशा महत्वाकांक्षी रहे हैं।

उन्होंने अपनी पार्टी की ओर से स्वयं को प्रधानमंत्री उम्मीदवार की तरह पेश किया और 2014 में नरेन्द्र मोदी के खिलाफ वाराणसी से चुनाव मैदान में भी उतरे। लेकिन इस चुनाव में उनको भारी पराजय का सामना करना पड़ा। इस साहसी कदम ने केजरीवाल और उनकी पार्टी की छवि जनता में बहुत मजबूत कर दी। केजरीवाल ने अपनी तथा पार्टी की छवि मजबूत करने के लिए अतीत में विपक्षी दलों के साथ गठबंधन बनाने के भी प्रयास किए। हाल ही में वे विपक्षी दलों द्वारा बनाए गए 'इंडिया' गठबंधन में भी शामिल हुए। 25 से अधिक विपक्षी दलों के इस गठबंधन ने भाजपा के प्रभुत्व को चुनौती देने का प्रयास किया है। वर्तमान समय में इस गठबंधन में शामिल 'आप' कांग्रेस के अलावा अकेली ऐसी पार्टी है जिसका एक से अधिक राज्यों में शासन है। केजरीवाल को लगता है कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' दिल्ली और पंजाब के बाहर उनकी पार्टी के विस्तार में सहायक सिद्ध हो सकता है। लेकिन वर्तमान समय में 'आप' का महत्वपूर्ण राजनीतिक प्रभाव केवल 20 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तक सीमित है। ऐसे में केजरीवाल का राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव इन निर्वाचन क्षेत्रों में पार्टी के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। वर्तमान समय में 'आप' के पास लोकसभा की एक सीट तथा राज्यसभा की दस सीटें हैं। पार्टी को आशा है कि अप्रैल, 2023 में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिलने के बाद अब वह अपने प्रभावक्षेत्र का विस्तार दिल्ली और पंजाब के अलावा दूसरे राज्यों में भी कर सकेगी।

भारतीय राजनीति में आम आदमी पार्टी-आप की सत्ता तक पहुंच बहुत आश्चर्यजनक रही है। भाजपा या वामपंथी पार्टियों के उलट इसका कोई ठोस वैचारिक दृष्टिकोण नहीं है। इसने क्षेत्रीय या समाजवादी पृष्ठभूमि वाली पार्टियों पर विश्वास नहीं किया है जिनमें अन्नाद्रमुक, द्रमुक, समाजवादी पार्टी, बीजू जनता दल और राष्ट्रीय जनता दल शामिल हैं। इसके बजाय इसने एक प्रकार से जनता को अनेक सुविधायें मुफ्त देने वाली 'खैरात संस्कृति' का विकास कर सत्ता तक अपनी पहुंच बनाई है। 'आप' अब दिल्ली में कांग्रेस के साथ मिल कर लोकसभा चुनाव लड़ रही है, जबकि वह पंजाब में स्वतंत्र रूप से सभी 13 सीटों पर मैदान में है। ये गठबंधन केजरीवाल की राजनीतिक यात्रा में उम्मीद की किरण हैं। आम आदमी पार्टी-आप केवल एक राजनीतिक उद्यम नहीं है। यह कांग्रेस द्वारा छोड़े गए खाली स्थान पर कब्जा करने तथा राजनीतिक रूप से 'द्वि-ध्रुवीय' राज्यों पर कब्जे का प्रयास कर रही है। इन प्रदेशों में हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्तमान लोकसभा चुनाव में जहां 'मोदी की गारंटी' का वादा किया है, वहीं केजरीवाल ने 'दस सूत्री एजेंडा' सामने रखा है। इस एजेंडे में 'इंडिया' के केन्द्रीय सत्ता में आने पर चीनी कब्जे से भारतीय भूमि को आजाद कराना शामिल है।

इसके साथ ही इसमें दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने, चौबीसों घंटे व सातों दिन बिजली सप्लाई सुनिश्चित करने तथा मुफ्त शिक्षा देने के वादे भी शामिल हैं। अपने इन वादों से केजरीवाल राष्ट्रीय मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करना चाहते हैं। लेकिन दिल्ली शराब नीति घोटाला 'आप' के लिए असुविधा का कारण बन गया है और यह भाजपा को केजरीवाल के खिलाफ अवसर प्रदान करता है। वर्तमान समय में जारी लोकसभा चुनाव में सवाल है कि क्या यह आम आदमी पार्टी-आप की समाप्ति का समय बनेगा? इसके साथ ही क्या 'आप' में दूसरी कतार वाले नेताओं, जैसे गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज, संदीप पाठक, राघव चड्डा और आतिशी को पार्टी चलाने का मौका मिलेगा, अथवा हमेशा की तरह केजरीवाल पार्टी नेता बने रहेंगे? केजरीवाल को आशा और उम्मीद है कि भाग्य उनका साथ देगा। अब तक इस सकारात्मक दृष्टिकोण ने उनकी बहुत मदद की है। यदि लोकसभा चुनाव में पार्टी को समुचित सीटें मिलती हैं तो उनकी लोकप्रियता बढ़ेगी। केवल मतदाता ही तय करेंगे कि भारतीय राजनीति में केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी का भविष्य कैसा होगा।

# सरकारी प्रयास बनाम स्वास्थ्यरक्षा चुनौतियां

"रक्ताल्पता से पीड़ित ग्रामीण महिलाओं व बालिकाओं के लिए सरकार के स्वास्थ्य कार्यक्रम पर्याप्त साबित नहीं हो पाए हैं।"

नसीम बानो
(लेखिका, सामाजिक कार्यकर्ता हैं)



राजस्थान में, स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। स्वास्थ्य देखभाल पहुंच और गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से कई सरकारी पहलों के बावजूद, इन कार्यक्रमों का लाभ अपने इच्छित लक्ष्य तक नहीं पहुंच पा रहा है।

यह समस्या विशेष रूप से एनीमिया से पीड़ित महिलाओं और किशोरियों में अधिक देखी जाती है। जबकि राज्य सरकार ने स्वास्थ्य का अधिकार अधिनियम लागू किया है और एनीमिया से निपटने के लिए मासिक अभियान चलाती है, इन प्रयासों से अभी भी ग्रामीण राजस्थान में स्वास्थ्य क्षेत्र में पर्याप्त सुधार नहीं हुआ है। इसका एक उदाहरण मनोहरपुरा गांव में देखा जा सकता है उदयपुर के विरासत शहर से चार किलोमीटर दूर। यह गांव बड़गांव पंचायत के अंतर्गत आता है और इसकी आबादी करीब एक हजार है.

मुख्य रूप से अनुसूचित जनजाति के निवास वाले इस गांव में शिक्षा का स्तर निम्न है, जिसका असर यहां के निवासियों की जागरूकता पर पड़ता है। जिला मुख्यालय से नजदीक होने के बावजूद मनोहरपुरा स्वास्थ्य क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ है। गांव के कई परिवारों के पास बुनियादी पहचान दस्तावेजों का भी अभाव है, जो उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँचने से रोकता है।

दस्तावेज़ न होने का कारण यह है कि गाँव में अधिकांश बच्चे अस्पतालों के बजाय घर पर पैदा हुए थे, जिसके परिणामस्वरूप जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड नहीं थे। युवा लड़कियों और महिलाओं के लिए, राज्य सरकार ने %आई एम शक्ति उड़ान योजना% शुरू की है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक



रूप से कमजोर महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाना है और 2024 तक लगभग 2.8 मिलियन महिलाओं और किशोरों को इस लाभ में शामिल करने का लक्ष्य है। इस योजना से 11 से 45 वर्ष की मासिक धर्म वाली लड़कियों और महिलाओं को सैनिटरी पैड मिलते हैं। हालाँकि, अधिकांश किशोरियाँ और महिलाएँ इस लाभ से वंचित रह जाती हैं। जागरूकता की कमी और गरीबी दोनों के कारण, कई लड़कियां अभी भी मासिक धर्म के दौरान पैड खरीदने के बजाय गंदे कपड़े का उपयोग करती हैं। इसके अतिरिक्त, राजस्थान में एनीमिया उन्मूलन के उद्देश्य से राज्य सरकार के मासिक शक्ति दिवस कार्यक्रमों के बावजूद, गाँव की लगभग आधी किशोरियाँ और महिलाएँ एनीमिया से पीड़ित हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इस अभियान के तहत एनीमिया की दर को कम करने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। बच्चे, महिलाएं और किशोर। शक्ति दिवस कार्यक्रम आंगनवाड़ी केंद्रों, सरकारी स्कूलों, स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों, उप-स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सीएचसी, औषधालयों और उप-जिला और जिला अस्पतालों में आयोजित किए जाते हैं। इन आयोजनों में एनीमिया जांच, हीमोग्लोबिन परीक्षण और उपचार, आयरन की गोलियों का वितरण और एनीमिया के संबंध में जागरूकता बढ़ाने और व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए गतिविधियां शामिल हैं।

%शक्ति दिवस% पर, 6 महीने से 59 महीने की उम्र के बच्चों, 5 से 9 साल की उम्र के स्कूल न जाने वाले बच्चों, 10 से 19 साल की उम्र के किशोरों और 20 से 24 साल की विवाहित महिलाओं के लिए लक्षित गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं में एनीमिया से निपटने के लिए भी प्रयास किए जाते हैं।

हालाँकि, यह मुद्दा मनोहरपुरा गाँव से आगे पूरे उदयपुर जिले तक फैला हुआ है, जहाँ अप्रभावी कार्यान्वयन ने जिला रैंकिंग को प्रभावित किया है। पिछले नवंबर में स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक के दौरान सीईओ कीर्ति राठौड़ ने स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया था। उन्होंने यह सुनिश्चित करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया कि लाभ सभी बच्चों, किशोरों और महिलाओं तक पहुंचे और जिले को एनीमिया मुक्त बनाने के उपायों को सख्ती से लागू किया जाए।

इन कमियों से फिलहाल यह पता चलता है कि मनोहरपुरा के निवासियों को अभी भी पूर्ण स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल रहा है और गांव अपने स्वास्थ्य लक्ष्यों को पूरा नहीं कर पाया है।

इसे संबोधित करने के लिए प्रशासनिक कार्रवाई और अधिक से अधिक परिवारों को शामिल करते हुए सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है।

## आप की बात

### कश्मीर में भारी मतदान

चालीस वर्षों बाद कश्मीर में हुई रिकॉर्ड वोटिंग से धारा 370 की यंत्रणा से कश्मीर की जनता की मुक्ति सिद्ध कर दी है। धारा 370 के कारण आतंकवादियों को कई जगह पनाह मिली हुई थी। इसके कारण वहां का पर्यटन उद्योग बर्बाद हो गया था जिसका असर हिंदुओं के साथ ही बहुसंख्य मुस्लिम आबादी पर और भयानक रूप से पड़ रहा था। आतंकवादी उनसे हफ्ता वसूली करते थे। केसर उत्पादन व अन्य उद्योग कुछ स्थानीय नेताओं ने आतंकवादियों के गठजोड़ से अपने कब्जे में कर रखे थे। मतदान के प्रति इस जबरदस्त उत्साह ने दिखा दिया है कि कश्मीर की जनता धारा 370 हटाने के बाद बहुत राहत और सुकून महसूस कर रही है। इसके पहले कुछ चुनावों में तो 10 प्रतिशत से भी कम वोटिंग होती थी। आतंकी धमकियों के कारण मतदाता तो डरते ही थे, मतदान के लिए नियुक्त कर्मचारी, अधिकारी और सुरक्षाकर्मी भी भयग्रस्त रहते थे। उस समय चुनाव में भयंकर हिंसा होना सामान्य बात हो गई थी। देखना होगा कि कश्मीर में लोकतंत्र में जनता की बढ़ती सहभागिता से ऐसे राजनीतिक दल क्या सबक लेते हैं जो आज भी धारा 370 वापसी के सपने देख रहे हैं। आशा है आगामी विधानसभा चुनाव भी वहां शांतिपूर्वक संपन्न होकर जनता द्वारा चुनी हुई सरकार नियुक्त हो जाएगी।

**-सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### मोदी की काशी

**नरेन्द्र मोदी** का निर्वाचन क्षेत्र काशी अपनी नई पहचान से आज सबका मन लुभाती है। काशी की पहचान एक समय बड़े खस्ताहाल व टूटे-फूटे पुलों तथा गड्ढे वाली सड़कों से होती थी। काशी का जैसा विकास मोदी के शासनकाल में हुआ है वैसा पहले कभी नहीं हुआ था। आज वहां की स्वच्छ गंगा और वहां के घाट ही असली पहचान बन गये है। काशी के नागरिक और श्रृद्धालु के कहते हैं कि हमारे सांसद मोदी ने देश में धर्म के प्रति आस्था की नई ज्योति जगाई है। पिछले 10 साल में बहुत कुछ बदल गया है बनारस, सड़कों पर आवागमन सहज हुआ है तथा हवाई अड्डा भी काफी विकसित भी हुआ है। कशी के विकास से अधिकांश लोग अभिभूत हैं। यही कारण है कि आज अनेक परिवार अपनी दोपहिया या चारपहिया वाहन पर - हमार परिवार, मोदी परिवार-स्टिकर लगाए मिल जाएंगे। काशी में आने वाले पर्यटकों से स्थानीय लोगों को बेहतर रोजगार मिला है तथा अनेक शिक्षण संस्थानों से नौजवानों की प्रगति के अनेक मार्ग खुले हैं। आज वाराणसी पूरे पूर्वांचल की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। इसी कारण आज अधिकांश काशीवासी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को और बड़े बहुमत से संसद भेजने की तैयारी कर रहे हैं।

- **एमएम राजावत**, शाजापुर

### प्रवासियों को सुरक्षा

**आम आदमी** की सुरक्षा उस देश की प्राथमिकता होती है जहां नागरिक रहते हैं लेकिन जब विदेशी नागरिकों की सुरक्षा का सवाल आता है तब फिर यही प्राथमिकताएं जरूरत में बदल जाती हैं। पिछले कई सालों से ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलेंड, कनाडा और खासकर अमेरिका में अनेक भारतीय प्रवासियों को असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। अपनी प्रतिभा के जरिए उच्च शिक्षा और रोजगार पाने वाले भारतीय युवा जब इन देशों में जाते हैं तो वहां उनमें से कुछ के साथ भेदभाव, हिंसा, मारपीट और यहां तक कि हत्या जैसी घटनायें सामने आती हैं। आजकल अमेरिका में इस तरह की अनेक घटनाएं हुई हैं। विदेशों में पढ़ने या रोजगार के लिए जाने वाले भारतीय उन देशों की समृद्धि में योगदान देते हैं। अनेक अन्य देशों से आने वाले प्रवासियों की तुलना में भारतीय प्रवासी कभी अपनी संस्कृति थोपने का प्रयास नहीं करते हैं तथा पूरी निष्ठा के साथ उन देशों के कानूनों का पालन करते हैं। ऐसे में भारतीय प्रवासियों की सुरक्षा सभी देशों की प्राथमिकता में होनी चाहिए। यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि मोदी के शासनकाल में भारत का दर्जा दुनिया भर में ऊंचा हुआ है और इसके साथ ही भारतीय प्रवासियों का सम्मान बढ़ा है।

**-अमृतलाल मारू**, इंदौर

### सड़क दुर्घटनायें

**सड़क** परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में 1,68,000 लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए। यह आंकड़ा उद्वेलित कर देने वाला है। हमारे देश में प्रतिदिन हजारों नई गाड़ियां सड़कों पर उतरती है मगर सड़कें उतनी ही चौड़ी हैं। कई स्थानों पर अतिक्रमण के कारण सड़कें और भी संकरी हो गई है। इसके बावजूद सड़क दुर्घटनायें रोकने तथा दुर्घटना पीड़ितों की जान बचाने की समुचित व्यवस्था नहीं की जाती है। टोलटैक्स कंपनियां टोल टैक्स वसूलने के पुख्ता इंतजाम करती है, लेकिन चिकित्सा व्यवस्था की जिम्मेदारी नहीं निभाती हैं। वे एंबुलेंस नंबर तो दे देती है मगर न तो एंबुलेंस में पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं होती है और न प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मी उनमें तैनात होते हैं। इससे अस्पताल ले जाने तक अधिकांश घायल दम तोड़ देते हैं। इसे देखते हुए हर टोल टैक्स पर आईसीयू संसाधनों से युक्त एंबुलेंस की नियुक्ति अनिवार्य होनी चाहिए। जिसमें प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मी चौबीसों घंटे उपलब्ध रहें। मध्य प्रदेश की तरह अन्य राज्यों में भी हेलीकॉप्टर एंबुलेंस भी उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

- **विभूति बुपक्या**, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्ष का किया निरीक्षण

## -दुर्ग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के समस्त मतदान केन्द्रों के मतदान का परिणाम समेकित करने के संबंध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 4 जून 2024 को होने वाले मतगणना के लिए शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जुनवानी भिलाई दुर्ग के स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सु ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला उपस्थित थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विधानसभावार मतगणना कक्ष, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व एजेंट की बैठक व्यवस्था, प्रवेश पास, सीसीटीवी कैमरा मॉनिटरिंग, सुरक्षा व्यवस्था एवं उद्घोषक स्थल का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सूचना एवं टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हुए दुर्ग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अन्य जिले के विधानसभा क्षेत्र की जानकारी गूगल लिंक के माध्यम से डेटा अपडेट होगा। उन्होंने दुर्ग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के समस्त मतदान केन्द्रों के मतदान का परिणाम समेकित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिले में मतगणना हेतु किए गए प्रबंध की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मतगणना हॉल में



मोबाईल फोन, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेगा। लेकिन मीडियाकर्मी मीडिया सेंटर तक मोबाईल ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्य के अवलोकन हेतु मीडियाकर्मियों को 5-5 के समूह में एक बार अवलोकन कराया जाएगा। पासधारी अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ताओं एवं मतगणना अभिकर्ताओं के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ताओं एवं मतगणना अभिकर्ताओं के लिए अलग-अलग रंग के पास बनाई जाएं। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मतगणना स्थल का और मतगणन कक्षों के ड्राइंग डिजाइन चार्ट का अवलोकन किया। उन्होंने कहा निर्वाचन अभिकर्ताओं की सुगमता के लिए मतगणना स्थल में विधानसभावार कक्षों का ड्राइंग डिजाइन परिसर में प्रदर्शित किया जाए, जिससे संबंधित अभिकर्ता निर्धारित मतगणना कक्ष तक पहुंच सके। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतगणना कक्ष में कम्प्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट सहित आवश्यक अधोसंरचना उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने पोस्टल बैलेट एवं ईटीबीपीएस के मतों की गणना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना स्थल में विधानसभावार मतगणना कक्ष तक पहुंचने बनाए गए मार्गों का भी अवलोकन किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सु ऋचा प्रकाश चौधरी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना की तैयारी की जा रही है। मतगणना के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों के साथ समन्वय बनाए रखने के लिए उन्हें वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सूचनाएं प्रदान की जा रही है। विधानसभावार ईव्हीएम रनर की ड्यूटी लगाई गई है। रनर को संबंधित विधानसभा में ईव्हीएम पहुंचाने प्रशिक्षित किया जाएगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बी.के. दुबे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे, एसडीएम पाटन दीपक निकुंज, एसडीएम भिलाई लवकेश ध्रुव, एसडीएम भिलाई-3 महेश सिंह राजपूत, एसडीएम धमधा सोनल डेविड सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# समय सीमा पर आवास निर्माण पूर्ण नहीं करने वाले हितग्राहियों को कारण बताओ नोटिस जारी

## समय सीमा में आवास पूर्ण नहीं होने पर की जाएगी वसूली की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार सीईओ ज़िला पंचायत टेकचंद अग्रवाल के मार्गदर्शन में सीईओ जनपद पंचायत बेमेतरा की अनुशंसा पर अनुविभागीय अधिकारी(रा.), बेमेतरा द्वारा आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत समय सीमा पर आवास निर्माण पूर्ण नही कर रहे हितग्राहियों से योजनान्तर्गत अंतरित राशि वसूली हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया गया हैं । इसके अंतर्गत ग्राम बैजी ग्राम पंचायत बैजी से 01, ग्राम नवलपुर ग्राम पंचायत बिलई से 03, ग्राम खपरी व ग्राम मुंगेली ग्राम पंचायत बारादेरा के क्रमशः 5 व 1 हितग्राहियों को नोटिस जारी किया गया हैं । जनपद पंचायत बेमेतरा अंतर्गत समय सीमा में आवास निर्माण नही करने वाले 200 से अधिक हितग्राहियों से वसूली की कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं । इसी प्रकार सीईओ जनपद पंचायत साजा में आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत समय सीमा पर आवास निर्माण पूर्ण नही कर रहे हितग्राहियों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया हैं एवं 16 हितग्राहियों को एक सप्ताह में निर्माण कार्य में प्रगति लाने हेतु अंतिम नोटिस जारी की गई हैं । समय सीमा में आवास निर्माण नही करने वाले 16 से अधिक हितग्राहियों से अब वसूली की कार्यवाही की जाएगी । इसी क्रम में सीईओ जनपद पंचायत नवागढ़ द्वारा आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत समय सीमा पर आवास निर्माण पूर्ण नही कर रहे हितग्राहियों से योजनान्तर्गत अंतरित राशि वसूली हेतु कारण बताओ नोटिस जारी की गई हैं । वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक कुल 12021 स्वीकृत आवासों में से 10614 आवास पूर्ण हो चूका है । परन्तु 1353 हितग्राहियों के द्वारा आज पर्यंत तक आवास पूर्ण नहीं किया गया है । एसडीएम नवागढ़ के द्वारा प्रथम किश्त प्राप्त कर कार्य प्रारंभ नहीं किये 131 एवं तृतीय क़िस्त प्राप्त कर आवास पूर्ण नहीं करने वाले 233 हितग्राहियों को नोटिस जारी किया गया हैं । जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत समय सीमा में आवास निर्माण नही करने वाले 310 से अधिक हितग्राहियों से अब वसूली की कार्यवाही की जाएगी ।

# भोरमदेव आश्रम में हुआ विधार्थी उज्जवल भविष्य निर्माण शिविर



पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

संत आशाराम बापू आश्रम भोरमदेव छपरी में छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए दो दिवसीय जिला स्तरीय विद्यार्थी उज्जवल भविष्य निर्माण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका आज पुरस्कार वितरण के साथ समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। बच्चों के शिविर लेने के लिए रायपुर से आई शिक्षिका सुनीता रघुवंशी बता रही थी कि बच्चे कच्चे घड़े की तरह होते हैं। यदि बच्चों को बचपन में ही भक्ति, ध्यान और संयम के संस्कार मिल जाएं तो वह भौतिक उन्नति के साथ-साथ मानव जीवन के अंतिम लक्ष्य को भी प्राप्त कर सकता है। यदि बालक अपने विद्यार्थी जीवन का ध्यान रखता है तो उसका भावी जीवन भी संभलता है क्योंकि बचपन के मूल्य ही बच्चे के जीवन की आधारशिला होते हैं। बच्चों को सही मार्गदर्शन देने के लिए व उन्हें संस्कारवान बनाने के लिए पूज्य संत आशारामजी बापू की पावन प्रेरणा से संपूर्ण भारत में साधकों द्वारा निःशुल्क बाल संस्कार केंद्र चलाए जा रहे हैं, और समय-समय पर इस प्रकार के विद्यार्थी अनुष्ठान शिविर एवं योग व उच्च संस्कार कार्यक्रम का आयोजन करते रहते हैं। शिविर शिक्षिकों द्वारा बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ जीवन के हर क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ा जाए, परीक्षा में अच्छे अंक कैसे अर्जित करें, स्वस्थ रहने की कुंजियां, आसन, प्राणायाम और अपनी योग्यताओं को विकसित करने की बातें भी सिखाई गई।

# मृतक तेंदूपत्ता संग्राहकों के आश्रितों को सम्मान जनक मुआवजा व सरकारी नौकरी देने की मांग

## तेंदूपत्ता संग्राहक अपनी जान जोखिम में डालकर भर रहे सरकार का खजाना : चोवा साहू

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com



जिन तेंदूपत्ता श्रमिकों की हाड़तोड़ मसक्कत के दम पर ग्रीन गोल्ड कहे जाने वाले तेंदूपत्ता से प्रदेश की भाजपा सरकार करोड़ों का राजस्व प्राप्त कर अपना खजाना भर रही है आज उन तेंदूपत्ता श्रमिकों की सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मौत पर आश्रित परिवारों को नाममात्र की आर्थिक सहायत राशि देकर सरकार अपने हांथ खड़े कर रही है। मृतकों के आश्रितों को दी जाने वाली सहायकता राशि को काफी कम बताते हुए कवर्धा कृषि उपजमण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवा साहू ने शासन से प्रत्येक मृतक तेंदूपत्ता संग्राहक के आश्रित परिवार को 50-50 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि और परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी देने की मांग की है। इस संबंध में साहू ने जारी बयान में कहा कि तेंदूपत्ता प्रदेश सरकार का सरकारी खजाना भरने का एक बड़ा जरिया है। प्रदेश सरकार हर साल तेंदूपत्ता की ब्रिकी कर हजारो करोड़ का राजस्व प्राप्त करती है और इस कार्य को हमारे वनवासी भाई बहन अपनी जान जोखिम में डालकर तथा तेंदूपत्ता संग्रहण कर पूरा करते हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि आज जब कबीरधाम जिले में 19 तेंदूपत्ता संग्रहणकर्ताओं की तेंदूपत्ता संग्रहण कर घर वापसी के दौरान सड़क हादसे में मौत हो जाने पर सरकार उन्हें मुआवजे के नाम पर उनके आश्रितों कों नाम मात्र की राशि देकर अपने हांथ खड़े कर रही है। साहू ने कहा कि शासन को इस पर पुनः विचार करते हुए पीड़ित परिवार के आश्रित को 50-50 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि और परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी देनी चाहिए। इसके अलावा साहू ने तेंदूपत्ता संग्राहकों की सुध लेते हुए उनका बीमा कराए जाने, भीषण गर्मी को देखते हुए उन्हें हर साल थरमस, छाता, टार्च आदि उपयोगी सामग्री वितरित किए जाने की मांग की है।

# गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायकों एवं माईक्रोआर्जवर का प्रथम प्रशिक्षण संपन्न



पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 अंतर्गत ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतरा और नवागढ़ की मतगणना चार जून को कृषि उपज मंडी बेमेतरा के निर्धारित मतगणना कक्ष में प्रातः 08.00 बजे से शुरू होगी। कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में गणना पर्यवेक्षक /गणना सहायकों ,माईक्रोआर्जवर का प्रशिक्षण दो पालियों में संपन्न हुआ। पहली पाली का प्रशिक्षण 11 बजे पूर्वाह्न और दूसरी पाली प्रशिक्षण दोपहर 2 बजे से हुआ। पहली पाली में मतगणना दल क्रमांक 01 से32 तक शामिल होंगे ।वही दूसरी पाली में क्रमांक 33 से 64 तक के मतगणना दलों ने प्रशिक्षण लिया।

कलेक्टर शर्मा ने कहा कि अब मतगणना होनी है, यह निर्वाचन का अंतिम और सबसे मुख्य हिस्सा है। इसे पूरी गंभीरता व सतर्कता से निर्वहन करें। सबसे मुख्य बात यह है कि मतगणना के दौरान संयमित व्यवहार करें। राजनीतिक दलों के अभिकर्ता को स्पष्ट जानकारी प्रदान करें। उन्होंने कहा कि हर राउण्ड के बाद उनके टेबुलेशन चार्ट पर अवश्य हस्ताक्षर लें। मतगणना का कार्य संवेदनशील है अतः बहुत ही सावधानीपूर्वक इस कार्य को क्रियान्वित करें। मतगणना की प्रक्रिया को बारीकी से समझाया। मास्टर ट्रेनर सुनील झा ने मतगणना से संबंधित व्यवस्थाओं के अलावा मतगणना संबंधी प्रावधानों व आयोग के दिशा निर्देशों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने सामान्य प्रेक्षक कक्ष, सीलिंग कक्षों, मीडिया रूम से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण में मतगणना संबंधी प्रक्रिया का डिमोस्ट्रेशन कर विस्तार से समझाया तथा शंकाओं का समाधान भी किया।

# निर्वाचन कर्तव्य के दौरान मृत कर्मी के वैध उत्तराधिकारी को 15 लाख रूपए प्रतिकर राशि का भुगतान

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने दुर्ग सर्किट हाउस में निर्वाचन कर्तव्य के दौरान मृत कर्मी के वैध उत्तराधिकारी को अनुग्रह प्रतिकर राशि 15 लाख रूपए का चेक प्रदान किया। ज्ञात हो कि लोकसभा निर्वाचन 2024 निर्वाचन कर्तव्य के दौरान निर्वाचन कर्मी मधु बंजारे की एनएच-53 ओवरब्रिज कैलाश नगर कुम्हारी के पास वाहन दुर्घटना से 8 मई 2024 को मृत्यु हो गयी थी। आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य अनुग्रह प्रतिकर भुगतान नियम 2009 के प्रावधानों के तहत् मृतक के वैध उत्तराधिकारी पुत्र नितिन कुमार बंजारे और विपिन कुमार बंजारे को अनुग्रह प्रतिकर राशि 15 लाख रूपए भुगतान की अनुशंसा की गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने आज अपने करकमलों से नितिन कुमार बंजारे और विपिन कुमार बंजारे प्रत्येक को साढ़े 7 लाख रूपए की राशि का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बी.के. दुबे एवं सभी एआरओ उपस्थित थे।

# 4 पिकअप माल वाहन को सवारी ढोते हुए पकड़ा कार्रवाई की गई



पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ज़िला परिवहन विभाग द्वारा बेमेतरा ज़िले में बिना फिटनेस एवं माल वाहक यान में सवारी बिठाकर चलने वाले वाहनो पर सख्ती से कार्यवाही की जा रही है। आज बेमेतरा जिले में जिला परिवहन अधिकारी अरविन्द भगत एवं परिवहन निरीक्षक शकुंतला वासनिक द्वारा यातायात पुलिस की सहायता से विभिन्न वाहनो की जांच की गई। जांच के दौरान 4 पिकअप वाहनो (मालयान) को सवारी ढोते हुए पकड़ा गया। वाहनो को जब्त कर परिवहन कार्यालय में खड़ा कराया गया एवं सवारियों को उनके नजदीकी गन्तव्य तक बस में बिठाकर निःशुल्क पहुँचाया गया। मंगलवार को समय-सीमा की आयोजित बैठक में सड़क दुर्घटना को ले कर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अनफिट और माल वहन में सवारी बैठाकर ले जाने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये थे। इसके अलावा उन्होंने दुपहिया वाहन पर तीन सवारी और बिना हेलमट पहन कर चलाने वाले लोगों पर भी कार्रवाई के निर्देश दिये थे। ज़िला परिवहन अधिकारी भगत ने बताया कि परिवहन आयुक्त सह सचिव एस. प्रकाश एवं अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर के मार्गदर्शन में राज्य के सभी जिलों में परिवहन विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। परिवहन विभाग, जिला और पुलिस प्रशासन आमजन से अपील की है कि माल वाहक यानो को यात्री यान या सवारी यान की तरह उपयोग ना करें। इन वाहनो में यात्रियों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा के उपाय भी नहीं होते और माल वाहक यान यात्री परिवहन हेतू उपयुक्त नहीं होते। अतः यात्रा करने हेतु यात्री वाहन का ही प्रयोग करें।

# शिवनदी के पीछे अवैध प्लाटिंग पर जिला प्रशासन ,नगर निगम एवं टाउनकंट्री प्लानिंग की संयुक्त कार्रवाही

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र में शिवनाथ नदी के पीछे करीब 40 से 45 एकड़ जमीन पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इसके लिए यहां भू-माफिया द्वारा मुरुम डालकर रास्ता बना लिया गया था, जिसे आधी तूफान और बरसते पानी के समय जिला प्रशासन एवं निगम प्रशासन के अमला ने जेसीबी की मदद से उखाड़ फेंका। इस मामले की शिकायत रेरा में की गई थी। शिकायत के आधार पर कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश के बाद निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के मार्गदर्शन में एक्शन लेते हुए कड़ी कार्रवाई की गई। अवैध प्लाटिंग करने वालों ने यहां मुरुम बिछाकर सड़क बना ली थी। शिवनदी के पीछे अवैध प्लाटिंग पर जिला प्रशासन,नगर निगम एवं टाउनकंट्री प्लानिंग् की संयुक्त कार्रवाई, जिसे कब्जाधारियों के विरोध के बाद भी सख्ती से कार्रवाई की गई, कार्रवाई के दौरान एसडीएम मुकेश रावटे, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव, भवन अधिकारी गिरीश दीवान, तहसीलदार प्रफ्फुल गुप्ता, राजस्व व अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता एवं ग्राम व नगर निवेश न विभाग दुर्ग के संयुक्त संचालक व निगम अमला की मौजूदगी में उखाड़ दिया गया। जेसीबी से मुरुम बिछाकर बनाई गई रोड व अन्य को ध्वस्त कर दिया गया। नगर निगम के भवन अधिकारी गिरीश दीवान ने बताया कि कार्रवाई के बाद मौके पर एक सूचना बोर्ड लगा दिया गया है कि उक्त जमीन पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। ज्ञात हो कि उक्त मामले की शिकायत छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा), रायपुर में की गई थी। जिसकी शिकायत की प्रतिलिपि जिला प्रशासन को भेजी गई थी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अब तक जमीन किसी को भी नहीं बेची गई है। उल्लेखनीय है कि शहर में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ समय-समय पर कार्रवाई की जा रही है। वहीं प्रशासन द्वारा राजस्व विभाग के अमला को भी अवैध प्लाटिंग पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है।इसकी सूचना मिलने पर कार्रवाई के लिए भी निर्देशित किया गया है। ग्राम पुलगांव में अवैध प्लॉटिंग के उद्देश्य से बनाए गए निर्मित संरचना को नगर निगम और राजस्व की संयुक्त कार्यवाही से जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त करने की कार्यवाही की गई।ग्राम पुलगांव के निजी भूमि खसरा नंबर 47/31, 47/17, 7, 9, 12, 49/2,3, 11 सहित अन्य 08 खसरों पर बिना अनुज्ञा के लगभग 40 से 45 एकड़ भूमि पर अवैध प्लॉटिंग की मंशा से निर्मित किए गए रोड रास्ता, नाली आदि स्ट्रक्चर को जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त करने कार्यवाही की गई है। अलग अलग भू धारकों के नाम से धारित भूमि पर अवैध प्लॉटिंग की पूरी तैयारी कर लिए जाने की शिकायत छत्तीसगढ़ भू संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) को मिलने पर बड़ी कार्यवाही की गई। उक्त खसरों पर अवैध विकास की कार्यवाही की जा रही थी जिसका रेरा सहित अन्य सक्षम अधिकारियों से विधिवत अनुमति नहीं ली गई थी। पर्यावरण सुरक्षा को कोई हानि तो नहीं हो रही इसकी भी जांच कराई जायेगी। इस समय ग्राम तथा नगर निवेश के सहायक संचालक सूर्यभान सिंह, राजस्व निरीक्षक द्वारका परगनिहा, पटवारी टेकराम साहू सहित निगम अमला आदि मौजूद रहे।

# खेल महाकुंभ लिए मुख्य महाप्रबंधक ने प्रशिक्षकों एवं बच्चों का किया स्वागत



पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

लौह अयस्क समूह दल्ली राजहरा के द्वारा आयोजित इस एक माह के खेल महाकुंभ को संबोधित करते हुए खदान के मुख्य महाप्रबंधक श्री गहरवाल ने कहा कि सभी बच्चों और प्रशिक्षकों का हम स्वागत करते हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से आप ऊंची उड़ान उड़ सकते हैं उसके लिए उचित प्रशिक्षक की आवश्यकता है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य हमारा आप सभी के ऊपर जो खेल प्रतिभा है , उसे उभरकर सामने लाना और उसे देश और दुनिया में चर्चित करना है। हमारे सभी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक आप सभी बच्चों के प्रतिभा को उभारने में सहयोग करेंगे। आपके ऊपर कुछ कमी उनको नजर आएगी तो उसे दूर करने का आप सभी को उपाय बताएंगे। सच्चे मन और लगन से आपके द्वारा लिया गया प्रशिक्षण आपको ऊंची उड़ान उड़ने में मदद करेगी । आप प्रशिक्षण में एक माह तक जो मेहनत करेंगे वह रंग लाएगी आप अपना नाम अपना परिवार तथा राजहरा का भी नाम रोशन करें यही हमारी शुभकामनाएं हैं। लौह अयस्क खदान समुह राजहरा के द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का 22 मई को विधिवत रूप से उद्घाटन संध्या 6:00 बजे पंडित जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल स्टेडियम दल्ली राजहरा में संपन्न हुआ। इस खेल के माध्यम से दल्ली राजहरा के 8 साल से लेकर 17 साल के बच्चे युवक एवं युवतियां प्रशिक्षण लेंगे द्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन क्रीड़ा एवं मनोरंजन समूह कार्मिक विभाग के द्वारा किया जा रहा है। इसके माध्यम से एथलेटिक, बैडमिंटन,क्रिकेट, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल ,फुटबॉल, जूडो कराटे बॉक्सिंग, तीरंदाजी, वेटलिफ्टिंग, एवं शतरंज में बच्चों को प्रशिक्षित किया जाएगा। कुल 304 बच्चों ने अभी तक प्रशिक्षण के लिए अपना नाम रजिस्ट्रेशन कराया है द्य जिसमें है एथलेटिक में 58, बॉक्सिंग 57, बैडमिंटन 28, क्रिकेट 42, शतरंज 10, फुटबॉल 20, पावर लिफ्टिंग 9, टेबल टेनिस 20, वॉलीबॉल 34, वेटलिफ्टिंग 5,जूडो कराटे 20, एवं तीरंदाजी 7 । एक माह तक चलने वाले खेल प्रशिक्षण शिविर में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षकों के द्वारा बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस शिविर का उद्घाटन राजहरा खदान समूह के मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवाल , महाप्रबंधक सी श्रीकांत, महाप्रबंधक मया राम ठाकुर अरुण कुमार बिपीन कुमार अमित कुमार सिन्हा नगर प्रशासक मंगेश सेलकर सहायक महाप्रबंधक कार्मिक एमके रेड्डी , एसपी सिंह , प्रवीण मराठे, सौरभ कुमार यस के व्यास नीतेश क्षत्री, धनराज साहू, सेवाराम साहू रितेश मिश्रा, राजेंद्र बेहरा, लखनलाल चौधरी, एम डी चंद्राकर हरक राम साहू, जिला बालोद शतरंज संघ के अध्यक्ष, एवं सभी विभाग के कोच और बच्चे उपस्थित थे।

# राज्य के 56 लाख लोगों को 3 माह से चांवल नहीं मिलने का दीपक बैज का आरोप झूठ :विजय धृतलहरे

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ छत्तीसगढ़ एवं आल इंडिया फेयर प्राइस शाप डिलर फेडरेशन के सहसचिव विजय धृतलहरे ने छत्तीसगढ़ राज्य के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज जी के आरोप राज्य के 56 लाख लोगों को 3 माह से चांवल नहीं मिल रहा है और कारण बताया है सीएम ने अपनी फोटो छपवाने राशन कार्ड नवीनीकरण कराया है इसलिए 14 लाख राशनकार्ड अभी भी नवीनीकरण नहीं होना और 20% को वितरण नहीं होने का आरोप लगाया है। इस पर कड़ा ऐतराज जताया है, और कहा कि राशनकार्ड में फोटो छापने का काम कांग्रेस ने भी किया था तत्कालीन रमन सरकार ने भी किया था। वर्तमान साय सरकार भी कर रहे हैं। इसके पीछे सरकार अपनी योजना को हर परिवार तक पहचान बनाना मुख्य लक्षय ही माना जा सकता है। रही बात 14 लाख राशनकार्ड बन नहीं पाना इसके पीछे सरकार का कोई दोष नहीं है। क्योंकि सरकार आनलाइन राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए मात्र पुष्टि करने का अभियान चलाया है। राशनकार्ड धारकों को सुचित किया गया है और मोबाइल में सुविधा दी गई है, और आवेदन करने का भी आश्वासन दिया गया है। राशनकार्डधारी जब तक यह प्रक्रिया में नहीं आयेगा, राशनकार्ड नवीनीकरण होना संभव नहीं है। कुछ राशनकार्ड बंट नहीं पाया है। यह सच है क्योंकि राशनकार्ड नवीनीकरण करने समय सरकार बढ़ाई इसलिए नवीन राशनकार्ड बनने में समय लगा और जैसे बटना चालूं ही हुआ था देश में आम चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू हो गया फिर भी राशनकार्ड योजना नया नहीं बनाया गया था सिर्फ राशनकार्ड नवीनीकरण थी। इसलिए वितरण किया जा सकता था पर भी बैज ने विरोध जताया और सरकार को आरोप लगाया आदर्श आचार संहिता उलंघन कर राशनकार्ड वितरण करने इस आरोप से हमारे राशन



दुकानदार बली का बकरा बना दिया गया कुछ को बर्खास्त कर दिया गया। इसलिए राज्य के राशनकार्ड बांटना बंद कर दिया गया, इसलिए 20% रुका है ।इसके पीछे बैज खुद है अब फिर एक बड़ी झुठ बैज कह रहे हैं। जो किसी भी राशनकार्डधारी को स्वीकार नहीं है और ना राशन दुकानदार को स्वीकार है राज्य के 56 लाख लोगों को चांवल नहीं मिला है कहना, हर माह राज्य के नवीनीकरण हुआ है तो नहीं हुआ है तो दोनों अवस्था में प्रत्येक राशनकार्डधारी अपनी नई पुरानी राशनकार्ड लेकर राशन दुकान जा कर अपना राशन समान बराबर हर माह लें रहा है बल्कि अभी अप्रेल मई का दो माह का चांवल एक साथ उठा लिया है फिर कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज 3 माह से राज्य के 56 लाख लोगों को चांवल नहीं मिल रहा है बोलकर अपने एवं पार्टी का वजन हल्का कर रहे हैं। क्योंकि यह पूरी तरह 100% झूठ है जो जनता को रास नहीं आ रही है। सरकार और किसी भी राशनकार्डधारी का चांवल भी कम नहीं किया है। बल्कि तत्कालीन सरकार ने जो प्रधानमंत्री अन्न योजना का 5 किलो प्रति ब्यक्ति देने घोषणा कर आपुर्ति किया गया था और निः शुल्क था उसमें कटौती कर 3 किलों प्रति ब्यक्ति दिया 1, 2 सदस्य वालों को दिया ही नहीं गया और कुछ महीना में राशि भी ली गई है जिसको लौटाने का वादा कर दुकान संचालक को नही लौटाई गई है। जिसका खमियाजा छत्तीसगढ़ राज्य के 13500 राशन दुकानदार भुगत रहे हैं। 5 साल तक मात्र 30 रुपया प्रति क्विंटल कमीशन चावल वितरण में 5 रुपया प्रति क्विंटल शक्कर वितरण में नमक और अन्य योजनाओं के राशन वितरण में बिगारी दबाव बना कर कार्य उचित मुल्य संचालकों से कराया गया और अनेक दुकानदार पर अनुचित कार्यवाही किया गया जीसका दंस राज्य के साढ़े तेरह हजार दुकानदार परेशान हैं, भुगत रहे हैं पर कांग्रेस के अध्यक्ष अब तक उचित मूल्य दुकान संचालकों पर भारी नही पड़े और फर्ज़ी झुठी सस्ती लोकप्रियता हासिल करने लोगों के नजर से गिरने का काम करने से बचें और सरकार को घेरना ही है तो अच्छा विरोध का तरीका ढुंढे और दीपक बैज से हम राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ छत्तीसगढ़ अपिल करते है। इस तरह झुठ से 100% ईमानदारी पूर्वक कार्य कर रहे राशन दुकानदार आहात होते हैं। जबकी बहुत ही कम कमीशन में कार्य करके भी अपमानित हैं परेशान हैं। उन्हें और परेशान ना करें कांग्रेस नेता जबकि सरकार के हर विभाग एक तरफ है और राशन दुकान एक तरफ जिसमे 100% इमानदारी पूर्वक कार्य हो रही है 0% करप्शन है अगर कोई गड़बड़ी करता है ओ सीधा जेल जाता है। सरकार इस राशन दुकानदार एवं विक्रेता के लिए कड़ा कानून ला दिया है तों गड़बड़ी करने का सवाल नहीं है सभी राशनकार्डधारी को बराबर चांवल नमक गुड़ शक्कर मिल रहा है दीपक बैज इस तरह का झूठा ब्यान गलत है। इसलिए राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश महासचिव विजय धृतलहरे दुकानदार की ओर से इस ब्यान का विरोध करते हैं निंदा करते हैं।

# सरकार द्वारा किये गये घोषणाओं की अनदेखी का मामला

# कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के साथ साथ पूर्ववर्ति सरकार द्वारा किये गये घोषणाओं की अंदेखी का मामला सामने आने लगा है। जिसको लेकर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामचंद्र साहू ने मोर्चा खोलते हुए जिला मुख्यालय पहुच ज्ञापन सौपा है। दिये गये ज्ञापन के अनुसार तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान जरहगांव ब्लॉक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और अमोरा गांव में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा खोलने की घोषणा की गई है जो अब तक लंबित है। जिसके लिए जरहगाँव ब्लॉक अध्यक्ष राम कुमार साहू के द्वारा जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन सौंपने के दौरान बताया कि ब्लाक कांग्रेस कमेटी जरहागांव की मांग पर जरहागांव में छ.ग. कांग्रेस शासन के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा जरहागांव उप तहसील को पूर्ण तहसील का दर्जा, जरहागांव में शासकीय महाविद्यालय, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, ग्राम पंचायत जरहागांव को नगर पंचायत एवं जरहागांव में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, ग्राम अमोरा में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा खोलने घोषणा की गई थी।

जिसके परिपालन में जरहागांव में शासकीय नवीन महाविद्यालय, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, ग्राम पंचायत जरहागांव को नगर पंचायत बनाया जा चुका है, लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ग्राम अमोरा में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा आज पर्यन्त तक संचालित नहीं हो रहा है। जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु राज्य शासन द्वारा उक्त की स्वीकृति दी जा चुकी है एवं राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम अनुपूरक बजट में प्रावधान अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ग्राम जरहागांव विकासखण्ड मुंगेली जिला मुंगेली के लिये पूर्व में स्वीकृत पदों को समर्पित करते हुये उक्त संस्था को 30 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन करने हेतु 37 पदों की भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जा चुका है। आज दिनांक तक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ग्राम जरहागांव को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जरहागांव में उन्नयन नहीं किया गया है। जिसके कारण स्वास्थ्य सेवा का लाभ क्षेत्र के लोगों को नहीं मिल रहा है इस प्रकार तत्कालीन छ.ग. कांग्रेस शासन की घोषणा की अवहेलना की जा रही है जो कि उचित नहीं है। जो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की उदासीनता को प्रदर्शित कर रहा है, जिससे क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने यह भी मांग की है कि तत्कालीन छ.ग. कांग्रेस शासन की घोषणा अनुसार जरहागांव में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ग्राम अमोरा में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा खोलने हेतु संबंधित विभाग को अतिशीघ्र उचित दिशा निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें। ताकि क्षेत्र के लोगों को बैंक संबंधी एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधा का लाभ मिल सके। इस पुरे मामले पर डिप्टी कलेक्टर अजीत पुजारी ने बताया कि संबंधित विभागों से इस संबध में जवाब तलब किया जायेगा और किस वजह से देर हो रही है उस पर चर्चा कर जल्द ही कार्य करने के दिशा निर्देश दिए जायेंगे ।

# पर्यटन स्थल दमाऊधारा में महिला की डूबने से हुई मौत

## पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू ने स्वयं रेस्क्यू टीम लगवा कर की मदद

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



शक्ति विकासखंड के प्रसिद्ध पर्यटन एवं धार्मिक स्थल दमोह धारा के जलप्रपात में 22 मई को एक महिला प्रमिला अघरिया की डूबने से मौत हो गई, तथा इस मौत की खबर लगते ही शक्ति के पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर शक्ति जिला कलेक्टर आईएएस अमृत विकास टोपनों को फोन के माध्यम से पूरी घटना की जानकारी देते हुए उपरोक्त महिला की खोजबीन कराने की बात कही तथा पूर्व विधायक खिलावन साहू ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा रेस्क्यू टीम लगाकर उपरोक्त महिला की डेड बॉडी की खोजबीन करवाई जाए, जिससे उनकी मृतदेह को उनके परिजनों को सौपा जा सके, तथा पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू स्वयं जिला प्रशासन की रेस्क्यू टीम के आने के बाद वहां मौके पर ही डटे रहे, तथा पूर्व विधायक में इस घटना पर भी गहरा दुख व्यक्त किया है, जिला प्रशासन की रेस्क्यू टीम की मेहनत के बाद सुबह 8:00 बजे उन्हें खोजकर निकाला जा सका, एवं ज्ञात हो की दमाऊधारा के जलप्रपात के सामने काफी गहरा गड्ढा होने के कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है, तथा प्रशासन इस दिशा में सुरक्षा की दृष्टि से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, तथा जिस स्थान पर गड्ढा है वहां आवश्यक घेराबंदी कर उसे डेंजर जोन घोषित कर देना चाहिए, किंतु प्रतिवर्ष यहां पर पिकनिक की दृष्टि से आए लोग इसका शिकार हो जाते हैं, किंतु उसके बावजूद प्रशासन इस दिशा में ध्यान नहीं दे रहा है, वहीं पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू की इस सक्रियता पर भी क्षेत्र वासियों ने उनका आभार व्यक्त किया है, तथा पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू पूरे शक्ति विधानसभा क्षेत्र में सदैव लोगों के सुख-दुख में सहभागी रहते हैं, एवं लोगों को किसी भी प्रकार की आवश्यकता होती है वे अपने बीच डॉक्टर खिलावन साहू को पाते हैं।

# कलेक्टर ने आरटीई अंतर्गत प्रवेशित बच्चों के संबंध में ली बैठक

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले में संचालित निजी विद्यालयों में आरटीई के तहत प्रवेशित बच्चों के संबंध में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर ने जिले में आरटीई के अंतर्गत अध्ययनरत एवं ड्राप आउट विद्यार्थियों की जानकारी ली। उन्होंने पिछले 05 वर्षों में ड्राप आउट हुए बच्चों की जानकारी की समीक्षा करने तथा ड्राप आउट रोकने की दिशा में समुचित पहल करने के निर्देश दिए, जिससे जिले में आरटीई के तहत प्रवेशित बच्चे अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण कर सकें। उन्होंने आरटीई के अंतर्गत प्रवेशित बच्चों की संख्या, गणवेश एवं शिक्षण सामाग्री वितरण आदि के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि आरटीई के तहत अध्ययनरत बच्चों को शासन द्वारा गणवेश के साथ किताबें व लेखन सामाग्री निःशुल्क प्रदान की जाती है। उन्होंने प्रवेशित बच्चों को नियमानुसार इसका लाभ दिलाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान कलेक्टर ने विद्यालयों में चलाए जा रहे समर कैम्प के संबंध में भी जानकारी ली। स्वामी आत्मानंद स्कूल सरगांव की प्राचार्या ने बताया कि समर कैम्प अंतर्गत जुम्बा, योगा आदि गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तरह शासकीय हाईस्कूल बीजातराई की प्राचार्या ने बताया कि कक्षा 09वीं व 10वीं की छात्राओं को सिलाई का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। बैठक में संयुक्त कलेक्टर गिरीश रामटेके, जिला शिक्षा अधिकारी सी. के. घृतलहरे, स्कूलों के प्राचार्य एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com




कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार समय सीमा के लंबित प्रकरणों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को लंबित प्रकरणों का त्वरित गति से निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने उपस्थित सभी अधिकारियों को विभागीय कार्यों में कसावट लाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत आगामी 4 जून को होने वाले मतगणना संबंधी सभी तैयारिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो, इसका सभी अधिकारी कर्मचारी विशेष ध्यान रखे, समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि गर्मी की छुट्टियों में स्कूली बच्चों के लिए समर कैंप, ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारी को यह प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित कराए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने समर कैम्प में अन्य गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने कहा,इसके साथ ही कलेक्टर तोपनो ने ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्टर्ड लोगों का राशन कार्ड बनाने, मनरेगा के कार्यों में प्रगति लाने सहित किसान क्रेडिट कार्ड के लंबित प्रकरणों की जानकारी तथा अन्य विभागीय कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, एसडीएम सक्ती के एस पैकरा, एसडीएम डभरा बालेश्वर राम, एसडीएम मालखरौदा रूपेंद्र पटेल सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे

# अनुविभाग के ग्राम पंचायत देवरमाल के फ्लाई ऐश मामले पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व का खंडन




पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम देवरामाल तहसील सक्ती स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 9 रकबा 12 एकड़ में से लगभग 1 एकड़ भूमि में नरेगा से तालाब निर्मित किया गया है। उक्त तालाब में से रकबा 0.50 एकड़ तालाब को नर्मदा बाई सरपंच ग्राम पंचायत देवरामाल विकास खण्ड सक्ती के द्वारा फ्लाई एस राखड़ से पाट दिया गया है, एसडीएम सक्ती के द्वारा तालाब पाटने की अनुमति नहीं दी गई है। पूर्व में गलत समाचार प्रकाशित की गई है। एसडीएम सक्ती के द्वारा ग्राम पंचायत देवरमाल में सेवा सहकारी समिति गोदाम एवं मंडी (धान खरीदी केंद्र) में राखड़ एवं मिट्टी मराई करने की अनुमति दी गई थी, जिसे निरस्त कर पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 के तहत सरपंच ग्राम पंचायत देवरामाल नर्मदा बाई को सरपंच ग्राम पंचायत देवरमाल के पद से पृथक करने हेतु कारण बताओं नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। अतिशीघ्र सरपंच श्रीमती नर्मदा बाई के विरुद्ध विधि अनुसार कार्यवाही किया जाएगा

# जीएसटी कटौती के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण सम्पन्न



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

शासकीय विभागों द्वारा की जाने वाली सामग्री खरीदी एवं सेवा प्राप्ति पर भुगतान के संबंध में की जाने वाली जी.एस.टी. कटौती के संबंध में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में आनलाईन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिला कोषालय अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि प्रशिक्षण में जी. एस. टी. कटौती के प्रावधानों, शासकीय विभागों द्वारा की जाने वाली सामाग्री खरीदी एवं सेवा प्राप्ति पर सप्लायर तथा ठेकेदारों को किए जाने वाले भुगतान पर स्त्रोत पर कर की कटौती के संबंध में नियमों एवं प्रावधानों आदि के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में विभिन्न कार्यालयों के आहरण एवं संवितरण अधिकारी तथा संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे।

## आकस्मिक मृत्यु हो जाने के कारण 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**सक्ति।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड-6 क्रमांक 4 परिशिष्ट 'एक' प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अनुदान के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी गई है। डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार से प्राप्त जानकारी अनुसार सक्ती जिले के तहसील जैजैपुर के ग्राम अचानकपुर निवासी जानी कुर्रे की सांप काटने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस मृतक के पत्नी रतीना कुर्रे को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# धान के उठाव के संबंध में नोडल अधिकारियों की बैठक ली, धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में उपार्जित धान के उठाव के संबंध में नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने समितिवार धान के उठाव के संबंध में विस्तार से जानकारी ली तथा धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए पथरिया विकासखण्ड के तकनीकी सहायक पंकज गोयल को शोकॉज नोटिस जारी करने तथा प्रभार बदल कर संलग्न करने के निर्देश दिए। साथ ही सहायक खाद्य अधिकारी संदीप पाण्डेय एवं खाद्य निरीक्षक राहुल श्रीवास को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों में उठाव की स्थिति के संबंध में जानकारी लेते हुए शेष धान का शीघ्र ही शतप्रतिशत उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अब तक धान का उठाव, जारी डी. ओ., उठाव हेतु समितियों में शेष धान आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को धान के उठाव के कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश देते हुए दो टूक कहा कि धान उठाव कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को इस कार्य में पूरी सक्रियता से काम करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समितियों का दौरा करने तथा उठाव कार्य में किसी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल एसडीएम एवं उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के लिए कहा। सहायक पंजीयक सहकारिता हितेश श्रीवास ने बताया कि जिले में अब तक 54 लाख 48 हजार क्विंटल से अधिक धान का उठाव कर लिया गया है, जो लगभग उपार्जित कुल धान का 97 प्रतिशत से अधिक है। वहीं 01 लाख 36 हजार क्विंटल धान का उठाव शेष बचा है। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर गिरीश रामटेके, तीनों अनुविभागों के एसडीएम, जिला विपणन अधिकारी शीतल भोई, सीसीबी नोडल संतोष सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतगणना अभिकर्ताओं के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतगणना के दिन मतगणना केंद्रों में पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं और मतगणना अभिकर्ताओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मतगणना हॉल के भीतर मतगणना के परिणाम का योग करने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता को एक-एक एनालॉग केल्कुलेटर प्रदान करने की व्यवस्था करने को कहा है, मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं व मतगणना अभिकर्ताओं को कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है तथा प्लास्टिक पेन या पेंसिल ले जाने की अनुमति रहेगी। मतगणना परिसर के बाहरी गेट पर खान-पान की व्यवस्था के लिए अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा नियुक्त व्यवस्थापक के माध्यम से भोजन पैकेट उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे मतगणना हॉल के भीतर नियुक्त किसी एक मतगणना अभिकर्ता द्वारा प्राप्त कर अन्य मतगणना अभिकर्ताओं को प्रदान किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को अभ्यर्थियों और निर्वाचन अभिकर्ताओं को इन व्यवस्थाओं से अवगत कराने के साथ ही इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए हैं;कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17 सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है, प्लास्टिक पेन या पेंसिलमतगणना हॉल में मोबाइल फोन, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बीड़ी, सिगरेट और गुटका प्रतिबंधित रहेगा।



## जीएसटी-टीडीएस कटौती पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**सक्ति।** जीएसटी-टीडीएस कटौती के संबंध में आज 21 मई को ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। आज आयोजित कार्यशाला में जिला मुख्यालय में कार्यरत आहरण एवं संवितरण अधिकारी कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उपस्थित होकर तथा ऑनलाइन कनेक्ट होकर अन्य डीडीओ भी ऑनलाइन कार्यशाला में शामिल हुए द्य ऑनलाइन कार्यशाला में सहायक आयुक्त जीएसटी भूपेंद्र और जिला कोषालय अधिकारी दशरथ सोनी द्वारा केन्द्रीय माल एवं सेवाकर अधिनियम 2017 एवं छत्तीसगढ़ माल एवं सेवाकर अधिनियम 2017 की धारा 51 के प्रावधानों के अनुसार शासकीय विभागों द्वारा की जाने वाली सामग्री खरीदी, सेवा प्राप्ति पर प्रदायकर्ताओं को तथा ठेकेदारों को भुगतान करने, भुगतान के स्रोत पर कर की कटौती, जीएसटी-टीडीएस के संबंध में अवगत कराया गया।

**सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत पूरी सतर्कता से त्रुटिरहित कार्य करने के निर्देश दिए गए।**

# काऊंटिंग सुपरवाईजर, सहायकों तथा माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन के तहत मतगणना कार्य के लिए जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में काऊंटिंग सुपरवाईजर, सहायकों तथा माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत पूरी सतर्कता से त्रुटिरहित कार्य करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण को व्यावहारिक रूप देने मतगणना कक्ष का मॉडल बनाकर भी समझाया गया। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समन्वय एवं तालमेल के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि 04 जून को मतगणना कार्य होना है, जिसके लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। उन्होंने प्रशिक्षण में बताए गए नियमों एवं निर्देशों को गंभीरतापूर्वक समझने के लिए भी प्रेरित किया, ताकि अपने निर्धारित दायित्वों को पूरी तत्परता से निर्वहन कर सकें। इस दौरान काऊंटिंग का डिमांस्ट्रेशन भी कराया गया। गौरतलब है कि दोनों विधानसभा लोरमी-26 एवं मुंगेली-27 के इव्हीएम मतों की गणना के लिए 14-14 टेबल लगाए जा रहे हैं। मुंगेली के 279 मतदान केन्द्रों के परिणाम की गणना 20 चक्रों एवं लोरमी के 264 मतदान केन्द्रों की परिणाम की जानकारी 19 चक्रों में की जाएगी। मास्टर ट्रेनर संजय सोनी एवं मोहन उपाध्याय द्वारा मतगणना कार्य की संपूर्ण पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्ण मतगणना के लिए उपयोगी सुझाव एवं निर्देश दिए गए। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना के पूर्व की तैयारी, मानव संसाधन एवं अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था, इव्हीएम से मतगणना की व्यवस्था, काउंटिग प्रोसीजर व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई।

मतगणना दिवस के दिन स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्ष में अपेक्षित नियमों के पालन के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में कण्ट्रोल यूनिट के मतों की गणना की संपूर्ण प्रक्रिया को सरलता से समझाया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने कहा की मतगणना से सम्बंधित सभी जरुरी प्रक्रियाओं तथा महत्वपूर्ण बिंदुओं को अच्छी तरह से समझ लें, ताकि मतगणना करते समय किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मेनका प्रधान ने बताया कि 04 जून को शासकीय कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय में मतगणना की जाएगी। इस दौरान मुंगेली एआरओ पार्वती पटेल, लोरमी एआरओ गिरधारी लाल यादव, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर राघवेन्द्र सोनी, जयमंगल ध्रुव, के. अहमद, आई. पी. यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# वार्षिक श्राद्ध के अवसर परपरिवारजनों द्वारा तीन दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया गया




पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

ग्राम मथानी खुर्द में स्व. अनिल चंद्राकर की वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर उनके परिवारजनों द्वारा 19 से 21 मई तक तीन दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया गया। पांडातराई वाले पंडित सागर मिश्रा कथावाचक होंगे। वहीं कुंडा वाले पंडित अश्वनी शर्मा 21 मई को 07 अध्याय भागवत परायण करेंगे। सोमवार 20 मई को दिन में श्रीराम कथा और रात्रि 08 बजे शारदा भजन मंडली द्वारा सुंदरकांठ पाठ, 21 मई को वार्षिक श्राद्ध, भगवत परायण, श्रीराम कथा एवं देवी जगराता ग्रुप द्वारा रात्रि 08 बजे से भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान 21 मई को पौधारोपण, गऊसेवा का संदेश और जनसेवा के उद्देश्य से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया।

# छत्तीसगढ़ी लोक कला उन्नयन मंच भाटापारा द्वारा आयोजित लोकोत्सव के तीसरे दिन उमड़ा जन सैलाब

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ी लोक कला उन्नयन मंच भाटापारा द्वारा आयोजित लोकोत्सव के तीसरे और अंतिम दिन कला प्रेमी लोगों की अपार भीड़ ने साबित कर दिया कि उन्हें लोकोत्सव भाटापारा का हर वर्ष बेसब्री से इंतजार रहता है। तीनों दिवस कलाकारों ने भी दर्शकों को निराश नहीं किया। दर्शक इस वर्ष के आयोजन को लंबे समय तक याद रखेंगे। मां शारदे की पूजा के बाद मैया के दीवाना भुवनेश्वर जस परिवार मटिया ढाबाडीह के द्वारा जस गीत की प्रस्तुति दी गई। करुणा साहू जो कि आरपीएफमें इंस्पेक्टर है के द्वारा पंडवानी गायन प्रस्तुत किया गया। प्रसंग था द्रोपदी चीर हरण। लोक लहर मंजू ध्रुव चरौटी लवन के निर्देशन में स्कूली बालिकाओं के द्वारा आकर्षक सुआ नृत्य की प्रस्तुति दी गई। फिर प्रारंभ हुई लोक कला मंचों की प्रस्तुति जिसमें छत्तीसगढ़ के किशोर कुमार के नाम से प्रसिद्ध पंडित शिवकुमार तिवारी और सुरसुधा द्वारा भोलेनाथ के भजनों के साथ जस गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य आकर्षण में लोक प्रयाग राजेश साहू राजिम की प्रस्तुति रही जिसमें छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को नए ढंग से उजागर करने का प्रयास किया गया। कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत प्रहसन्न की खूब प्रशंसा हुई। दर्शक हंसते हंसते लोट पोट हो गये। जय जोहार डॉक्टर हीलेंद्र ठाकुर बिलासपुर के द्वारा प्रस्तुत नृत्य गीतों की भी खूब प्रशंसा हुई । अंत में पारंपरिक गम्मत नाचा पार्टी मोगरा के फूल अकोली के द्वारा हास्य से भरपूर गम्मत से कार्यक्रम का समापन किया गया। मुख्य विशेषता रही लोकोत्सव परिवार द्वारा प्रतिभा सम्मान। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक इंद्र साव थे। अध्यक्षता परमेश्वर यदु जिला पंचायत रायपुर के पूर्व उपाध्यक्ष ने की। साथ में मंच के संरक्षक नरेंद्र शर्मा, अध्यक्ष रमेश यदु, बलदेव भारती, जी डी मानिकपुरी, सुकृत साहू, आर पी पटेल, पूनम तिवारी आदि उपस्थित रहे। भारत सरकार द्वारा नाटक अकादमी पुरस्कार से अलंकृत लोक गायिका पूनम तिवारी का श्रीफल, साल प्रतीक चिन्ह एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। साथ में दसवीं बोर्ड परीक्षा की टॉपर प्रिया देवांगन ,12वीं बोर्ड की टॉपर अदिति साहू एवं नगर के युवा भजन गायक पलाश शर्मा तथा मंच के सक्रिय कार्यकर्ताओं का भी प्रतीक चिन्ह भेंट कर विधायक द्वारा सम्मान किया गया। 12वीं की मेरिट सूची में छठवा स्थान प्राप्त करने वाली नगर की गौरव छात्रा कुमारी अदिति साहू को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुर्रा के उत्कृष्ट प्राचार्य से सम्मानित आरपी बांधे ने?5000 का नगद पुरस्कार प्रदान किया । इस अवसर पर लोक गायिका पूनम तिवारी ने अपने दिवंगत पुत्र की स्मृति में मार्मिक भजन चोला माटी के हे राम गाकर उपस्थित दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान ही तबला वादन करते हुए उनके युवा पुत्र का हृदय गति रुक जाने से मंच में ही निधन हो गया। परंतु आप सब युवा मेरे पुत्र के समान हैं। इस मार्मिक कथन से लोगों की आंखों से आंसू छलक पड़े। विधायक इंद्र साव अपने उद्बोधन में उपस्थित भीड़ ,कलाकारों एवं आयोजकों की प्रशंसा करते हुए इस सफल आयोजन के लिए बधाई दिया। उन्होंने कहा कि मैं भी इस मंच का साज सज्जा प्रभारी रहा हूं। आप सब के आशीर्वाद से मैं इस मुकाम पर पहुंचा हूं। उन्होंने मंच से सम्मानित सभी प्रतिभाओं को बधाई दिया। समूचे कार्यक्रम का सफल संचालन मंच के सचिव रघुनाथ प्रसाद पटेल ने किया। पदाधिकारी सर्व सुकृत साहू, रघुनाथ प्रसाद पटेल, शालिकराम साहू, गायत्री आडिल, सूर्यकांत योगी, वीणा साहू, टेकराम सेन, कल्याणी साहू, प्रिया सेन, बोधनी साहू, हेतराम कुर्रे, मदन ठाकुर, धनंजय तिवारी, दुर्गेश यदु मोहन यदू एवं अजय यदु के द्वारा मंच से संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय डॉक्टर जितेंद्र आडिल की स्मृति में गायत्री आडिल द्वारा प्रदत्त प्रतीक चिन्ह श्रीफल एवं अभिनंदन प्रशस्ति पत्र भेंट कर लोक कलाकारों का सम्मान किया गया।

# सतनामी समाज के आस्था को ठेस पहुंचाने वाले फिल्म निर्माता कौशल उपाध्याय व दिलेश साहू पर मामला दर्ज

## ग्राम बीटकुली के गुरुद्वारा में सतनामी समाज के प्रतीक श्वेत झंडे को फेंकने का मामला



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

सतनामी समाज के आस्था व परम् पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के जन्मस्थली गिरौदपुरी के महकोनी ग्राम में अमर गुफा नाम से प्रसिद्ध जहां बाबा गुरूघासीदास के जैतखाम कों आरी से काट गेट को तोड़फोड़ कर सतनामी समाज के भावना को ठेस पहुंचाने वाला मामला अभी शांत हुआ नहीं कि बीते रात ग्राम बीटकुली में 19 मई रात्रि सात बजे को ग्राम के सामाजिक साथियों से भीम क्रांतिवीर छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष किशोर नंवरगे कों सुचना दिया गया कि ग्राम बीटकुली में छत्तीसगढ़ी फिल्म जानकी बना रहे फिल्म डायरेक्टर कौशल उपाध्याय व दिलेश साहु तथा उनके साथियों द्वारा सुटिंग के दौरान ग्राम बीटकुली के झंडे को निकालकर फेंक दिये गये थे जिन पर किशोर नंवरगे ने तत्काल घटना को संज्ञान में लेते हुए ग्राम बीटकुली अपने टीम के साथ घटनास्थल पर निरीक्षण करने पहुंचे जहां उन्हें सतनामी समाज के आस्था के मंदिर में तोड़ फोड़ कर ओम् का सिम्बाल लिखे हैं जिससे सतनामी समाज के भावना को आहत होना महसूस हूआ सभी ग्रामीण व भीम क्रांतिवीर छत्तीसगढ़ जिला इकाई बलौदाबाजार टीम एक राय होकर फिल्म निर्माता व उनके सहयोगी के खिलाफ कार्यवाही हेतु लिखित शिकायत आवेदन कार्यवाही हेतु थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में पेश किया जिसको संज्ञान में लेते हुए थाना प्रभारी सीटि कोतवाली ने तत्काल धारा 295,34 के तहत् एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किया गया उक्त अवसर पर ग्रामीण व भीम क्रांतिवीर छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष किशोर नंवरगे, मनीष घृतलहरे जिलाध्यक्ष बलौदाबाजार भीम क्रांतिवीर छत्तीसगढ़, नरेन्द्र डहरिया, संदीप मनहरे, अजय कुर्रे, किशन, सागर जोशी, राहुल चेलक, राजकुमार डहरिया आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# डॉ. सुरेश चंद राय को 2024 क्रिस्टल कम्पास पुरस्कार से किया सम्मानित



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

दिल्ली विश्वविद्यालय के दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के भूगोल विभाग के प्रोफेसर डॉ. सुरेश चंद राय को जलवायु परिवर्तनशीलता और पारंपरिक कृषि में कृषि जैव विविधता और आजीविका सुरक्षा पर इसके प्रभाव विषय पर उनके काम के लिए 2024 क्रिस्टल कम्पास पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पहली बार है कि किसी भारतीय को यह पुरस्कार मिला है। क्रिस्टल कम्पास एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है जिसे भूगोल, पारिस्थितिकी और प्राकृतिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों और अद्वितीय परियोजनाओं के लिए 2012 से प्रदान किया गया है। इस वर्ष, दुनिया के 14 देशों के 600 से अधिक प्रतिभागी पुरस्कार के लिए आवेदक बने। आवेदकों में रूस, भारत, फ्रांस, अमेरिका, मिस्त्र, बेलारूस, मोल्दोवा, सर्बिया, अजरबैजान, किर्गिस्तान और कजाकिस्तान के प्रतिनिधि शामिल हैं। पहली बार, तुर्कमेनिस्तान, नेपाल और ताजिकिस्तान की परियोजनाओं ने पुरस्कार के लिए भाग लिया। 2024 में, राष्ट्रीय पुरस्कार रूसी भौगोलिक सोसायटी के तत्वावधान में और सांस्कृतिक पहल के लिए राष्ट्रपति फाउंडेशन के समर्थन से आयोजित किया जाता है। इसके अलावा, प्रोफेसर सुरेश चंद राय को 1999 का यूएस मृदा और जल संरक्षण सोसायटी पुरस्कार और विली और चार्टर्ड इंस्टीट्यूट ऑफ वॉटर एंड एनवायर्नमेंटल मैनेजमेंट लंदन से 2016 का अत्यधिक सराहनीय पेपर पुरस्कार भी मिला।

# गंडई में सवाना सीड्स और एडमा इंडिया ने लॉन्च किया फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन




पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com


छत्तीसगढ़ में धान की खेती करने वाले किसानों के लिए करगा एक मुख्य समस्या बना हुआ है। धान की मुख्य फसल के साथ उगने वाले इस जंगली धान की वजह से यहां के किसानों को काफी नुकसान उठना पड़ता है। करगा की समस्या से किसानों को निजात दिलाने व विकसित भारत और टिकाऊ कृषि के दृष्टिकोण के अनुरूप, बुधवार को छत्तीसगढ़ के गंडई में सवाना सीड्स और एडमा इंडिया ने संयुक्त रूप से फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन लांच किया। फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन न सिर्फ खेतों में धान के साथ उगने वाले जंगली पौधों करगा को नियंत्रित करेगा बल्कि प्रति एकड़ लगभग 6000 से 8000 रुपये की महत्वपूर्ण लागत बचत भी प्रदान करेगा। धान की खेती की यह नई तकनीक परंपरागत डीसीआर प्रणाली की तुलना में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को 25-30त्न तक कम करती है। यह छत्तीसगढ़ में 60 लाख एकड़ में धान की खेती करने वाले किसानों के लिए एक वरदान है। सवाना सीड्स अग्रणी वैश्विक फसल सुरक्षा कंपनी, एडमा इंडिया के सहयोग से भारतीय बाजार में लॉन्च किये गए फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन का अधिक से अधिक लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सीधे बीज वाले चावल (डीएसआर) के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया, फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन स्मार्टराइस जेनेटिक्स, स्क्वाड बीज उपचार, फुलपेज अद्वितीय आईएमआई हर्बिसाइड टॉलरेंस विशेषता और एडमा के वेज़िर हर्बिसाइड की विशेषताओं को संयुक्त रूप से एक साथ सम्मिलित करता है। धान की एक व्यापक फसल प्रणाली के रूप में, फुलपेज राज्य में धान की खेती को एक नया लाभकारी स्वरूप प्रदान करने की पेशकश करता है। इसके पहले इस तकनीक को छत्तीसगढ़ बेमतारा में एक भव्य कार्यक्रम में लांच किया गया था।

# फंड वैल्यू-आधारित डिस्ट्रीब्यूटर पे-आउट के साथ आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस का पहला यूलिप आईसीआईसीआई प्रु प्लैटिनम लॉन्च

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने कंपनी का पहला यूनिट-लिंक्ड प्रोडक्ट आईसीआईसीआई प्रू प्लैटिनम लॉन्च किया, जो डिस्ट्रीब्यूटर पे-आउट को उनके ग्राहकों की फंड वैल्यू के अनुरूप बनाता है, यानी डिस्ट्रीब्यूटर कमीशन उनके ग्राहकों के एसेट अंडर मैनेजमेंट से जुड़ा होता है। यह अनूठा प्रोडक्ट डिस्ट्रीब्यूटर को अपने ग्राहकों को पूरी पॉलिसी अवधि के दौरान निवेशित रहने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहित करता है। विशेष रूप से, यह ग्राहकों को लंबी अवधि में धन बनाने के लिए लागत और कर-कुशल मार्ग रास्ता देता है। आईसीआईसीआई प्रु प्लैटिनम में ग्राहक बिना किसी लागत या कर निहितार्थ के परिसंपत्ति वर्गों के बीच असीमित मुफ्त स्विच कर सकते हैं। ग्राहक इस प्रोडक्ट के तहत 21 फंडों की श्रृंखला में से चुन सकते हैं, जिसमें 13 इक्विटी और ऋण और संतुलित श्रेणियों में से प्रत्येक के अलावा चार पोर्टफोलियो स्ट्रेटेजी का विकल्प भी शामिल है। लॉन्च की घोषणा करते हुए आईसीआईसीआई प्रु डेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अमित पाल्टा ने कहा, आईसीआईसीआई प्रु प्लैटिनम, हमारी कंपनी का पहला यूनिट-लिंक्ड प्रोडक्ट है, जो डिस्ट्रीब्यूटर्स के भुगतान को उनके ग्राहकों के फंड मूल्य के अनुरूप बनाने और लंबी अवधि में दोनों के हितों को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। उन्होंने कहा, हम लगातार ऐसे प्रोडक्ट्स और प्रक्रियाओं को नया रूप देने और पेश करने का प्रयास करते हैं, जो सरल हों। यह सही ग्राहक को सही कीमत पर और सही चैनल के माध्यम से सही प्रोडक्ट सुनिश्चित करने के हमारे दर्शन के अनुरूप है। हमने वार्षिकी और पेंशन बचत मंच पर अग्रणी प्रोडक्ट्स पेश किए हैं। इनमें एक वार्षिकी प्रोडक्ट शामिल है, जो खरीद की तारीख से भुगतान किए गए सभी प्रीमियम्स का 100% रिफंड प्रदान करता है। हम एक पारंपरिक प्रोडक्ट भी पेश करते हैं, जिसमें ग्राहकों की नकदी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आंशिक निकासी की जा सकती है। विशेष रूप से, हम डिस्ट्रीब्यूटर्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान करने वाले देश के एकमात्र जीवन बीमाकर्ता हैं। इसके अलावा, हमने वित्त वर्ष 2024 में एक ही दिन में लगभग 45% बचत पॉलिसीज़ जारी करने की उपलब्धि भी हासिल की है। उन्होंने आगे कहा, जीवन बीमा में सबसे महत्वपूर्ण क्लैम है और एक ग्राहक अनुकूल ब्रांड के रूप में हमारा लक्ष्य सभी क्लैम का तेजी से निपटान करना है। यह वित्त वर्ष 2024 के लिए हमारे उद्योग के अग्रणी दावा निपटान अनुपात 99.2% से भी साबित होता है, जिसका औसत टर्नअराउंड समय केवल 1.3 दिन है। आईसीआईसीआई प्रु प्लैटिनम दो लाइफ कवर वैरिएंट्स के बीच एक विकल्प प्रदान करता है। ग्रोथ प्लस वैरिएंट नामांकित व्यक्ति को बीमा राशि या फंड मूल्य, जो भी अधिक हो, प्राप्त करने का अधिकार देता है, जबकि प्रोटेक्ट प्लस वैरिएंट नामांकित व्यक्ति को बीमा राशि और फंड मूल्य दोनों प्रदान करता है।

# प्राणिक हीलिंग- क्या मानव शरीर के अदृश्य औरा पर उपचार संभव है ?






पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्राणिक हीलिंग एक पूरक चिकित्सा पद्धति है जो फिलीपींस के मास्टर चोआ कोक् सुई द्वारा ईजाद की गई थी। इस पद्धति के सिद्धांत के अनुसार मानव शरीर केवल उतना ही नहीं जितना हमें दिख रहा है , इस शारीरिक संरचना के बाहर ऊर्जा शक्ति से बनी, औरा और चक्रयुक्त संरचना भी होती है जो हमारे शरीर का ही हिस्सा है लेकिन हमें दृश्यमान नहीं है। असल में फिज़िकल बॉडी के दो भाग हैं, पहला भाग है विज़िबल फिज़िकल बॉडी- जो आसानी से हमें दिख रही है, और दूसरा भाग है। इनविज़िबल बायोप्लास्मिक बॉडी जिसे हम नहीं देख पा रहे हैं। वो केवल प्राणिक हीलर्स को काफी मेडिटेशन और रेगुलर प्रैक्टिस के बाद ही दिखती है। ये बायोप्लास्मिक बॉडी प्राण शक्ति से भरपूर, इनर औरा, हेल्थ रेज, आउटर औरा और ऊर्जा चक्रों से बनी होती है। प्राणिक हीलिंग एक वैज्ञानिक पद्धति है जिसके अनुसार कोई भी रोग, फिजिकल बॉडी को प्रभावित करने से पहले आउटर औरा में प्रवेश करता है, हेल्थ रेज़ को डिप्लीट करके चक्रों में प्रवाहित होने वाली ऊर्जा में रुकावट और बदलाव लाता हुआ इनर औरा में प्राणशक्ति के बहाव को अनियंत्रित करता है, उसके बाद ही अंत में वो रोग फिज़िकल बॉडी में प्रवेश करता

## रोगों को ठीक करने में प्राणिक हीलिंग की भूमिका

रोग छोटा हो या बड़ा, प्राणिक हीलिंग द्वारा हेल्थ रेज़ की ब्लॉकेज को खोला जाता है, मानवऔरा और च ों की क्लींज़िग करके नेगेटिव एनर्जी को निकाला जाता है, रोगी के शरीर से निकाली गई नेगेटिव एनर्जी को वेस्ट डिस्पोज़ल यूनिट (खड़ा-नमक युक्त पानी) में डाला जाता है। ये नेगेटिव एनर्जी ज्यादातर ग्रे रंग की होती है और औरा और च ों से निकाले जाने के बाद डिस्पोजल यूनिट में आसानी से देखी भी जा सकती है। इसके पश्चात हीलर द्वारा पॉजिटिव एनर्जी के रूप में ब्रह्मांड से ली गई ऊर्जाशक्ति प्रदान की जाती है। जब ये पॉजिटिव एनर्जी हीलिंग के दौरान प्रदान की जाती है तब रोगी को उसका प्रवाह पूरी तरह से महसूस भी होता है।

## कष्टदायक रोगों में प्राणिक हीलिंग के लाभ

कष्टदायक रोग जैसे गठियावात, रीढ़ की बीमारियां, लीवर, किडनी के रोग, कैंसर और ऑटोइम्यून बीमारियां इत्यादि के उपचार में अगर प्राणिक हीलिंग की सहायता ली जाए तो अद्भुत परिणाम मिलते हैं जैसे रोगों के ठीक होने की क्षमता और तीव्रता कई गुना ज्यादा बढ़ जाती है, रोगी की तकलीफें धीरे-धीरे जड़ से ठीक होने लगती है, रोगी की इम्युनिटी और एनर्जी लेवल काफी बढ़ने लगता है इत्यादि।

# श्री श्याम मंदिर मनेंद्रगढ़ में 25 मई को श्याम भजन का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** श्री श्याम मंदिर मनेंद्रगढ़ में 25 मई शनिवार को श्याम भजन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। श्री श्याम मंदिर मनेन्द्रगढ़ में होने वाले शनिवार कीर्तन में नागपुर महाराष्ट्र के श्याम भजन गायक हार्दिक राठी भी श्याम भक्तों के साथ बाबा श्याम को अपने मीठे भजनों से रिझाने आ रहे हैं। आयोजन से जुड़े श्याम भक्तों ने सभी श्यामप्रेमी परिवारजन को शनिवार कीर्तन में सादर आमंत्रित किया है। उपरोक्त आयोजन 25 मई दिन शनिवार को संध्या 7 बजे आरती के उपरांत आरम्भ होगा।

## न्यायालय उप तहसील पटेवा जिला-महासमुन्द (छ.ग.)

प्रकरण क्रमांक ब-121/2023-24
ग्राम-अमोरा प.ह.न.11
रा.नि.मं. पटेवा तहसील व जिला महासमुन्द

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी अमोरा को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक मनोहर पिता रंजित सिंह जाति खड़िया निवासी ग्राम अमोरा प.ह.नं. 11 ने ग्राम अमोरा प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. पटेवा तहसील व जिला महासमुंद छ.ग. द्वारा अपने दादा श्री संतराम का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए हलफनामा आवेदन प्रस्तुत किया है जिसमें आवेदक के दादा का मृत्यु दिनांक 05/10/1982 को होना दर्शाया गया है तथा आवेदक द्वारा अनुपलब्धता प्रमाण पत्र के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस भी व्यक्ति, संस्था को उजर दावा हो तो पेशी दिनांक 05/06/2024 को कार्यालयीन समय तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधी पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के पद मुहर से जारी।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

ई-कोर्ट क्र./202405200900030
/अ-2/2023-24
ग्राम-कोण्डागांव प.ह.नं.-15

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सरिता गोलछा पति राजेन्द्र गोलछा, जाति जैन, निवासी कोण्डागांव, तहसील कोण्डगांव, जिला कोण्डागांव के द्वारा ग्राम कोण्डागांव में स्थित स्वयं की भूमि खसरा नंबर 742/2/क/1 रकबा 0.1670 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ हेतु नक्शा, खसरा बी-1, रजिस्ट्री बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 12/06/2024 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**कोण्डागांव**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

ई-कोर्ट क्र./202405200900026
/अ-2/2023-24
ग्राम-कोण्डागांव प.ह.नं.-15

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आकाश गोलछा पिता अशोक गोलछा, जाति जैन, निवासी कोण्डागांव, तहसील कोण्डगांव, जिला कोण्डागांव के द्वारा ग्राम कोण्डागांव में स्थित स्वयं की भूमि खसरा नंबर 742/3/क/742/4 कुल रकबा 0.1930 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु नक्शा, खसरा बी-1, रजिस्ट्री बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 12/06/2024 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**कोण्डागांव**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

ई-कोर्ट क्र./202405200900029
/अ-2/2023-24
ग्राम-कोण्डागांव प.ह.नं.-15

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विमल कुमार मण्डावी पिता सन्नूराम मण्डावी, जाति मुरिया, निवासी अनतपुर, तहसील माकड़ी, जिला कोण्डागांव के द्वारा ग्राम कोण्डागांव में स्थित स्वयं की भूमि खसरा नंबर 626/110/ख/2 रकबा 0.0490 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु नक्शा, खसरा बी-1, रजिस्ट्री बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 07/06/2024 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**कोण्डागांव**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

ई-कोर्ट क्र./202405200900028
/अ-2/2023-24
ग्राम-कोण्डागांव प.ह.नं.-15

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुनूराम नेताम पिता लक्ष्मीनाथ नेताम, जाति मुरिया, निवासी बिवला, तहसील माकड़ी, जिला कोण्डागांव के द्वारा ग्राम कोण्डागांव में स्थित स्वयं की भूमि खसरा नंबर 626/110/ख/3 रकबा 0.0250 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु नक्शा, खसरा बी-1, रजिस्ट्री बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 07/06/2024 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**कोण्डागांव**

## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, भाटापारा

(छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम)(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कम्पनी)

**// बिजली बंद की सूचना //**

छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमिटेड भाटापारा संभाग के सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि मानसून पूर्व लाइनों एवं उपकेन्द्रों का मेंटेनेंस कार्य हेतु समय 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक नीचे दर्शाये क्षेत्रानुसार की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

| क्र. | दिनांक | 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र/फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 24.05.2024 | 11 के.व्ही. माचाभाट अटल ज्योति फीडर | ग्राम माचाभाठ, रोहरा, सकरीपार, ढाबाडीह, धिवनपुरी एवं कोलिहा के समस्त कृषि पम्प उपभोक्ता। |
| | | 11 के.व्ही. अटल ज्योति लिमतरा फीडर (दामाखेड़ा) | ग्राम दामाखेड़ा, तुलसी, किरवई, अड़बंधा एवं करहुल के समस्त कृषि पम्प उपभोक्ता। |
| | | 11 के.व्ही. कामता फीडर | ग्राम कामता, झिरिया के समस्त उपभोक्ता। |
| | | 11 के.व्ही. पटपर फीडर | सभी 11 के.व्ही. पटपर फीडर से लाभांवित समस्त उपभोक्ता। |
| | | 11 के.व्ही. मोहरा फीडर | ग्राम मोहरा बस्ती, मोहरा खार, भालेसुर, भालुकोना के समस्त उपभोक्ता। |
| 2 | 25.05.2024 | 11 के.व्ही. हथबंद टाउन फीडर | ग्राम हथबंद के समस्त उपभोक्ता। |
| | | 11 के.व्ही. चोरहा नवागांव टॉऊन फीडर (चंदिया पत्थरा) | ग्राम चोरहा नवागांव, चंदिरया पथरा के समस्त उपभोक्ता। |
| | | 11 के.व्ही. एनीकट फीडर | सी.एम.ओ. नगर पालिका परिषद (एनीकट) |
| | | 11 के.व्ही. हटरी बाजार फीडर | 11 के.व्ही. हटरी बाजार फीडर से लाभांवित समस्त उपभोक्ता। |
| | | 11 के. व्ही. फरहदा, फीडर | ग्राम डिग्गी, खपरी, टेकारी, फरहदा, मटिया के समस्त उपभोक्ता। |
| 3 | 26.05.2024 | 11 के.व्ही. कालोनी फीडर | सभी 11 के.व्ही. कालोनी फीडर से लाभांवित समस्त उपभोक्ता। |
| 4 | 27.05.2024 | 33 के.व्ही. हथबंद फीडर | कोई उपभोक्ता प्रभावित नहीं। |
| | | 11 के.व्ही. करहुल अटल ज्योति फीडर (चंदिया पत्थरा) | चंदिया पथरा पंप लाइन। |
| | | 11 के.व्ही. सिमगा टाऊन फीडर | सिमगा शहर, चुचरूंगपुर के समस्त उपभोक्ता। |
| | | 11 के.व्ही. मातादेवालय फीडर | सभी 11 मातादेवालय फीडर फीडर से लाभांवित समस्त उपभोक्ता। |
| | | 11 के.व्ही. सिनोधा फीडर | ग्राम जरौद, सिनोधा, भंवरगढ़, बरडीह के समस्त उपभोक्ता। |
| 5 | 28.05.2024 | 33/11 के.व्ही. हथबंद उपकेन्द्र | 33/11 के.व्ही. हथबंद उपकेन्द्र से निकलने वाले फीडरों से संबंधित समस्त उपभोक्ता। |
| | | 33 के.व्ही. दामाखेड़ा (न्यु बिलासपुर) फीडर | 33/11 के.व्ही. दामाखेड़ा, 33/11 के.व्ही. मनहोरा S/S एवं 33/11 के.व्ही. ढेकुना S/S से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर |
| | | 33 के.व्ही. बेमेतरा I फीडर | HT Conn. 33/11 के.व्ही. अर्थ स्थल, 33 के.व्ही. मनहोरा LIS एवं 33 के.व्ही. बजरंग पॉवर एवं 33 के.व्ही. IPDS सब-स्टेशन। |
| | | 11 के.व्ही. रेस्ट हाउस फीडर | महारानी चौक AB Switch के आगे से निकलने वाले समस्त उपभोक्ता। |
| | | 11 के.व्ही. भटभेरा फीडर | ग्राम भटभेरा, कुथरौद खार, बुड़गहन, बिटकुली, नयापारा, खैरवारी के समस्त उपभोक्ता। |
| 6 | 29.05.2024 | 33 के.व्ही. बेमेतरा II फीडर | 33/11 के.व्ही. झिरिया S/S से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर। |
| | | 11 के.व्ही. जरौद टाउन फीडर | ग्राम जरौद के समस्त उपभोक्ता। |
| | | 11 के.व्ही. हिरमी फीडर | ग्राम हिरमी, सकलोर, कुथरौद (बस्ती) के समस्त उपभोक्ता। |
| 7 | 30.05.2024 | 33 के.व्ही. नीरज पॉवर फीडर | HT उपभोक्ता मेसर्स नीरज पॉवर लि. |
| | | 11 के.व्ही. रावन फीडर | ग्राम बासीन, झीपन, रावन, अमेरी, पेण्ड्री, कसहीडीह, परसवानी के समस्त उपभोक्ता। |
| 8 | 31.05.2024 | 33 के.व्ही. इंडस बेस्त मेगा फुड फीडर | HT उपभोक्ता मेसर्स इंडस बेस्त मेगा फुड |
| | | 11 के.व्ही. नवापारा फीडर | ग्राम नवापारा, खैरवारी, धोबनीडीह, बिटकुली 04 नं. क्रशर एवं 02 नं उच्चदाब उपभोक्ता |

**आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन संभाव्य है।**
1. "स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें"
2. "समयावधि में देयक का भुगतान करे, लाईन विच्छेदन से बचें।"

**(एन.के.सोनी)**
**कार्यपालन अभियंता (सं/सं) संभाग**
**छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमिटेड भाटापारा**
**कर्मचारी क्रमांक 91542851**

# ट्रांसपोर्ट परमिट की आड़ में अवैध उत्खनन: बघेरा में अंधाधुन मुरुम निकाली जा रही, सरपंच लीज का झूठा दावा कर रहे, मिलीभगत से चल रहा रैकेट

**विभागीय अधिकारियों से जुगलबंदी, अधूरे दस्तावेज और नियमों को ताक पर रखकर जारी किए जा रहे ट्रांसपोर्ट परमिट**

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



विधानसभा अध्यक्ष के विधानसभा क्षेत्र में अवैध उत्खनन का खुला खेल चल रहा है। ग्राम बघेरा में हीरेंद्र वैष्णव के नाम पर परिवहन की अनुमति लेकर जीतू वैष्णव द्वारा मशीनों से उत्खनन करवाया जा रहा है। ग्रामीण बता रहे हैं कि, तालाब से रोज सैकड़ों ट्रीप मुरुम निकाली जा रही है। खनिज विभाग और राजस्व विभाग इस शिकायत पर चुप्पी साधे हुए हैं। खनिज विभाग से परिवहन की अनुमति लेकर माफिया अवैध उत्खनन कर रहे हैं। मशीनों से सुबह-शाम खुदाई हो रही है। इन मटेरियल सप्लायरों को दी गई परिवहन की अनुमति भी अवैध ही मानी जाएगी। क्यूंकि ये मटेरियल सप्लायर ऐसे किसी साईट की वैध जानकारी खनिज विभाग को नहीं दे रहे हैं जहां मुरुम डंप की जानी है। जबकि यह सबसे जरुरी नियम है। ट्रांसपोर्ट परमिट की आड़ में खुदाई बड़ा गंभीर विषय है। राजस्व अधिकारी, खनिज विभाग और पंचायत प्रतिनिधि भी इस मिलीभगत में शामिल हैं। करने दे रहे हैं। लगातार जेसीबी से खुदाई में उत्खनन के वैध मानकों को भी नज़र अंदाज किया जा रहा है। यहां गहरा गड्ढा होता रहा है जो कि पानी भरने के बाद लोगों के लिए मौत का कुंआ साबित हो सकता है। गहराई का ध्यान न रखने से बड़े हादसे का डर है। खासकर बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। जुलाई 2023 को सामने इलाके के ग्राम सांकरा में अवैध उत्खनन के चलते बने गहरे गड्ढे में डूबकर दो बच्चों की मौत हो गई थी। इस वीभत्स घटना की जांच के बावजूद आज तक पुलिस और विभाग दोषियों को नहीं ढूंढ सका। असल में गुनहगारों को बचाया गया। इस घटना में भी वैष्णव द्वारा अवैध उत्खनन किए जाने की बात सामने आई थी। यही वैष्णव अब बघेरा में धड़ल्ले से उत्खनन कर रहा है।

### ट्रांसपोर्ट परमिट भी अवैध

ग्राम बघेरा से निकाली जा रही मुरुम बाजार में बेची जा रही है। अलग-अलग जगहों पर इसका परिवहन किया जा रहा है। मुरुम के परिवहन के लिए ट्रांसपोर्ट परमिट लिए जाने से पहले विभाग को जानकारी दी जानी होती है कि किस निर्माण कार्य के लिए मुरुम का इस्तेमाल होगा और यह कहां और कितना डंप किया जाएगा।

विभाग उत्खनन करने वालों से ऐसी कोई जानकारी नहीं ले रहा है और बगैर जांचे ट्रांसपोर्ट परमिट जारी किए जा रहे हैं जो कि अपने आप में एक बड़ा घोटाला है।

### गहराई बढ़ रही, बड़ा खतरा साबित होगा

इस अवैध उत्खनन के मामले में सरपंच की मिलीभगत भी स्पष्ट है। उत्खनन की अनुमति न होने की जानकारी के बाद वे वैष्णव को खुदाई का गहरीकरण करवा सकता है। ऐसा करने से ग्रामीणों को भी बड़ा फायदा मिलेगी। लेकिन यहां मशीन से बगैर किसी मापदंड के अंधाधुन खुदाई की जा रही है।

### लीज का झूठा दावा

ग्राम बघेरा में जारी अवैध उत्खनन पर सरपंच हरिश देशमुख कहते हैं, खनिज विभाग ने जीतू वैष्णव को लीज दी है। जबकि खनिज विभाग द्वारा मुरुम के लिए किसी तरह की लीज दी ही नहीं जाती। टोकने पर सरपंच स्वीकार करते हैं और कहते हैं, वैष्णव को परिवहन की अनुमति मिली है। यहां सब ऐसे ही चलता है। इससे पहले शुभम पांडे भी उत्खनन कर रहा था उसका काम बंद हो गया। अभी जीतू वैष्णव उत्खनन कर रहा है।

### मशीनों से उत्खनन गलत

ग्राम बघेरा में तालाब में अवैध उत्खनन किया जा रहा है। बीते कई महिनों से यहां बीच बीच में अवैध उत्खनन शुरु कर दिया जाता है। जीतू वैष्णव के अलावा यहां शुभम पांडे ने भी जमकर उत्खनन किया। पांडे का काम बंद होने के बाद भी वैष्णव की मशीनें उत्खनन कर खनिज पार कर रहे हैं। पंचायत मनरेगा के तहत भी तालाब

### राजस्व अमला भी चुप, खनिज विभाग की आंखों पर पट्टी

जिला मुख्यालय के आसपास ग्रामीण इलाके में अवैध उत्खनन के प्रकरण आए दिन सामने आ रहे हैं। पड़ोसी जिलों में ऐसे मामलों को लेकर कड़ी कार्रवाई भी की जा रही है। लेकिन राजनांदगांव जिला मुख्यालय में राजस्व अमला और खनिज विभाग के अधिकारी अवैध उत्खनन को संरक्षण देते आ रहे हैं। अंधाधुन खनिज निकालकर बाजार में बेचा जा रहा है लेकिन एक अनुचित और अवैध परिवहन अनुमति की आड़ में सारा खेल खेला जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका को लेकर भी प्रशासन खामोश है। जबकि ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जरुरत है।

# मालवाहकों में ढो रहे सवारी पुलिस ने की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मालवाहक पर सवारी ले जाने वाले वाहनों पर पुलिस ने जिलेभर में कार्रवाई अभियान छेड़ दिया है। पुलिस ने बुधवार को कुल 9 प्रकरणों में कार्रवाई की। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन में एएसपी ऑप्स मुकेश ठाकुर एवं एएसपी राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया था कि मालवाहक वाहनों पर सवारी ले जाने वाले वाहनों से सडक़ दुर्घटनाओं को रोकने त्वरित कार्रवाई करने निर्देशित किया गया। इसी क्रम में 22 मई को जिलेभर में अभियान चलाकर मालवाहकों में सवारी ले जा रहे वाहन मालिकों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। जिसमें थाना गैंदाटोला पुलिस द्वारा 2 प्रकरण, थाना छुरिया द्वारा 04 प्रकरण, थाना डोंगरगांव द्वारा 3 प्रकरण कुल 09 प्रकरणों में वाहन मालिकों के खिलाफ मोटरयान की धारा 97/177 के तहत कार्रवाई कर समन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही मालवाहक संघ के चालकों को सवारी बैठाकर वाहन नहीं ले जाने के संबंध में समझाईश दिया गया।

# नांदगांव के सतीश सिंह राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के लिए चयनित

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नेशनल रायफल एसोसिएशन इंडिया नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप हेतु प्रतिभागी चयन के लिए इंदौर के महू (म.प्र.) में 10 मीटर एयर रायफल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया!

इस आयोजन में देश से पूर्व में राज्य स्तर पर चयनित 500 से अधिक निशानेबाजो ने भाग लिया। राजनांदगांव के सतीश सिंह ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया जिनका पूर्व में राज्य स्तर पर चयन हो चुका था। सतीश सिंह ने इस प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए 384/400 अंक प्राप्त कर नवम्बर 2024 में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय शूटिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया है। उल्लेखनीय है सतीश सिंह वर्तमान में मिडिल स्कूल स्टेशनपारा में शिक्षक के पद पर कार्यरत है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता और परिवार के साथ कोच को दिया। सतीश सिंह को उनकी सफलता पर मित्रो व शुभचिन्तकों ने बधाई दी है व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाये दी है। सतीश सिंह की यह सफलता राज्य के साथ साथ राजनांदगांव जिले के लिए गौरव की बात है।



# भाजपा ओबीसी मोर्चा ने ममता बनर्जी का पुतला फूंका

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला भारतीय जनता पार्टी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिव वर्मा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का मानव मंदिर चैक में आज शाम पुतला दहन किया। जानकारी के अनुसार कोलकाता उच्च न्यायालय ने संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत गलत ढंग से पिछड़ा वर्ग के कोटे में अल्पसंख्यक वर्ग के मुसलमानों को ममता बनर्जी द्वारा दिये गये आरक्षण को रद्द कर दिया हैं। न्यायालय के इस फैसले को ममता बनर्जी ने मानने से इंकार कर दिया है, जो न्यायालय की अवमानना है। इसके विरोध में देशभर में आज भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने ममता बनर्जी का पुतला दहन कर विरोध प्रकट किया है। इस संदर्भ में स्थानीय मानव मंदिर चैक में जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने ममता बनर्जी के खिलाफनारे लगाते हुये उनका पुतला दहन किया व उन पर संवैधानिक कार्यवाही की मांग की।

इस दौरान अनुराग चैरसिया, राजेश बिसने, माधव साहू, संदीप सोनी, विजय कुमार सिन्हा, विजय सिन्हा, सुशील गुप्ता, मनोज ढीमर, सोनू यादव, मधु बैद, मनोज हिरवानी, तोरन देवांगन, राजेश यादव, एन.के.साहू,आकाश चोपड़ा, भीषम देवांगन, अशोक खंडेलवाल, भरत वर्मा, ईश्वर निर्मलकर,प्रमोद साहू, गप्पू सोनकर, अजीत जैन, विजय राय, सतीश धीवर, विजय देवांगन, देवशरण सेन, विनोद श्रीरंगे, सुन्दर पोददार, लल्लू यादव, हितेश कोटक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# औंधी थानेदार पर ग्रामीणों से थाने में मारपीट और फंसाने की धमकी के संगीन आरोप

- कांग्रेस अध्यक्ष ने ली पत्रकार वार्ता, विधायक भी रहे मौजूद, कानूनी कार्यवाही की मांग

पायनियर संवाददाता मानपुर
www.dailypioneer.com





जिले के मानपुर ब्लॉक अंतर्गत नक्सल प्रभावित औंधी के थाने के थानेदार सुशील त्रिपाठी के खिलाफ मारपीट, गाली गलौच व नक्सल केश मे फंसाने की धमकी देने जैसे संगीन आरोप लगाते इलाके के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण औंधी मे जुटे। पीड़ितों मे महिलाएं भी शामिल हैं। एक महिला ने नम आँखों से अपनी ऐसी पीड़ा बताई कि मानवता भी शर्मसार हो जाए। उक्त महिला के मुताबिक 12 माह के उसके दूध मुंहे बच्चे को घर मे छोड़वाकर पुलिस उसे थाने ले गई और पुरुष पुलिस वाले ने उसे थाने मे जमकर पीटा। महिला के मुताबिक वह अपने बच्चे को दूध पिलाना चाहती थी। लेकिन पुलिस प्रताड़ना के चलते लंबे समय तक वह बच्चे को दुध भी नही पिला सकी। महिला ने थानेदार पर कड़ी कार्यवाही की मांग की। यही नहीं पुलिस विभाग मे ही संबद्ध एक कोटवार ने भी थानेदार पर उससे थाने मे मारपीट करने तथा जाति सूचक अपशब्द कहने का आरोप लगाते हुए थानेदार पर कार्यवाही की मांग की। अलावा इसके नक्सल पीड़ित परिवार के एक सदस्य ने पुलिस द्वारा नक्सल केश मे फंसाने की बात कहते हुए उससे मारपीट किये जाने का आरोप लगाया। दरअसल कुछ दिन पूर्व से इस तरह की शिकायत ग्रामीणों की ओर से सामने आने के बाद 22 मई को जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने औंधी मे इस मसले पर जन चौपाल लगाकर पीड़ितों की आपबीती सुनी तथा पत्रकार वार्ता भी ली। क्षेत्रीय विधायक इंद्रशाह भी इस दौरान मौजूद रहे। औंधी मे एक पेड़ के नीचे लगे चौपाल मे बड़ी संख्या मे ग्रामीण जुटे। वहीं करीब आधा दर्जन महिला-पुरुष ग्रामीणों ने अपनी आपबीती जिला कांग्रेस अध्यक्ष को बताई। एक महिला ने तो रोते बिलखते अपनी पीड़ा यहाँ बताया व पुलिस पर उससे मारपीट किये जाने का आरोप लगाया। तमाम पीड़ितों की बातें सुनने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्रकार वार्ता ली। उन्होंने उक्त थानेदार के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की। यही नहीं मांग पूरा न होने पर आगे उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी। वहीं विधायक ने भी पुलिस पर फर्जी नक्सल केस मे आदिवासियो को फंसाने का आरोप पुलिस पर लताते हुए मामले को विधानसभा मे उठाने की बात कही।

# दश महाविद्याओं का अनुष्ठान संपन्न

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर के प्रसिद्ध बर्फानी धाम स्थित दश महाविद्याओं के विशेष अनुष्ठान के संपन्न होने के बाद पुरश्चरण के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यहां मंदिर समिति के सदस्यों ने कई दिनों पहले से आयोजन की तैयारी शुरु कर दी थी।

पूरा दिन भक्तजनों को प्रसाद का वितरण किया गया। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर इस आयोजन के लिए मंदिर में विशेष साज-सज्जा की गई थी।



### बालिक नहीं होने के कारण बाल विवाह रोका गया

**मोहला।** जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में 23 मई को होने जा रहे विवाह को वधु नाबालिक होने के कारण महिला एवं बाल विकास विभाग/जिला बाल संरक्षण इकाई/राजस्व/ पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा वर एवं वधु पक्ष के घर में जाकर आवश्यक समझाईश देकर रुकवाया गया। वधु बालिग अर्थात 18 वर्ष होने में 9 माह शेष था। दोनों पक्ष की ओर से शादी की पूरी तैयारी कर ली गई थी। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 2 (क) के अनुसार बाल विवाह करने वाले को 2 वर्ष का कारावास एवं 1 लाख रुपए जुर्माना का प्रावधान है। बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है। इसलिए जिला प्रशासन लड़के के उम्र 21 वर्ष एवं लड़की की उम्र 18 वर्ष से अधिक होने पर ही विवाह तय करने की अपील करता है।

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्ष का किया निरीक्षण**

# मतगणना हाल में मोबाईल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 4 जून 2024 को होने वाले मतगणना के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउस कार्पोरेशन कृषि उपज मंडी बसंतपुर राजनांदगांव के स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विधान सभावार मतगणना कक्ष, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व एजेंट की बैठक व्यवस्था, प्रवेश पास, सीसीटीवी कैमरा मॉनिटरिंग, सुरक्षा व्यवस्था, उद्घोषक कक्ष एवं मीडिया सेंटर का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सूचना एवं टेक्नोलाजी का प्रयोग करते हुए राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अन्य जिलों के विधानसभा क्षेत्र की जानकारी गूगल लिंक के माध्यम से डेटा अपडेट होगा। उन्होंने राजनांदगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के समस्त मतदान केन्द्रों के मतदान का परिणाम समेकित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिले में मतगणना के लिए किए गए पुख्ता इंतजाम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मतगणना हाल में मोबाईल फोन, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेगा। लेकिन मीडियाकर्मी मीडिया सेंटर तक मोबाईल ले जा सकते हैं। उन्होंने पासधारी अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ताओं एवं मतगणना अभिकर्ताओं के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतगणना कक्ष में कम्प्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट सहित आवश्यक अधोसंरचना उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने पोस्टल बैलेट एवं ईटीबीपीएस के मतों की गणना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आने जाने के लिए प्रवेश मार्ग का भी अवलोकन किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना की तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि मतगणना के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों के साथ समन्वय बनाए रखने के लिए उन्हें वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सूचनाएं प्रदान की जा रही है। ईव्हीएम रनर की अलग पहचान के लिए टीशर्ट प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, डीएसपी प्रिया तनुप्रिया ठाकुर, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सुरेश एच लाल, रूपेश दुबे, अरूण शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पूजा-पाठ के बहाने लाखों की रकम-जेवर लेकर भागा ठग, डेढ़ साल बाद रिपोर्ट दर्ज

**राजनांदगांव।** रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी के फेस-1 में रहने वाले एक शिक्षक ने घर का शुद्धिकरण करने के नाम पर की गई ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामलों डेढ़ साल पुराना है। धोखाधड़ी के शिकार शिक्षक ने अब पुलिस में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी ठग की एक तस्वीर अंबिकापुर से जुड़े एक मामले में अखबार में प्रकाशित होने के बाद पीड़ित शिक्षक ने अपने साथ हुए धोखाधड़ी को लेकर पुलिस से शिकायत की है। मिली जानकारी के मुताबिक रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी के रहने वाले शिक्षक सियाराम साहू के घर 2 फ़रवरी 2023 को एक व्यक्ति गिरधारी साहू उर्फ राजा उर्फ सागर कुलकर्णी घर पहुंचा। आर्थिक परेशानी एवं अन्य समस्याओं से निजात दिलाने के लिए गिरधारी साहू ने पूजा-पाठ किया। पूजा के दौरान आरोपी द्वारा मकान मालिक शिक्षक सियाराम साहू को घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नगदी रकम का शुद्धिकरण करने मंगाया। आरोपी की बात में आकर शिकायतकर्ता शिक्षक ने 5 लाख 50 हजार रुपए नगद और अन्य सामान पूजा स्थल में रख दिए। पूजा करने का हवाला देकर आरोपी ने पीड़ित शिक्षक को कमरे से बाहर जाने को कहा और कुछ देर बाद अगरबत्ती जलाकर आरोपी ने छत में पूजा-अर्चना करने की बात कहकर शिकायतकर्ता शिक्षक को 15 से 20 मिनट तक ऊपर नहीं आने को कहा। काफी देर हो जाने के बाद मकान मालिक शिक्षक जब छत में पहुंचा तो आरोपी छत से कूदकर फरार हो गया था। उस दौरान आरोपी को पहचानने में दिक्कत हो रही थी। पिछले दिनों 17 मई 2024 को अंबिकापुर में हुए एक मामले में एक अखबार में उक्त आरोपी की तस्वीर छपी, उसकी पहचान करते हुए शिकायतकर्ता शिक्षक ने बसंतपुर पुलिस से शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 24 साल पहले गुम हुई लड़की को जशपुर पुलिस ने लखनऊ से किया बरामद, रिश्तेदार ले गई थी दिल्ली

## पिता शराब पीते थे इसलिए चली गई थी काम करने, लौटकर पुलिस का किया धन्यवाद

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

24 साल पहले अपने घर से काम करने के लिए बाहर जा चुकी एक लड़की जो उस वक्त बिलकुल ही छोटी और बालिका थी को जशपुर पुलिस ने उसे वापस उसके घर वालों से मिला दिया है। 24 साल बाद अपने परिवार वालों से मिलकर वह बेहद खुश है। इस मामले में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 61 वर्ष के पिता बीते वर्ष 29 जून को थाना में आवेदन पत्र देकर बताया कि उसकी नाबालिक लड़की उम्र करीब 16 वर्ष को ग्राम चूल्हापानी के टीना खलखो के द्वारा बच्चे की देखभाल करने के लिए सन् 1999 से 2002 के मध्य दिल्ली लेकर गई जो आज तक नहीं आई है न ही उसका पता चल रहा है।





### 11 साल की उम्र से गई दिल्ली

आवेदन पर अपराध घटित करना पाये जाने से टीना खलखो के विरूद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान पीड़िता का पतासाजी की जा रही थी जो पुलिस के सहयोग एवं प्रयास से 25 मई को प्रार्थी अपनी पुत्री पीड़िता को अपने रिश्तेदार के साथ थाना लाकर पेश किये जिसका बरामदगी पंचनामा गवाहों के समक्ष तैयार कर दस्तयाब की गई है। महिला पुलिसकर्मी द्वारा पीड़िता से बयान लेने पर बताई कि जब वह 05 वर्ष की थी तब उसकी माँ की मृत्यु हो गई थी वह कक्षा 6वीं पढ़ रही थी तब उसके पिताजी दूसरी शादी कर लिये। पिता व सौतेली मां नशे में होकर झगड़ा विवाद करते थे इसकी करीबी रिश्तेदार टीना खलखो इसके घर आती-जाती थी वह दिल्ली में रहती थी वह करीबी रिश्तेदार से बोली कि वह उसके साथ दिल्ली जायेगी फिर वह उसके साथ दिल्ली चली गई। दिल्ली में पीड़िता अभिराम नाम के व्यक्ति के घर काम करने लगी, उसके बच्चे की देखभाल कर उन्हीं के साथ रहने लगी।

### लखनऊ से हुई बरामद

विगत 04 वर्ष से वह लखनउ स्थित एक घर में रह रही थी। इसी दौरान अपने भाई से बातचीत करती थी तब इसको पता चला कि उसके पिताजी उसकी गुमशुदगी का रिपोर्ट दर्ज करा दिये हैं जिसके 19 मई को अपने गांव आई और 20 मं को अपने पिताजी और मामाजी के साथ थाना में आकर सूचना दी। पीड़िता के बयान मुताबिक उसके साथ किसी प्रकार का घटना दुर्घटना नहीं होना बताई है। पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा जिले के गुम इंसान एवं अपहृत बालिकाओं की दस्तायाबी के लिए विशेष अभियान चला कर तत्काल दस्तयाब करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है जो लगातार जारी है।

# मनोरा पुलिस की सूझबूझ से आत्महत्या का प्रयास कर रहे युवक की बची जान

## युवक दो घंटे से आम के पेड़ में चढ़ कर अपने गले में फांसी का फंदा डालकर बैठा था



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

फांसी के फंदे में झूलने गए एक युवक को पुलिस ने बचा लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार की दोपहर 02.30 बजे के लगभग ग्राम मनोरा चौकी के ग्राम खुखरापाठ माधवा निवासी एक 24 वर्षीय युवक किसी कारणवश आत्महत्या की नियत से गांव में ही एक आम के पेड़ में 30 से 40 फिट की ऊंचाई में चढ़कर अपने गले में फांसी का फंदा डाला हुआ था, परिजनों व ग्राम वासियों द्वारा समझाने पर भी नहीं मान रहा था, सूचना पर चौकी मनोरा से प्रधान आरक्षक कृपा सिंधु तिग्गा, आरक्षक जगजीवन यादव व रविंद्र पैंकरा मौके पर पहुंच युवक को आत्म हत्या करने से रोकते हुए लगातार दो घंटे तक समझाते रहे। पुलिस के लगातार समझाने पर युवक मान गया और अपने गले से फांसी का फंदा निकालकर पेड़ से नीचे सकुशल उतारा गया एवं पुलिस द्वारा उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है साथ ही काउंसलिंग के लिए सलाह दी गई है।

# क्षेत्रीय अधिवेशन केशोरायपाटन में प्रिंट मीडिया की आवश्यकता पर होगा चिंतन-मंथन



धमतरी 23 मई। जैन पत्रकार महासंघ रजि के तत्वावधान में श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र केशोरायपाटन जिला बूंदी में महासंघ का क्षेत्रीय अधिवेशन 9 जून दोपहर 1:30 बजे परम पूज्य गणिनी आर्यिकारत्न श्री स्वस्तिभूषण माता जी के ससंघ सानिध्य में राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश जैन तिजारिया जी की अध्यक्षता में होगा। जैन पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन बडजात्या ने अवगत कराया कि उक्त अधिवेशन में राजस्थान के साथ निकटतम प्रान्तों से जैन पत्रकार, संपादक, संवाददाता, लेखक व प्रकाशक सम्मिलित होंगे। अधिवेशन के पश्चात राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग में भी पत्रकारों के हित में अनेक निर्णय लिए जाएंगे। कार्यक्रम मुख्य संयोजक राकेश जैन चपलमन कोटा राष्ट्रीय मंत्री जैन पत्रकार महासंघ, जिला संयोजक कोटा पारस जैन, जिला संयोजक बूंदी महावीर सरावगी, जिला संयोजक जयपुर चक्रेश जैन एवं मुकेश जैन केशोरायपाटन कार्यक्रम संयोजक होंगे। जैन पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनीष जैन विद्यार्थी शाहगढ के अनुसार उक्त अधिवेशन में प्रिंट मीडिया की आवश्यकता एवं जैन पत्रकारों के संरक्षण विषय पर चिंतन और मंथन किया जाएगा।

# मेडिकल आबंटन, सेवा पुस्तिका में अवकाश और अन्य अंकन लंबित पर चर्चा

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला की आज छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा सचिव सिदार्थ कोमल परदेसी से मंत्रालय में मुलाकात हुई। महासंग के प्रांतीय संयोजक ने विगत नौ वर्षो से प्राचार्य , उप संचालक एवं व्याख्याता पद की लंबित पदोन्नति पर समय बद्ध कार्यक्रम घोषित करने की मांग किया । शुक्ला ने कहा की उक्त पदों की पदोन्नति को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय की कार्यवाही बहुत धीमी एवं विसंगतिपूर्ण है। चल रही प्रक्रिया से शिक्षा मंत्री द्वारा बजट सत्र में छः माह में पदोन्नति करने की गई घोषणा अधूरी रह जायेगी । अतः निश्चित समय सीमा निर्धारित कर पदोन्नति की कार्यवाही की जाय ,साथ ही पदोन्नति को कुछ शिक्षक बेवजह कानूनी तौर पर उलझाए रखने के लिए हाई कोर्ट में याचिका लगा कर स्थगन जारी कर लेते हैं अतः शासन की ओर से तत्काल केविएट लगाया जाय जैसा की स्कूल शिक्षा सचिव नन्द कुमार के समय किया जाता था । मुलाकात की अन्य प्रमुख बिंदु में प्रधान पाठक मिडिल स्कूल के प्राचार्य पद में पदोन्नति में, पूर्व से पदोन्नत व्याख्याता के नाम, प्रधान पाठक की वरिष्ठता सूची से पृथक रखने, मिडिल प्रधान पाठकों की वरिष्ठता सूची अलग से निर्धारित कर प्राचार्य पर शीघ्र पदोन्नति देने, शिक्षक और उनके परिवार के जिलों से संचालनालय और शासन को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा भेजे गए मेडिकल आबंटन जैसे संवेदनशील मामलों में शीघ्रता दिखाते हुए जिलों के लिए मेडिकल आवंटन तत्काल दिया जाए। 'शिक्षकों को ग्रीष्म अवकाश के स्थान पर लिपिक और अन्य कर्मचारियों की तरह 30 दिनों का 'अर्जित अवकाश का लाभ दिया जाए, क्योंकि प्रदेश केअन्य लिपिक और कर्मचारियों को भी 01 वर्ष में 30 दिनों के अर्जित अवकाश सहित प्रति सप्ताह शनिवार के 52 दिनों का अतिरिक्त अवकाश प्राप्त होता है, 'शिक्षकों को भी अन्य कर्मचारियों की तरह 30 दिनों का अर्जित अवकाश तथा शनिवार अवकाश के बदले अर्जित अवकाश देने तथा ग्रीष्म को समाप्त करने की मांगे भी रखी गई। 'शिक्षा सचिव और संचालक शिक्षा के समक्ष, महासंघ के प्रतिनिधिमंडल मंडल की विभिन्न बिंदुओं पदोन्नति, क्रमोन्नति, अवकाश लेखा सहित अन्य आवश्यक इंद्राज सभी शिक्षकों के डुप्लीकेट सेवा पुस्तिका , जीपीएफपासबुक में शिविर लगाकर प्रत्येक ब्लॉक शिक्षा कार्यालय में उनके अंकन पूर्ण कराने पर भी चर्चा हुई। शिक्षा सचिव परदेशी साहब ने कर्मचारी अधिकारी महासंघ के सभी मांगो का समर्थन करते हुए प्रतिनिधि मंडल को शिक्षकों के उपरोक्त कार्य कराने हेतु तत्काल कार्यवाही करने को कहा है। शिक्षा सचिव परदेशी से मिलने वाले प्रतिनिधि मंडल में कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रांतीय संयोजक ,अनिल शुक्ला , प्रांतीय प्रवक्ता संजय तिवारी, ओपी शर्मा, 'धमतरी जिला के कर्मचारी अधिकारी महासंघ के जिला संयोजक दीपक शर्मा,मनहरण भास्कर, संजय नारंग, वासुदेव भोई,हेमंत ठाकुर प्रकाश पवार, अभनपुर, रायपुर,बस्तर , सरगुजा,दुर्ग भिलाई जिला के विभिन्न शिक्षक प्रतिनिधि शामिल रहे।

# दिव्यांग बालिकाओं को मिलेगी नि :शुल्क आवासीय शिक्षा

**मुंगेली।** श्रवण बाधित दिव्यांग बालिकाओं को विशेष विद्यालय धमतरी में कक्षा पहली से 10वीं तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा दिया जा रहा है। वर्तमान सत्र से 11वीं एवं 12वीं की बालिकाओं को भी निःशुल्क आवासीय शिक्षा का लाभ दिया जाएगा। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक शारदा जायसवाल ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 06 से 14 वर्ष की श्रवण बाधित दिव्यांग बालिकाओं को कक्षा पहली से नौवीं एवं 16 वर्ष की श्रवण बाधित दिव्यांग बालिकाओं को कक्षा 11वीं में प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को जन्म प्रमाण पत्र, विशिष्ट पहचान पत्र, आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, 10 नग पासपोर्ट फोटो, ब्लड ग्रुप, बैंक पासबुक, राशनकार्ड, पहचान का निशान, सिकलसेल या अन्य बीमारी की जानकारी और अध्ययनरत होने पर स्थानांतरण प्रमाण तथा पिछली कक्षा की अंकसूची की छायाप्रति प्रस्तुत करना होगा।

# बठेनापारा धमतरी के सूने मकान से लगभग 90 हजार की हुई चोरी के आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने किया 24 घंटे में गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

प्रार्थी प्रवीण चंद इसार पिता सुरेश चंद इसार उम्र 34 वर्ष बठेना पारा धमतरी अपने परिवार सहित घर में ताला लगाकर नगरी चले गये थे कि 22 मई 24 को सुबह 6 बजे प्रार्थी का पड़ोसी मनोज उराव फोन करके बताया कि आपके घर का ताला टूटा हुआ है तब प्रार्थी अपने परिवार के साथ वापस घर आया तो देखा कि प्रार्थी के घर आया तो देखा कि प्रार्थी के घर का मेन दरवाजा का ताला टुटा हुआ था घर अंदर का सामान बिखरा पड़ा था आलमारी का ताला टूटा हुआ था घर आलमारी में रखे सामान एक जोडी सोने का टॉपस, एक नग सोने की अंगुठी, सोने का चैन एक नग, चाँदी का पायल दो जोडी, चाँदी का पायजेब एक जोड़ी, चाँदी का कर्धन दो नग जुमला कीमती 90,000 रुपये करीबन को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले जाने की प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्र 206/24 धारा 457, 380 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं गवाहों का कथन लिया गया। घटना



स्थल का बारिकी से निरीक्षण किया गया तथा मौके पर टूटा हुआ ताला जप्त किया गया एवं आस पास के सीसीटीवी एवं लोगों से पूछताछ कर, मुखबिर सूचना एवं तकनिकी साक्ष्य के आधार पर संदेहियों तक पहुंचने पर संदेहियों सुरेश तिवारी, दीपक उर्फ बबलू साहू को हिरासत में लेकर कडाई से पुछताछ किया गया एवं जिस पर चोरी करना स्वीकार किये एवं मेमोरण्डम कथन में बताया की दोनों ने मिलकर चोरी करने की नियत से बठेना पारा धमतरी में सुने मकान के गेट के ताला को रॉड से तोड़कर मकान अंदर घुसकर कमरे में रखे आलमारी में रखे सोने चाँदी के जेवरात को चोरी कर नहर पार में झाड़ी के पास पत्थर के नीचे छुपाकर रखना बताने पर आरोपीगण के मेमो. कथन के आधार पर चोरी किये सोने चाँदी के जेवरातों को एवं ताला तोडने में प्रयुक्त लोहे के रॉड को जब्त किया गया। प्रकरण में एक से अधिक आरोपी होने से धारा 34 भादवि जोड़ी गयी। आरोपीगण के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने से आरोपीगण को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही उनि लक्ष्मी कांत शुक्ला, प्रआर दीपक साहू, दिपेश देहारी आर सुरेंद्र डडसेना, मनोज उराव, मुकेश सिन्हा, प्रहलाद उईके, उत्तम ध्रुव, ईश कुमार टंडन का विशेष योगदान रहा।

# विश्व हिंदू परिषद के जिला पदाधिकारियों ने किया दुर्गा वाहनी के बहनों का धमतरी में भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

विश्व हिंदू परिषद पूरे जिले में अपने संगठन को मजबूत कर रहे हैं धर्म रक्षा, लव जिहाद, गौ तस्करी, धर्मांतरण, मतांतरण के खिलाफ संघर्ष और समाज सेवा, संस्कृति रक्षा एवं संस्कार निर्माण का कार्य कर रही है। विश्व हिंदू परिषद के द्वारा समाज में किए जा रहे हैं धर्म रक्षा राष्ट्र सेवा और धर्मांतरण के खिलाफ संघर्ष के कार्यों से प्रभावित होकर लगातार पूरे जिले भर में युवक युवतियां, माता एवं बहनो के साथ समाज के वरिष्ठ जन और गणमान्य नागरिक जुड़ रहे हैं संगठन की मजबूती से सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है। बजरंग दल द्वारा किए जा रहे सक्रिय कार्यों से सभी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ रहा है और लगातार युवा प्रशिक्षण लेने के लिए संगठन से संपर्क कर रहे हैं विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहनी के द्वारा बालोद जिले में चलाये जा रहे आत्मरक्षा प्रशिक्षण वर्ग में धमतरी जिले की 50 बहनों ने हिस्सा लिया जहां पर उन्हें



तलवार, दंड, राइफल, कराटे नियुद्ध और अलग.अलग आत्मरक्षा के कलाओं में पारंगत किया गया। धमतरी की बेटियों ने बढ़ चढ़कर इस प्रशिक्षण में प्रतिभागिता निभाई और सफलता पूर्वक प्रशिक्षित होकर वापस अपने गृह जिले धमतरी पहुँचे। धमतरी बस स्टैंड पर विश्व हिंदू परिषद के जिला कार्यकारणी, बजरंग दल और शहर के अन्य गणमान्य लोगों द्वारा ढोल नगाडों के साथ शोभायात्रा निकालकर भव्य स्वागत किया गया। जिलामंत्री रामचंद देवांगन ने बहनों को सफ्ल प्रशिक्षण लेने के लिए बधाई दी और आगे गांव गांव में प्रशिक्षण चलाने की तैयारी करने को कहा। जिलाकार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि आजकल समाज में शाला त्यागी और अप्रवेशी बच्चों को पुनः शालाओं की ओर भेजने हेतु प्रेरित करे और जो बच्च 16 वर्ष से अधिक आयु के हैं उनको घर घर जाकर रोजगरउन्मुखी शिक्षा की ओर उनका ध्यान आकर्षित करवाए। नारी शक्ति हमारी राष्ट्र शक्ति है नारी घर परिवार समाज और राष्ट्र सबकुछ सम्भाल सकती है जो प्रशिक्षण बहनों द्वारा लिया गया है उन्हें रोज अपने गांव में शाखा और अखडा संचालित कर सभी माताओं और बहनों को प्रशिक्षित करने हेतु कहा गया। कार्यक्रम में सन्दीप अग्रवाल ने बहनों को साधन संसाधन उपलब्ध कराने का वादा किया।

## ब्रह्मांड के रहस्यों का प्रदर्शन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभदायक-जिला शिक्षा अधिकारी

# प्लेनेटोरियम डोम का प्रदर्शन रोमांचक व ज्ञानवर्धक : टीआर जगदले









पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

अजीम प्रेमजी फाउंडेशन शंकरदाह में 20 से 25 मई तक प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक प्लैनेटटोरियम का प्रदर्शन किया जा रहा है जो जिला प्रशासन कलेक्टर नम्रता गांधी व जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार चलित तारामंडल उपलब्ध करवाया गया है। चल रहे समर कैंप में बच्चों को अंतरिक्ष का दर्शन, आकाश गंगा, उल्का पिंड का गिरना, डायनासोर का विलुप्त होना, ज्वालामुखी, समुद्र एवं महाद्वीप, ब्लैक.होल, चंद्रयान इत्यादि जैसे विज्ञान के विषयों से सम्बंधित विडिओ को दिखाकर विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इन सारे वीडियो को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया जा सकता है पर प्लेनेटोरियम डोम के अंदर घुसकर देखने से दर्शकों को एक अलग ही अनुभूति प्राप्त होता है। अंदर बैठकर देखने पर ऐसा लगता है मानो हम अंतरिक्ष में पहुँच गए हों! इसलिए बच्चे एवं बडे सब की रूचि ले रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र व छोटे शहरों में लोगों को तारामंडल का अनुभव शायद ही मिलता है। बच्चों में विज्ञान खासकर एस्ट्रोनोमी के प्रति रूचि जागृत करने की दृष्टि से यह कार्यक्रम बहुत ही महत्वपूर्ण है। कल 22 मई तृतीय दिवस के दिन 2 राउंड में करीब 70 छात्र-छात्राएं व 10 शिक्षकों ने प्लेनटोरियम डोम का अनुभव प्राप्त किया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली, शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला सांकरा, शास् हाई स्कूल सांकरा, शासकीय माध्यमिक शाला भोथली, छात्र-छात्राएं व्याख्याता गणेश प्रसाद साहू के मार्गदर्शन में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदले एवं सहायक संचालक डीआर चौधरी ने कहा कि इससे बच्चों के सामान्य ज्ञान में वृद्धि होगी व ब्रह्मांड के विभिन्न परिवर्तन को समझने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने भी खुद बच्चों के साथ तारामंडल का अनुभव प्राप्त किया। फिर तारामंडल से बाहर आने पर उपस्थित बच्चों के साथ चर्चा करते हुए उनके अनुभवों को भी जाना व समझा। इस अवसर पर संकुल समन्वयक कुंदन ढालेन, व्याख्याता बलेश कुमार साहू, हिरेंद्र मंडावी, किरण चंद्राकर, सुनील शाह, कुशाग्र साहू, रामखिलावन, भावेश, आशीष, मनीष , ऋषभ, टिकेंद्र, वेदकुमार, पूर्वा साहू, निधि, रितिका, कनिष्का आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# अधिकारियों ने कर दिया अमृत मिशन में 350 करोड़ का टेंडर घोटाला

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय एवं विकास विभाग (सूडा) द्वारा भारत सरकार की योजना अमृत मिशन 2.0 में जल प्रदाय योजना के 350 करोड़ के काम देने में टेंडर प्रक्रिया में घोटाला किया है। जिसमें सूडा के कुछ अधिकारियों द्वारा टेंडर में भाग लेने हेतु बनाए गए मापदंडों में फेरबदल करते हुए ठेकेदार से पार्टनरशिप करते हुए उन्हें 350 करोड़ के कार्य दे दिए गए, अमृत मिशन योजना केंद्र सरकार द्वारा सभी घरों में नल द्वारा जल देने हेतु लागू की गई है किंतु अधिकारियों द्वारा योजना की परवाह न करते हुए अपनी जेब भरने में व्यस्त हैं जिसमें बहुत से निकायों में अपात्र ठेकेदारों को भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों द्वारा कार्य दे दिया गया है। ऐसे अधिकांश ठेकेदारों द्वारा अभी तक अमृत मिशन योजना के कार्यों को आरंभ भी नहीं किया गया है। इससे शासन का करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद भी लोगों को योजना का लाभ मिलने की कोई गारंटी नहीं है, तथा अधिकांश कार्य सूडा के अधिकारियों की पार्टनरशिप में होने की वजह से अधिकारी मौन है। तथा योजना का कार्य पूर्ण करने में किसी भी अधिकारी की रुचि भी दिखाई नहीं देती है, भ्रष्टाचार में लिप्त सूडा के कुछ अधिकारियों द्वारा अमृत मिशन के कार्यों के निगरानी के लिए चयनित पीडीएमसी मेंसर्स शाह कंसलटेंट होने के बावजूद भी अमृत मिशन के कार्य हेतु कोरबा, रायपुर, जगदलपुर, बिरगांव, भिलाई एवं कुम्हारी में एक अन्य एजेंसी मेंसर्स पौराणिक ब्रदर्स का मिशन डायरेक्टर की अनुमति न होने के बावजूद भी किया गया जो की अमृत मिशन योजना क्रियान्वयन के जारी किए गए दिशा निर्देशों के खिलाफ है। अधिकारी अपनी जेब भरने में इतने मदमस्त हैं कि उन्हें भारत सरकार के नियमों की भी कोई परवाह नहीं है, सूडा द्वारा अमृत मिशन के समस्त कार्यों के देखरेख के लिए मेसर्स शाह टेक्निकल कंसलटेंट को भुगतान किया जा रहा है, किंतु शाह टेक्निकल द्वारा समस्त जगह पर कार्य नहीं देखा जा रहा। वहीं सूडा के अधिकारियों के दिशा निर्देश पर कुछ जगह पौराणिक ब्रदर्स द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिसका भुगतान निकाय स्तर पर किया जा रहा है। एक ही कार्य का दो अलग-अलग जगह से होने की वजह से



सालों से चल रहा है। भ्रष्टाचार का यह खेल किसी के ध्यान में नहीं आया था। जब राज्य के समस्त कार्यों के लिए किसी एजेंसी का चयन किया गया। फिर अलग से एजेंसी का चयन करके दो-दो कंसलटेंट का भुगतान करके शासन को करोड़ों रुपए का गबन एक जांच का विषय है, अमृत मिशन में कार्य करने हेतु एसएलडीसी की बैठक 30 मई 2023 द्वारा ज्वाइंट वेंचर को भी अनुमति प्रदान की थी किंतु इसमें कहीं भी तकनीकी अहर्ता से समझौता नहीं किया गया। एसएलडीसी की मंजूरी के बिना टेंडर डॉक्युमेंट के परिशिष्ट 2,3 और 4 के फुटनोट में भी संशोधन किया गया जो नियमों का घोर उल्लंघन है। मानक परिशिष्ठो और परिवर्तित परिसिष्ठो की प्रतियां (ज्वाइंट वेंचर खंड को शामिल करने के बाद) अनुबंध ए के रूप में संलग्न की गई है। अन्य बदलावो के बावजूद एक बड़ा बदलाओं यह है कि टेंडर डॉक्युमेंट के परिशिष्ठ 3 के फुटनोट में बिंदू क्रमांक (11) पर इसका स्पष्ट उल्लेख किया गया है। (11) बिड क्षमता की गणना के लिए टी डी एस या अन्य प्रमाण पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। लेकिन इसके विपरीत हाल ही की बोलियों से उसी मानक खंड को हटा दिया गया था। सूडा के तकनीकी अधिकारियो द्वारा एसएलटीसी/ सूडा अधिकारियों के पूर्व अनुमोदन या ज्ञान के बिना केवल कुछ ठेकेदारों की मदद करने के लिए तथा ठेकेदार निर्माण कारोबार और बीड क्षमता को प्रमाणित करने के लिए सीए द्वारा जारी प्रमाण पत्रों को स्वीकार करने हेतु अनुमोदित नियमों के साथ छेड़खानी की गई। जबकि नियमानुसार इसकी गणना ठेकेदारों द्वारा टेंडर डॉक्युमेंट के लिए परिशिष्ट 2,3 और 4 में भरे गए डेटा और ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत विधिवत हस्ताक्षरित सहायक दस्तावेजों से ही की जानी थी, यहां यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि सूडा के अधिकारियों द्वारा सभी निविदा दस्तावेजों को अंतिम रूप दे रहे हैं। (उनके द्वारा किए गए सभी बदलाव निकाय के प्रभारीयों को सूचित नहीं किए जाते हैं) और उन्हें टेंडर प्रकाशित करने के लिए निकाय प्रभारी को भेज रहे हैं। इसके अलावा वह सभी मूल्यांकन रिपोर्ट को भी अंतिम रूप दे रहे हैं और उन्हें निकाय प्रभारी को केवल उनके हस्ताक्षर के लिए भेज रहे हैं और आधिकारिक तौर पर सूडा को भेज रहे हैं यह सब सूडा के उच्च अधिकारियों और निकाय प्रभारी की जानकारी में है जिसकी पुष्टि उनसे अलग से की जा सकती है, मापडंडों का घोर उल्लंघन और एसएलडीसी की पूर्व मंजूरी के बिना मानक खंडों के साथ छेड़छाड़ एक गंभीर अपराध है इसे भ्रष्टाचार का कार्य माना जा सकता है।

### अभी तक आरंभ नहीं हुए ज्वाइंट वेंचर के कार्य

अधिकारियों द्वारा फर्जी तरीके से मूल्यांकन करके कार्य को अनुभवहीन एवं आयोग्य ठेकेदारों को कार्य तो दे दिया गया है किंतु शासन की इस अधिकांश योजनाओं का कार्य आरंभ ही नहीं हुआ है अधिकारियों का ध्यान सिर्फ अपनी जेब भरने में है इसलिए इस योजना का लाभ आम जनता को मिलता है या नहीं इसकी कोई गारंटी नहीं है। शासन द्वारा इन सभी भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा लगभग 350 करोड रुपए के टेंडर घोटाले की जांच करवाकर उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करके जनता के साथ किया जा रहे धोखाधड़ी से बचाना चाहिए इन सारी भ्रष्टाचार की जानकारी सूडा के वरिष्ठ अधिकारियों एवं विभागीय मंत्री को देने के पश्चात भी उनके द्वारा कोई भी कार्यवाही ना किया जाना खेद का विषय है।

**एसएलटीसी से बिना अनुमोदन प्राप्त किये ही कर दिए गए नियमों में फेरबदल :** प्राप्त जानकारी के अनुसार टेंडर के किसी भी दस्तावेज में परिवर्तन करने के लिए सूडा की स्टेट लेवल कमेटी एसएलटीसी द्वारा पास किया जाना आवश्यक होता है किंतु अमृत मिशन के टेंडर प्रक्रिया में एसएलटीसी द्वारा दो-तीन नियमों में परिवर्तन करने का प्रावधान किया गया था जिससे कमेटी द्वारा कार्यों के लिए ज्वाइंट वेंचर की अनुमति प्रदान की थी किंतु सूडा के कुछ अधिकारियों द्वारा अपने ठेकेदारों को कार्य देने के लिए बहुत सारे नियमों में परिवर्तन कर दिया गया जो की गंभीर भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है।

**अनुमति कुछ और की, कर दिए कुछ और परिवर्तन :** यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि एसएलटीसी द्वारा केवल टेंडर में जॉइंट वेंचर की अनुमति प्रदान की गई थी किंतु विभाग के अधिकारियों द्वारा अपने खास लोगों को कार्य देने के लिए टेंडर डॉक्युमेंट में बहुत सारे परिवर्तन कर दिए गए इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि अधिकारियों द्वारा मोटी रकम लेकर अपने खास लोगों को काम देने के लिए 350 करोड़ का टेंडर घोटाला किया गया है।

**तकनीकी अर्हता को धता बताकर टेंडर अवार्ड किया गया :** सूडा द्वारा जारी किए गए अमृत मिशन 2.0 के टेंडर डॉक्युमेंट में जॉइंट वेंचर की स्थिति में दोनों ठेकेदारों को जल प्रदाय के समस्त घटकों का पूर्ण रूप से अनुभव होना आवश्यक था किंतु सूडा के कुछ अधिकारियों द्वारा तकनीकी अर्हता को बिना किसी अनुमति के मनमाने ढंग से परिवर्तन कर ज्वाइंट वेंचर के किसी एक ठेकेदार को आधा अधूरा तथा दूसरे को भी अपूर्ण या अनुभवहीन होने के बावजूद भी ज्वाइंट वेंचर के अंतर्गत पूर्ण तकनीकी अहर्ता दिखाकर अपने चाहते ठेकेदारों को करोड़ों का टेंडर प्रदान किया गया।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा अनावश्यक डीएमएफ की राशि रोके जाने की शिकायत

## अविलम्ब भुगतान नही होने पर धरना देने को होंगे मजबूर



मनमाने रवैय्या के ही चलते होती है शासन प्रशासन की छवि खराब

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

जिले के अधिकतर ग्रामीण यंत्रिकी सेवा से जुडे हुये ठेकेदारों ने जिनका डीएमएफ मद के अंतर्गत किये गये कार्यो को निर्धारित समय अवधि पूर्ण हो जाने के बाद भी लम्बे समय से भुगतान की राशि रोककर रखा गया है जिसकी शिकायत प्रदेश मुख्य सचिव सहित कलेक्टर को किया गया है गौरतलब है की कई माह से ठेकेदारो के द्वारा कलेक्टर से मौखिक निवेदन पहले भी किया जा चुका है परन्तु अभी तक उन्हें भुगतान नहीं किया गया है, जिसके कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना बताया गया , विभाग द्वारा जानकारी लेने पर समस्त फाईले पूर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं वर्तमान कलेक्टर के अनुमोदन के पश्चात एफटीओ बनने के बाद भी वर्तमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा अनावश्यक रुप से लंबे समय से रोक कर रखने की जानकारी दी गई है एवं फाईलों मे अनावश्यक त्रुटि निकालकर कार्यों के भुगतान राशि को रोककर रखा जा रहा है कई कार्य स्कूल एवं जनहित से जुडे हुये है जो भुगतान नही मिलने के कारण समय मे पूर्ण नही हो पायेंगे जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पडेगा पीडब्ल्यूडी विभागों की भी फाईले लम्बे समय से भुगतान नही होने के कारण ही अन्य दूसरे कार्य नहीं कर पा रहे हैं, दुकानदारों के देनदारी से जिले के सभी ठेकेदार परेशान हैं एवं अपने मजदूरों को भी भुगतान नहीं कर पा रहे हैं एवं जिससे घर बार छोड़ने की नौबत आ गई है। उक्त विडंबनाओं के चलते कलेक्टर से निवेदन करते हुये कहा की शासन प्रशासन की छवि ऐसे अधिकारियों के मनमानी के चलते खराब होती है एवं भुगतान जो लंबे समय से लंबित है उसे जल्द अविलम्ब कराने का आग्रह किया गया है। अन्यथा जल्द से जल्द भुगतान नहीं करने की दशा में सभी ठेकेदार एवं मजदूर अपने पूरे परिवार सहित धरने पर बैठने को विवश हो जायेंगे जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

# सैय्यद अनवर अली चुने गए छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के अध्यक्ष



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

सैय्यद अनवर अली छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के अध्यक्ष चुने गए हैं। छत्तीसगढ़ के जिला यातायात महासंघ के संरक्षक प्रमोद दुबे, विधि सलाहकार शिवेश सिंह तथा समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में बुधवार को राजधानी में बैठक हुआ। बैठक में सिटी बस संचालन, धमतरी मार्ग पर प्रारम्भ हो रहे नये टोल गेट तथा समस्त सिटी बसों की स्वीकृति रायपुर से जारी होने के सम्बन्ध में एवं समस्त जिलों में बस स्टैंड में एजेंटो एवं हाकरो के सम्बन्ध में तथा आल इंडिया परमिट वाली बसों जो की स्टेज कैरिज के बस स्टैंड के चलती है के सम्बन्ध में चर्चा की गई। इन समस्या के लिए ज्ञापन तैयार कर परिवहन आयुक्त से एक प्रतिनिधि मंडल के मिलने का का भी निर्णय लिया गया। बैठक में आगामी तीन वर्षो हेतु नई कार्यकारिणी का चुनाव कर गठन किया गया। अध्यक्ष पद हेतु सैय्यद अनवर अली के नाम का प्रस्ताव संरक्षक प्रमोद दुबे के द्वारा एवं विधि सलाहकार शिवेश सिंह के द्वारा रखा गया जिसका समर्थन चम्पालाल साहू, शिवरतन गुप्ता, सोनू कसार, जिला अध्यक्ष जगदलपुर गणेश गुप्ता, जिला अध्यक्ष बिलासपुर श्याम लाल दुबे, जिला अध्यक्ष पेंड्रा भरत सिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष कोरबा मुकेश जायसवाल, जिला अध्यक्ष धमतरी महावीर प्रसाद गुप्ता, जिला अध्यक्ष बेमेतरा रामगोपाल साहू, जिला अध्यक्ष गरियाबंद अरशद चांगल, जिला अध्यक्ष कांकेर राजकुमार खटवानी, जिला अध्यक्ष नारायणपुर, जिला अध्यक्ष करण बंजारे,जिला अध्यक्ष राजनांदगाव रईस अहमद, जिला अध्यक्ष महासमुंद राकेश चंद्राकर, जिला अध्यक्ष बैकुंठपुर शोएब अख्तर,जिला अध्यक्ष दुर्ग अमरजीत सिँह चहल, धन्नू भाई, लोकेश्वर सिँह राजपूत, सुमित ताम्रकार, सिकंदर सिंह शेखो, अनूप यादव, जिला अध्यक्ष बलौदाबाजार जितेन्द्र ठाकुर, मानक ठाकुर, अश्वनी दडसेना, मयंक दुबे, रमेश शर्मा, मोहन कसार, शकुर मोहम्मद ने किया।

# विधायक पुरन्दर मिश्रा ने किया स्वदेशी खादी महोत्सव का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



'स्वदेशी में समर कलेक्शन की भरमार' स्थानी छत्तीसगढ़ हाट, पंडरी, रायपुर में स्वदेशी खादी महोत्सव का भव्य शुभारंभ हो रहा हैं, जिसमें भीषण गर्मी और कड़ाके की धूप को देखते हुए समर कलेक्शन का ज्यादा रेंज रखा गया है। इस प्रदर्शनी में अन्य उपयोगी वस्तुओं के साथ-साथ मेरठ के खादी कुर्ते, सूती साड़ीया, सूती सूट, तोलिया, कुर्ते-पजामे, क्रोकरी, कारपेट, फर्नीचर पीतल की मूर्तियां सहित हजारों वस्तुओं का अपार संग्रह एक ही छत के नीचे छत्तीसगढ़ हाट पंडरी में शहरवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना है। प्रदर्शनी सीमित दिनों तक के लिए है प्रदर्शनी का समय सुबह 11:00 से लेकर के रात्रि के 10:00 बजे तक है संचालक अनुराग मिश्रा ने आह्वान किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आए और प्रदर्शनी में मिल रहे हथकरघा /हस्तशिल्प उत्पादों के साथ-साथ विशेष छूट का लाभ उठाएं। हथकरघा की वस्तुओं पर 10 प्रतिशत तथा हस्तशिल्पी वस्तुओं पर 20 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जा रही है। साथ ही सभी क्रेडिट कार्ड मान्य हैं।




# आरक्षण पर कलकत्ता हाई कोर्ट का निर्णय कांग्रेस और इंडी गठबंधन के गाल पर करारा तमाचा : साव

## इस निर्णय ने कांग्रेस समेत तमाम भाजपा विरोधी दलों का पिछड़ा वर्ग विरोधी डीएनए जगजाहिर कर दिया है



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आरक्षण को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट के ताजा फैसले का स्वागत करते हुए इसे कांग्रेस और इंडी गठबंधन के गाल पर करारा तमाचा बताया है। संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने का मिथ्या आरोप भाजपा पर मढ़कर अनर्गल प्रलाप करने वाली कांग्रेस और उसके इंडी गठबंधन ने पिछड़े वर्ग के हक पर डाका डाला, उसे लूटा, पिछड़े वर्ग के लोगो के साथ षड्यंत्र किया। साव ने कहा कि इस निर्णय ने कांग्रेस समेत तमाम भाजपा विरोधी दलों का पिछड़ा वर्ग विरोधी डीएनए जगजाहिर कर दिया है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री साव ने कलकत्ता हाई कोर्ट के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि पिछड़े वर्ग का आरक्षण छीनकर मुसलमानो को देना असंवैधानिक है और भाजपा पूरी ताकत से ऐसे षड्यंत्रकारियों से लड़कर पिछड़े वर्ग के अधिकारों को सुनिश्चित करेगी। साव ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय का ताजा-ताजा फैसला जो आया है, उसके बाद कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन का राजनीतिक दोगलापन और झूठ बेनकाब हो चला है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल किस प्रकार से पिछड़ा वर्ग के अधिकारों को लूटकर पिछड़ा वर्ग के अधिकारों पर डाका डालकर अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए मुसलमानों को आरक्षण देने का काम कर रहे हैं, यह अब आईने की तरह साफ हो गया है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि जिस प्रकार से अनेक राज्यों में कांग्रेस की सरकारों ने मुस्लिम समाज को धर्म के आधार पर आरक्षण दिया, वह आरक्षण पूरी तरह संविधान के विपरीत है। पिछड़ा वर्ग के हितों पर डाका डालकर आरक्षण देने का प्रयास किया जा रहा है। लगातार पिछड़े वर्ग के साथ अन्याय और शोषण करने का काम कांग्रेस पार्टी और विप दल करते रहे हैं, कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले यह बात स्पष्ट हो गई है। साव ने दो टूक कहा कि किसी को भी पिछड़ा वर्ग के हितों के साथ खिलवाड़ करने नहीं दिया जाएगा।

### कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले ने दूध का दूध और पानी का पानी करके दिखा दिया : टंकराम वर्मा



प्रदेश के राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस कथन का तीखा प्रतिकार करते हुए न्यायालय की खुली अवहेलना करार दिया है, जिसमें ममता बनर्जी यह कहती नजर आ रही हैं कि मैं कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करूंगी, बंगाल में मुसलमानों को ओबीसी आरक्षण देना नहीं छोड़ूंगी। मंत्री वर्मा ने आरक्षण को लेकर दिए हाई कोर्ट के फैसले पर कहा कि कलकत्ता हाई कोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले ने दूध का दूध और पानी का पानी करके दिखा दिया। हम सभी इस फैसला का स्वागत करते हैं। उच्च न्यायालय का जो ये यह फैसला आया है, ये इंडी गठबंधन और कांग्रेस पार्टी के किए कुकृत्य और वोट बैंक की राजनीति के असली चेहरे को उजागर करता है। उन्होने आगे कहा कि जिस प्रकार से इंडी गठबंधन के दलों की सरकारों ने राज्यों में धर्म के आधार पर आरक्षण दिया वो संविधान के विपरीत है और पिछड़ा वर्ग के हितों का गला घोटने जैसा है। इतने वर्षों में कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन ने देश में लगातार पिछड़े वर्ग के साथ अन्याय किया है, उनके अधिकारों को छीना है, उनका शोषण किया है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले से ये स्पष्ट हो गया है की किस प्रकार से कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन के लोग षड्यंत्र रचते हैं, पिछड़ा वर्ग के लोगों के हितों को मारते हैं और धर्म व जाती के आधार पर वोट बैंक की राजनीति करते हैं। वर्मा ने आगे कहा कि पिछड़ा वर्ग, एससी, एसटी के लोगों के साथ जब भी अन्याय होगा, तो हम पूरी ताकत से इसके खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे।

# बचपन से ही बच्चों में कला को करने की जरूरत

## उमंग सोसाइटी में समर कैंप का किया आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



उमंग एजुकेशन सोसाइटी ने बरौदा हाईस्कूल परिसर में समर कैंप का आयोजन कर बच्चों को विविध कला की हुनर की जानकारी दी गयी। इस मौके पर समिति की अध्यक्ष वंदना सिंह ने कहा कि बच्चों में बचपन से ही अपनी कला संस्कृति के प्रति एक सार्थक सोच विकसित करने की जरूरत है। ऐसे ही समर कैंप एक अच्छा मौका हो सकता है। हम नई पीढ़ी को अपने समाज के विभिन्न कला के पहलुओं से अवगत कर सकते हैं। सचिव पिंकी त्रिपाठी ने कहा कि इस समय मोबाइल और डिजिटलाइजेशन के दुष्प्रभाव से दूर रखने के लिए हमें ऐसे कैंपों का आयोजन आयोजन करना चाहिए। जिसमें सब सहभागी हो। हमें स्कूली पाठ्यक्रम में कला प्रशिक्षण की पढ़ाई अलग से समय-समय कर होनी चाहिए। इस अवसर पर संस्था की कोषाध्यक्ष वर्षा शर्मा व सुषमा दुबे ने बच्चों को चित्रकला व मिट्टी कला के गुण सिखाए। जिसमें बच्चों ने उत्साह से हिस्सा लिया। इस समर कैंप में हाई व मिडिल स्कूल बरौदा के प्रभारी प्राचार्य सुचित्रा शर्मा सहित शिक्षकगण व बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403